आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926 | जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक | डाक पंजियन संख्या: जयपुर सिटी/005/2026-2028

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 23 : अंक 224 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com | जयपुर, रविवार, 17 मई, 2026 | www.Lokvarta.net

# भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप देश-मोदी

## संक्षिप्त खबरें



### पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना बंद करे-सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ आतंकवाद फैलाना जारी रखता है, तो उसे खुद तय करना होगा कि वह भविष्य में दुनिया के नक्शे पर बना रहना चाहता है या इतिहास बनना चाहता है। दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित 'सेना संवाद' कार्यक्रम में उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी स्थिति दोबारा बनने के सवाल पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारत विरोधी आतंकियों को शरण देना बंद करना होगा। ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह साफ संदेश दिया कि पाकिस्तान में कोई भी आतंकवादी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। यह अभियान अंत नहीं, बल्कि शुरुआत थी। भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ता रहेगा। जयपुर में 7 मई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में सेना ने बताया, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 100 से ज्यादा जवानों और टेररिस्ट कैंप में 100 से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई है।


### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा को प्री-अरेस्ट बेल

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को रॉबर्ट वाड्रा को शिकोहपुर जमीन सौदा केस में प्री-अरेस्ट बेल (नियमित जमानत) दे दी। कोर्ट ने इस मामले में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए वाड्रा को समन किया था। जमानत देते समय कोर्ट ने कोई अतिरिक्त शर्त नहीं रखी है। सुनवाई के दौरान वाड्रा ने कहा कि ईडी सरकार के इशारे पर काम करती है और निष्पक्ष नहीं है। लेकिन मुझे देश की न्यायपालिका पर पूरा विश्वास है। वहीं, ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने जांच की विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है। उन्होंने अदालत को बताया कि एजेंसी अभी भी कुछ पहलुओं की जांच कर रही है और इसके लिए समय की जरूरत है।

### नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक: राहुल गांधी ने शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने शनिवार को नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक होने के बाद रद्द किए जाने पर सरकार की कड़ी आलोचना की और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर इस मुद्दे पर चुप्पी साधने का भी आरोप लगाया। गांधी ने कहा कि परीक्षा लीक में शामिल लोगों को तुरंत जेल भेजा जाना चाहिए। कांग्रेस सांसद ने माइक्रो-ब्लॉगिंग वेबसाइट ङ्क (पहले ट्विटर) पर एक वीडियो संदेश में कहा कि पूरा देश जानता है कि नीट का पेपर परीक्षा से ठीक दो दिन पहले वाट्सअप पर लीक हो गया था... सच्चाई यह है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भारत की नींव को ही चोट पहुंचाई है।

## पेनल्टी कॉर्नर




## पटेला री पोल

पेट्रोल डीजल हो गया महंगा, सबकी जेब पर भार
हर चीज अब महंगी होगी, है यही है इसका सार
महंगा तो यह और भी होगा, पर मिलेगा फिर भी कम
घूमना फिरना अब कम कर दो, चाहे मन में खा लो

..मुखिया जी

## प्रधानमंत्री मोदी का नीदरलैंड दौरा

**द हेग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीदरलैंड दौरे पर हैं। उन्होंने द हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए दुनिया के मौजूदा हालात पर चिंता जताई। मोदी ने कहा कि आज मानवता के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं। ये दशक आपदाओं का दशक बन गया है। दुनिया पहले कोरोना, फिर युद्ध और अब ऊर्जा संकट से जूझ रही है। अगर हालात नहीं बदले तो बीते कई दशकों के काम पर पानी फिर जाएगा और दुनिया की बहुत बड़ी आबादी गरीबी के दलदल में फंस जाएगी।

**नीदरलैंड में भारतीय मूल का सूरीनामी समुदाय चर्चा में** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीदरलैंड दौरे के दौरान वहां रहने वाला सूरीनामी-हिंदुस्तानी समुदाय खास चर्चा में रहा। यह समुदाय उन भारतीयों के परिवारों से जुड़ा है जिन्हें करीब 153 साल पहले बिहार, उत्तर प्रदेश और बंगाल से काम के लिए सूरीनाम भेजा गया था। बाद में इनमें से कई लोग नीदरलैंड आकर बस गए। आज भी यह समुदाय अपनी भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संभालकर रखे हुए है। हेग शहर में रहने वाले लोग अब भी भोजपुरी और अवधी से जुड़ी 'सरनामी' भाषा बोलते हैं। यहां भारतीय संगीत, भजन और भोजपुरी गीत काफी लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में भी लोगों ने कथक, गरबा और भोजपुरी गीत पेश किए।

**मोदी के सम्मान में डच कलाकारों में 'राग दुर्गा' गाया** नीदरलैंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए डच कलाकारों ने भारतीय शास्त्रीय संगीत पेश किया। कलाकारों ने राग दुर्गा पर आधारित 'साधो रामा अनुपम बानी' की प्रस्तुति दी। स्वागत समारोह के दौरान गायन के साथ तानपुरा, बांसुरी, वायलिन और तबला जैसे वाद्य यंत्र बजाए गए। नीदरलैंड के हेग शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय लोगों को संबोधित किया। उनका भाषण खत्म होते ही वहां मौजूद लोगों ने 'भारत माता की जय' के नारे लगाए।





### मोदी ने भारत-नीदरलैंड की दोस्ती को कमल-ट्यूलिप जैसा बताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और नीदरलैंड के रिश्तों की तुलना कमल और ट्यूलिप फूल से की। उन्होंने कहा कि जैसे नीदरलैंड पूरी दुनिया में ट्यूलिप फूलों के लिए मशहूर है, वैसे ही भारत कमल के लिए जाना जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कमल और ट्यूलिप दोनों हमें एक खास सीख देते हैं। चाहे जड़ें पानी में हों या मिट्टी में, असली ताकत और खूबसूरती अपनी जड़ों से ही मिलती है।

### नीदरलैंड यूरोप में भारत एंट्री का नैचुरल गेटवे बनेगा

पीएम ने कहा कि भारतीय बिजनेस के लिए यूरोप में एंट्री का नैचुरल गेटवे नीदरलैंड बनेगा। इस जर्नी में हमारा प्रवासी समुदाय भरोसेमंद ब्रिज बन सकता है। नीदरलैंड ट्यूलिप की धरती है। यहां के खूबसूरत फूल को देखने के लिए दुनिया से लोग आते हैं। भारत में भी दुनिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन जम्मू कश्मीर में है। जिस तरह नीदरलैंड को ट्यूलिप के लिए जाना जाता है वैसे ही भारत कमल के लिए जाना जाता है।

### भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप देश

मोदी ने नीदरलैंड के हेग शहर में भारतीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का भारत बड़े सपने देख रहा है। उन्होंने कहा कि देश के युवा अब एआई और सेमीकंडक्टर यानी कंप्यूटर चिप बनाने जैसे क्षेत्रों में भारत को आगे ले जाना चाहते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत तेजी से बदल रहा है और तकनीक व डिजिटल क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। उन्होंने बताया कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बन चुका है। देश के नए स्टार्टअप एआई, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में अच्छा काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने हाल ही में बड़ा एआई सम्मेलन आयोजित किया था। इससे पहले जी-20 सम्मेलन की मेजबानी भी सफलतापूर्वक की गई थी।


## बंगाल के आसनसोल में पुलिस चौकी में तोड़फोड़-पथराव

### लाउडस्पीकर की आवाज कम करने के निर्देश के बाद हंगामा



**आसनसोल।** पश्चिम बंगाल के आसनसोल में लाउडस्पीकर की आवाज कम करने के निर्देश के बाद शुक्रवार रात को तनाव फैल गया। रेलपार इलाके में भीड़ ने पुलिस चौकी में तोड़फोड़ और पथराव किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस प्रशासन ने राज्य सरकार के निर्देश पर आसनसोल के कई हिस्सों में लाउडस्पीकर की आवाज कम रखने को कहा था।

इसी सिलसिले में दिन में रेलपार इलाके में पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच बातचीत हुई थी। शाम को बड़ी संख्या में लोग पुलिस चौकी पहुंच गए। भीड़ ने चौकी पर पथराव किया। पुलिस और आम लोगों के वाहनों में तोड़फोड़ की। घटना में कुछ पुलिसकर्मियों को चोट आई है। तनाव के बाद इलाके में पैरामिलिट्री फोर्स तैनात की गई है। पुलिस के डिप्टी कमिश्नर वीजी सतीश पसुमार्थी ने कहा- अब स्थिति कंट्रोल में है। सीसीटीवी फुटेज की पहचान की जा रही है। घटना में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बंगाल चुनाव के रिजल्ट के दो दिन बाद ही 6 मई को नॉर्थ 24 परगना में भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के वक्त रथ स्कॉर्पियो गाड़ी से अपने घर जा रहे थे।



## नीटपेपर लीक केस-9वीं गिरफ्तारी

### पुणे की लेक्चरर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई ने शनिवार को पुणे की बायोलॉजी लेक्चरर मनीषा गुरुनाथ मांढरे को गिरफ्तार किया है। मांढरे को दिल्ली में सीबीआई हेडक्वार्टर में पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। एजेंसी का दावा है कि मांढरे एनटीए की पेपर सेटिंग कमेटी का हिस्सा थी। मांढरे को पता था कि एग्जाम में कौन से सवाल आएंगे। उसने एग्जाम से पहले अपने पुणे स्थित घर पर स्पेशल कोचिंग क्लास चलाई। वहां छात्रों को बॉटनी और जूलॉजी के सवाल बताए, नोटबुक में लिखवाए और किताबों में मार्क करवाए। सीबीआई के मुताबिक, मांढरे के कोचिंग क्लास में बताए गए अधिकांश सवाल 3 मई को नीट परीक्षा के पेपर से पूरी तरह मेल खाते थे। जांच में यह भी सामने आया है कि मांढरे ने पुणे से गिरफ्तार ब्यूटीशियन मनीषा वाघमारे के जरिए नीट अभ्यर्थियों को अपने कोचिंग में जुटाया था।

## देशभर में गर्मी का कहर

### एमपी-यूपी, राजस्थान में हीटवेव का अलर्ट



### देश में लू की चेतावनी देने का तरीका बदलेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग देश में हीटवेव अलर्ट जारी करने के नियम बदलने की तैयारी में है। विभाग का कहना है कि मौजूदा नियम देश के अलग-अलग इलाकों, खासकर केरलम के मौसम के मुताबिक असरदार नहीं हैं। इस साल केरलम में तेज गर्मी और उमस है। पहली बार कर्नाटक-महाराष्ट्र तट के पास बने एंटी-साइक्लोन सिस्टम के आधार पर मौसम का अनुमान लगाना पड़ा। आईएमडी के मुताबिक केरलम में हीट स्ट्रोक के कई केस सामने आए, लेकिन मौजूदा नियमों के कारण हीटवेव की चेतावनी जारी करना मुश्किल था। अब आईएमडी नए नियम बनाएगा, ताकि राज्यों को समय पर हीटवेव की चेतावनी दी जा सके।

### सुपर अल नीनो से प्रभावित होगा भारत का मानसून

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून तय समय से 4 दिन पहले 26 मई को केरलम पहुंच सकता है। हालांकि अमेरिकी मौसम एजेंसी 'नेशनल ओशेनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन' (नोआ) के अनुसार इस साल सुपर अल नीनो का आना लगभग तय हो गया है। इससे, कमजोर मानसून, सूखे और हीटवेव की आशंका ज्यादा हो गई है। अल नीनो जलवायु की ऐसी कंडीशन है, जो प्रशांत महासागर में पानी गर्म होने पर होती है। इससे मानसूनी हवाएं दिशा बदल देती हैं। इसके असर से भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में बारिश कम होगी और भीषण गर्मी पड़ेगी। भारत में सामान्य रूप से मानसून की एंट्री 1 जून को केरलम से होती है। इस बार यह अन्य प्रदेशों में भी जल्द पहुंचेगा। राजस्थान में इसके 20 जून, मध्य प्रदेश में 12 जून, उत्तर प्रदेश में 18 जून और बिहार में 8-10 जून के बीच पहुंचने की संभावना है।

इसके लिए डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी से भी सलाह ली जाएगी। वहीं, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और विदर्भ में हीटवेव का अलर्ट है। झारखंड में बारिश का ऑरेंज अलर्ट। बिहार के 19 जिलों में, हरियाणा के 8 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट। राजस्थान और पंजाब में अगले एक सप्ताह तक हीटवेव का अलर्ट। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश के साथ ओले गिर सकते है।

## ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम

# लखपति दीदी योजना से महिलाओं को मिली आर्थिक आत्मनिर्भरता-भजनलाल शर्मा

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला सशक्तीकरण को दी प्राथमिकता**



- 26 जिलों में किसानों को दिन में मिल रही बिजली
- किसानों को सम्मान निधि, पशुपालकों को दिया ब्याजमुक्त ऋण
- हमारी सरकार ने डेयरी एवं सहकारिता क्षेत्र को बनाया मजबूत
- युवाओं को सरकारी और निजी क्षेत्र में मिल रहीं नौकरियां




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसान, मजदूर, महिला और युवाओं के सशक्तीकरण के लिए कार्य कर रहे हैं। इनके सशक्त बनने से देश और प्रदेश विकसित बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने माता-बहनों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं भी चलाई हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को बगरू के ठिकरिया गांव में ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान से लिंगानुपात में सुधार के साथ ही सामाजिक परिवर्तन आया। घर-घर शौचालय निर्माण से महिलाओं को सम्मान व सुरक्षा मिली। उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस सिलेंडर तथा हर घर नल से जल पहुंचाने का कार्य किया। जन-धन योजना के माध्यम से बैंक खाते खुलवाकर योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाया गया।

**मुख्यमंत्री ईवी बस से पहुंचे ठिकरिया गांव, ईंधन बचत का दिया संदेश** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बगरू के ठिकरिया गांव में ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री निवास से इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) बस से पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ विभिन्न विभागों एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी यात्रा की। उन्होंने कहा कि 27 अप्रेल को प्रदेशभर में ग्राम विकास रथों को भेजा गया था। इनके माध्यम से डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026 के आयोजन की जानकारी दी गई। वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ईंधन बचत के आह्वान पर ग्राम-2026 के आयोजन को फिलहाल के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि अनावश्यक ईंधन खर्च से बचना चाहिए और साझा वाहन उपयोग की आदत विकसित करनी चाहिए, क्योंकि ईंधन की बचत आर्थिक बचत से भी जुड़ी हुई है।

## आजमगढ़ : पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसा

### 5 लोगों की दर्दनाक मौत

**आजमगढ़।** यूपी के आजमगढ़ में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर थाना कंधरापुर क्षेत्र के माइलस्टोन 238 के पास हुए इस भीषण हादसे में मैके पर ही 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे के बाद आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। हादसे सूचना मिलते ही थाना कंधरापुर पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस टीम ने घायलों और मृतकों को तुरंत अस्पताल भिजवाया और एक्सप्रेस-वे पर यातायात व्यवस्था को सुचारु कराया। मौके पर एसपी ट्रैफिक पंकज कुमार श्रीवास्तव भी पहुंचे और स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस के अनुसार, डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि एक चलती कंटेनर ट्रक में तेज रफ्तार कार पीछे से घुस गई। एसपी ट्रैफिक पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एक चलते हुए कंटेनर ट्रक में एक कार पीछे से घुस गई है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम, आजमगढ़ सीओ सीटी, फायर ब्रिगेड की टीम, एंबुलेंस और मैं तुरंत मौके पर पहुंचा। सभी मृतकों के शवों को एंबुलेंस के माध्यम से मोर्चरी भिजवाया गया। इस हादसे के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, मृतकों के परिजनों से संपर्क स्थापित कर उन्हें सूचित किया जा रहा है।

CMYK

## ईरान-अमेरिका के बीच हॉर्मुज की खाड़ी में तनाव का असर, 3 दिन में 6900 से 7150 पार पहुंचा सरसों



- सरसों के भाव 250 रुपए क्विंटल चढ़े, खल भी 300 रुपए महंगी, पशुपालक परेशान हुए

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बयान के बाद सरसों बाजार में एक बार फिर तेजी लौट आई है। खैरथल अनाज मंडी में पिछले तीन दिनों के दौरान सरसों के भाव में 250 से 300 रुपए प्रति क्विंटल तक का उछाल दर्ज किया गया है। हालांकि सरसों तेल के भाव अब भी स्थिर बने हुए हैं। मंगलवार तक खैरथल मंडी में सरसों 6900 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास बिक रही थी, लेकिन गुरुवार को भाव बढ़कर 7180 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच गए। शाम तक भाव 7130 रुपए रह गए। वहीं शुक्रवार को सरसों 7150 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खुली और दिनभर स्थिर बनी रही। गुरुवार को 15 हजार कट्टे, शुक्रवार को 10 हजार कट्टों की आवक खैरथल मंडी में गुरुवार को सरसों की 15,250 कट्टों की आवक दर्ज की गई, जबकि शुक्रवार को आवक घटकर 10,200 कट्टों पर पहुंच गई। व्यापारियों का मानना है कि भाव बढ़ने के साथ किसान भी बाजार की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

व्यापारी अशोक डाटा और सीताराम खंडेलवाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हालात और राजनीतिक बयानों का सीधा असर सरसों बाजार पर दिखाई दे रहा है। उनका कहना है कि आगे भी बाजार में इसी तरह उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। सरसों खल के भाव में भी अच्छी तेजी देखने को मिली है। तीन दिन पहले तक सरसों खल 2900 रुपए प्रति क्विंटल बिक रही थी।

# पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जमवारामगढ़ में स्वास्थ्य व योग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जमवारामगढ़ में शनिवार दिनांक 16 मई को विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संवर्धन एवं योग जागरूकता को लेकर प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया। प्रथम कार्यक्रम फैटी लीवर जागरूकता विषय पर आयोजित हुआ। इस अवसर पर वाय स्माइल प्रोजेक्ट एवं (आईएलबीएस) दिल्ली सरकार की ओर से पधारीं डॉ. निशा त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को फैटी लीवर रोग के बढ़ते खतरे, इसके कारणों, लक्षणों तथा बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनियमित खान-पान, जंक फूड का अधिक सेवन एवं शारीरिक गतिविधियों की कमी इस बीमारी के प्रमुख कारण हैं।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में विद्यार्थियों से एक प्रश्नावली भरवाई गई, जिसके आधार पर द्वितीय चरण में विद्यार्थियों की फैटी लीवर संबंधी फाइब्रोकेयर टेस्ट जांच की जाएगी। संस्था की ओर से विद्यालय को वजन मापने की मशीन एवं लंबाई मापने की मशीन भी भेंट की गई। द्वितीय कार्यक्रम में वैद्य देवनारायण गुर्जर ने योग एवं आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया।

विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरधारी लाल मीणा ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होते हैं।कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य रोशना मीना सहित विद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## एक नजर

# आबकारी पुलिस ने 2500 लीटर उत्तेजित वाश नष्ट की



**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** पी ओ महिपाल सिंह राजावत ने जानकारी देते हुए बताया की आबकारी आयुक्त द्वारा चलाए गए विशेष निरोधात्मक अभियान की पालना में प्रवीण कुमार अतिरिक्त आयुक्त जयपुर व राजेन्द्र गर्ग डीईओ जयपुर ग्रामीण के निर्देशन में और जोगेन्द्र सिंह राजावत [illegible] के नेतृत्व में दबिश देकर कार्यवाही करते हुए दिनाक 15-5-26 को आबकारी टीम जयपुर ग्रामीण की आबकारी थाना चाकसू के क्षेत्रा धिकार के गांव सांभरिया मुंडली अचलपुरा सीतापुरा बागड़िया में हथकड़ शराब के विरुद्ध दबिश देकर कार्यवाही करते हुए में एक स्क्र अभियोग दर्ज कर करीब 60 लीटर हथकढ़ शराब जप्त कर करीब 2500लीटर वॉश 4 भट्टिया और शराब बनाने के उपकरण नष्ट किए गए कार्यवाही में रेवत सिंह राठौड़ शाहपुरा मय जाप्ता और श्री महिपाल सिंह राजावत चाकसू मय जाप्ता मौजूद रहे ।

# ग्राम रथ अभियान किसानों, पशुपालकों को योजनाओं का लाभ मिलने से जीवन हुआ सुगम



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ग्राम रथ अभियान के तहत शनिवार को ग्राम रथ अभियान के तहत कला जत्था द्वारा लोगों को योजनाओं के बारे में बताया गया। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जिले में आयोजित हो रहे ग्राम रथ अभियान ग्रामीणों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। इस अभियान में जहां एक ओर ग्रामीणों सहित आमजन को केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो रही है, वहीं दूसरी ओर उन्हें इन योजनाओं का मौके पर ही लाभ मिल रहा है। लाभ मिलने पर लाभार्थियों द्वारा मुख्यमंत्री और राजस्थान सरकार का आभार जताया जा रहा है। पीपलू क्षेत्र ग्राम कुरेड़ा किसान कालू बैरवा ने बताया कि आवारा पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान होने के कारण खेती में बहुत नुकसान होना था। कालू बैरवा की मुलाकात कृषि पर्यवेक्षक से हुई उन्होंने तारबंदी योजना के बारे में जानकारी दी। फिर ई-मित्र के माध्यम से तारबंदी योजना का आवेदन किया और प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद तारबंदी करवाई। जिसके लिए विभाग द्वारा किसान कालू बैरवा को 40 हजार रुपए का अनुदान का लाभ प्राप्त हुआ। अब खेत में होने वाले वाले नुकसान की समस्या से छुटकारा मिल गया तथा अच्छा उत्पादन भी मिला है।

## ग्राम रथ अभियान के अन्तर्गत खेती की बदली तस्वीर लाभार्थी कृषक चन्द्रकान्त को रोटावेटर संयंत्र का मिला लाभ

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले की धौलपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कृपा का पुरा में एक ऐसा बदलाव देखने को मिला, जिसने यह साबित कर दिया कि जब सरकार की योजनाएं सही व्यक्ति तक सही समय पर पहुंचती हैं, तो वे जीवन बदलने की ताकत रखती हैं। माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार चल रहे 'ग्राम रथ अभियान' के तहत जब यह रथ कृपा का पुरा गांव पहुंचा, तो ग्रामीणों के लिए यह एक नई उम्मीद लेकर आया। गांव के चौपाल पर लगे शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में दी और पात्र लोगों को तुरंत लाभ भी प्रदान किया। इसी दौरान गांव के कृषक चन्द्रकान्त पुत्र जगदीश अपने 5 बीघा खेत में गेहूँ, सरसों, आलू व अन्य उद्यानिकी फसले वर्षों से पारंपरिक तरीके से कर रहे थे। कड़ी मेहनत के बावजूद भी अच्छा उत्पादन नहीं मिल पाता था। उन्हें रोटावेटर संयंत्र का लाभ मिला। पहले वे वानस्पतिक अवशेषों को मिट्टी में मिलाने के लिए कल्टीवेटर, डिस्क हैरो द्वारा खेत तैयार करने में लागत अधिक आती थी जिससे मेहनत का पूरा फल नहीं मिल पाता।

## स्कार्पियो व बाइक में आमने-सामने भिड़ंत, हादसे में बाइक सवार दो की मौत



**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** दोसा मनोहरपुर हाइवे पर शनिवार शाम को करीब पांच बजे स्कार्पियो व बाइक भिड़ंत में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई व एक अन्य युवक गंभीर घायल हो गया। सूचना पर आंधी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक चिलपली मोड की तरफ़ से दोसा की ओर जा रहे थे तथा स्कार्पियो दोसा से मनोहरपुर की ओर जा रहे थे। सानकोटडा मोड के पास स्कार्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक चकनाचूर हो गई तथा स्कार्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बाइक सवार दो युवकों कांति पुत्र ओमप्रकाश बलाई उम्र 28 साल निवासी हरनेर तहसील थानागाजी व प्रदीप पुत्र दूलीचंद बलाई उम्र 25 साल निवासी भूरियावास थाना प्रतापगढ़ जिला अलवर की मौके पर ही मौत हो गई। तथा प्रकाश पुत्र मोहनलाल बलाई उम्र 24 साल निवासी भूरियावास थाना प्रतापगढ़ जिला अलवर गंभीर घायल हो गया। जिसको पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंधी में भर्ती कराया जहां से डाक्टरों ने युवक को जयपुर के लिए रैफर कर दिया। आंधी थाना एएसआई सुरेंद्र सिंह ने बताया की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंधी में पुलिस ने दोनों मृतक युवकों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

## दहशत का पर्याय बने आवारा सांड को ट्रेंकुलाइज कर किया काबू, लोगों ने ली राहत की सांस

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय के बजरिया क्षेत्र में पिछले कई दिनों से आतंक का कारण बने एक आवारा सांड को आखिरकार पशुपालन विभाग की टीम ने ट्रेंकुलाइज कर काबू में कर लिया। मेडिकल जांच के बाद सांड को सुरक्षित रूप से राधा कृष्ण गौशाला भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार पिछले दो-तीन दिनों से टोंक बस स्टैंड, मुख्य बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में यह सांड लगातार उत्पात मचा रहा था। सांड राह चलते लोगों पर हमला कर उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर घायल कर रहा था। इस दौरान कई लोग चोटिल भी हुए, जिससे क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल बना हुआ था।

## मकान सूचीकरण व मकान गणना कार्य में रखें आपसी समन्वय, बेहतर हों फील्ड गतिविधियां : सुराणा



- प्रमुख जनगणना अधिकारी व जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने स्वगणना चरण में अपने आवंटित एचएलबी में शत
- प्रतिशत स्वगणना कराने वाले 90 प्रगणकों को सम्मानित कर किया प्रोत्साहित
- आपसी संवाद, जिम्मेदारी और टीम भावना के साथ आमजन से घर- घर संपर्क कर पूर्ण करें मकान सूचीकरण व मकान गणना कार्य

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शनिवार को जिला परिषद सभागार में जनगणना- 2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य' के अंतर्गत अपने आवंटित एचएलबी में शत - प्रतिशत स्वगणना कराने वाले 90 प्रगणकों व 01 पर्यवेक्षक को प्रशस्ति— पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि जनगणना-2027 के अंतर्गत 'मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य' को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के बीच बेहतर समन्वय और प्रभावी फील्ड गतिविधियां अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक आपसी संवाद, जिम्मेदारी और टीम भावना के साथ कार्य करें, ताकि जनगणना का प्रत्येक चरण निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण हो सके।

सुराणा ने कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके आधार पर सरकार भविष्य की विकास योजनाओं, संसाधनों के उचित वितरण तथा जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करती है।

## प्रसूता मृत्यु मामलों में बड़ी कार्रवाई जिला प्रशासन ने दो निजी अस्पताल किए सीज

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर चिकित्सा विभाग एवं प्रशासन की संयुक्त टीम ने प्रसूताओं की मृत्यु एवं गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही के मामलों में शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो निजी अस्पतालों को सीज कर दिया। जिला कलक्टर ने बताया कि शनिवार को श्री ओम हॉस्पिटल में प्रसूता अंगूरी पत्नी ओमप्रकाश, उम्र 36 वर्ष, निवासी बिजौली बाड़ी की मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा के नेतृत्व में गठित मेडिकल टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में तीन प्रसूताएं भर्ती पाई गईं, जिनका गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. सिद्धार्थ गोयल द्वारा परीक्षण कराया गया तथा बेहतर उपचार हेतु एंबुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय धौलपुर में भर्ती करवाया गया।

# राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक



**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में राजस्व प्रकरणों के निस्तारण की प्रगति, लंबित प्रकरणों, संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों, गिरदावरी, भूमि आवंटन, राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों, सीआरपीसी प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर समाप्त किया जाए। जिला कलक्टर ने 1 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक दायर, निस्तारित एवं शेष प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि दर्ज प्रकरणों की तुलना में निस्तारण की गति बढ़ाई जाए तथा प्रकरणों का नियमानुसार समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने तहसीलदारों को राजस्व प्रकरणों को गंभीरता से लेने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित तिथियों के अनुसार प्रकरणों का अध्ययन कर तथ्यात्मक जवाब प्रस्तुत किया जाए। जिन ब्लॉकों में राजस्व वादों की संख्या अधिक है, वहां विशेष गंभीरता के साथ नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने डिस्पोजल बढ़ाने, लंबित मामलों को कम करने तथा सभी प्रविष्टियों को समय पर अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी उपखंड अधिकारी नियमित रूप से प्रकरणों की समीक्षा करें तथा ब्लॉक स्तर पर लंबित मामलों के निस्तारण की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

## वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रतिभाओं का किया सम्मान




**मुकुंदगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के श्रीमती मंजरी देवी नथमल गाड़ोदिया माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर व सेठ सीताराम टीबड़ेवाला प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर का वर्षिकोत्सव संयुक्त रूप से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदर्श शिक्षण संस्थान झुंझुनू के जिला सचिव राजेश शर्मा थे। अध्यक्षता डॉ. सुशील शर्मा ने की।विद्यालय समिति उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद मीणा, व्यवस्थापक नितेश जोशी, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र पोरवाल,मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी झुंझुनूं अशोक शर्मा,पूर्व नायब तहसीलदार भवर सिंह मीणा, बौधिक प्रमुख बजरंग शेखावत,किड्स पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर चन्द्रप्रकाश पाराशर व किशनलाल कुमावत बतौर विशिष्ट अतिथि मंचस्थ रहे।

# विकसित भारत के संकल्प में राजस्थान बने प्रगति का इंजन : शेखावत



**डूंगरपुर (हुक्मनामा समाचार)।** गजेंद्र सिंह शेखावत ने डूंगरपुर जिले के भीलूड़ा ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम रथ अभियान की संध्या एवं रात्रि चौपाल में कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में राजस्थान को 'प्रगति का इंजन' बनना होगा। उन्होंने ग्राम रथ अभियान को सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने वाला सराहनीय प्रयास बताया।

मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार गरीब, किसान, महिला और युवाओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही हैं।

उन्होंने खाद्य सुरक्षा योजना के तहत चलाए गए 'गिव अप अभियान' की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे पात्र लोगों को लाभ मिलेगा। शेखावत ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति दोहराते हुए हर घर तक जल पहुंचाने के संकल्प की बात कही। उन्होंने महिलाओं को नेतृत्व में आगे बढ़ाने और किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से भूमि की उर्वरता बनी रहती है और लागत भी कम होती है। कार्यक्रम में जनसुनवाई भी आयोजित हुई, जिसमें मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

SRG HOUSING FINANCE LIMITED
**एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
CIN: L65922RJ1999PLC015440
321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान)
दूरभाष : 0294-2412609, ईमेल: info@srghousing.com, वेबसाइट: www.srghousing.com

**परिशिष्ट - 4 {नियम 8 (1)} सांकेतिक की सूचना (स्थावर संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरी, जो एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अंतर्गत निम्न ऋणी/सहऋणी/जमानतियों/बन्धककर्ता को एक मांगपत्र जिसमें उल्लेखित रकम, जो उक्त सूचना पत्र की प्राप्ति की तारीख से 60 दिवस के भीतर प्रतिदाय करने के लिए ''मांग पत्र'' जारी किया था। ऋणी/सहऋणी/जमानतियों/बन्धककर्ता द्वारा रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर ऋणी, सहऋणी, बन्धककर्ता, उनके जमानतदारों एवं जनसाधारण को यहाँ सूचना दी जाती है की अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002, के नियम 8 के अंतर्गत निम्न संपत्तियों का सांकेतिक कब्ज़ा उल्लेखित दिनांक को ले लिया है। ऋणी सहऋणी, बन्धककर्ता व जमानतदारो को विशिष्ट रूप से एवं जनसाधारण को सामान्य रूप से इसके द्वारा सावधान किया जाता है की वह नीचे वर्णित संपत्तियों के सम्बन्ध में कोई व्यवहार नही करे। इन संपत्तियों के सबंध में किया गया कोई भी व्यवहार नीचे सांकेतिक कब्ज़ा पत्र में वर्णित रकम, और सांकेतिक कब्ज़ा पत्र की दिनांक से आगे के ब्याज, खर्चों, अन्य खर्चों आदि के लिए एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड 321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान) के प्रभार के अधीन होगा। अधोहस्ताक्षरी उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के अंतर्गत सुरक्षित (सिक्योर्ड) प्रतिभूति के उन्मोचन के लिए उपलब्ध समय के प्रावधानों की ओर ऋणी, सहऋणी, बन्धककर्ता व उनके जमानतदारो का ध्यान आकृष्ट करता है।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या/ ऋणी/ सहऋणी/ जमानती | 1) मांग पत्र की दिनांक 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार | स्थावर संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | HLR00000000023379 श्री सुखराज पुत्र श्री मेवा राम रेगर (ऋणी) श्रीमती सम्पति पत्नी श्री सुखराज (सह-ऋणी-1) श्री सुनील कुमाररेगर पुत्र श्री सुखराज रेगर (सह-ऋणी-1) श्री पप्पू लाल रेगर पुत्र श्री नंदा राम रेगर (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- जनवरी 10, 2026 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- मई 13, 2026 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 09,34,610/- रुपये नौ लाख चौंतीस हज़ार छः सौ दस मात्र दिनांक जनवरी 09, 2026 तक एवं जनवरी 10, 2026 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री सुखराज पुत्र श्री मेवा राम रेगर की सम्पति पट्टा सं.-18, ग्राम-बीजवार, ग्राम पंचायत-बीजवार, तहसील-देओली, जिला-टोंक (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 731.00 वर्ग फीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व- आम रास्ता, पश्चिम- रामकरण मीणा का बाड़ा, उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण-रामकिशन/नोला रेगर का मकान |
| 2. | HLR00000000018015 श्री महेंद्र कुमार सैनी पुत्र श्री बालुराम सैनी (ऋणी) श्री बालुराम सैनी पुत्र श्री मोतीलाल सैनी (सह- ऋणी -1) श्रीमती आंची देवी पत्नी श्री बालुराम सैनी (सह- ऋणी -2) श्री सीताराम सैनी पुत्र श्री बालुराम सैनी (सह- ऋणी -3) श्री कैलाश चन्द सैनी पुत्र श्री बालुराम सैनी (सह- ऋणी -4) श्री राजेश जी पुत्र श्री बन्ना राम सैनी (जमानती-1) श्री देपेंद्र सैनी पुत्र श्री रोड़ा राम (जमानती-2) | 1) मांग पत्र की दिनांक- जनवरी 09, 2026 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- मई 15, 2026 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 24,13,420/- रुपये चोइस लाख तेरह हज़ार चार सौ बीस मात्र दिनांक जनवरी 08, 2026 तक एवं जनवरी 09, 2026 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री बालुराम सैनी पुत्र श्री मोतीलाल सैनी की सम्पति पट्टा स.प्लाट का-13, संकल्प सं.-02, ग्राम पंचायत-मुन्दरु, तहसील-श्रीमाधोपुर, जिला-सीकर (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 254.83 वर्ग गज है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व- आम रास्ता, पश्चिम- अशोक की सवयं आवासीय भूमि, उत्तर- ओजी गोमाराम, सूरजराम सैनी का प्लाट, दक्षिण- छोटा किरायेदार की सवयं आवासीय भूमि |

स्थान-राजस्थान
प्रकाशन की दिनांक- 17/05/2026
**अधिकृत अधिकारी**
एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

## इलेक्ट्रिक बस में सफर कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिया ग्रीन मोबिलिटी का संदेश

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास से बगरू के ठिकरिया पहुंचने के लिए इलेक्ट्रिक बस का उपयोग कर प्रदेशवासियों को ग्रीन मोबिलिटी, ऊर्जा संरक्षण और सार्वजनिक परिवहन अपनाने का प्रेरक संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते समय में इलेक्ट्रिक वाहनों और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत और प्रदूषण नियंत्रण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रदेशवासियों से स्वच्छ एवं हरित परिवहन व्यवस्था को अपनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री की यह पहल विकसित राजस्थान के लक्ष्य के अनुरूप स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय, पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे।





## युवक का किडनैप कर मांगी एक करोड़ की फिरौती

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में युवक का किडनैप कर भागे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों ने युवक से एक करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। पुलिस की गाड़ी पीछे आने पर गाड़ी सहित युवक को सड़क पर छोड़कर भाग गए थे। अब सांगानेर पुलिस ने दो को पकड़ लिया है। वहीं फरार बदमाशों की तलाश जारी है। डीसीपी (ईस्ट) रंजीता शर्मा ने बताया कि किडनैपिंग मामले में आरोपी प्रियकांत मीणा उर्फ गोलू (21) निवासी सदर दौसा और जसमीत सिंह बग्गा (25) निवासी कोतवाली सवाई माधोपुर को अरेस्ट किया गया है।

## 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' पर जिले में एंटीलार्वा, सर्वे, सैम्पलिंग सहित विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में शनिवार, 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर एंटीलार्वा, सर्वे, सैम्पलिंग सहित विभिन्न जागरुकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय डेंगू दिवस 'डेंगू नियंत्रण के लिए जन भागीदारी: जाँच करें, सफाई करें और ढकें' थीम पर आयोजित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि डेंगू के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए प्रतिवर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस वर्ष डेंगू दिवस 'डेंगू नियंत्रण के लिए जन भागीदारी: जाँच करें, सफाई करें और ढकें' थीम पर मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा एंटीलार्वा, सर्वे, सैम्पलिंग, एंटी अडल्ट और अन्य जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। लार्वा प्रदर्शन कर आमजन को मच्छरों की व्युत्पत्ति संबंधित जानकारी देने के साथ ही आमजन को डेंगू व अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव व रोकथाम हेतु जागरूक किया गया। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल बताया कि डेंगू से बचाव हेतु एहतियात बरतनी ज़रूरी हैं। बीमारियों पर अंकुश लगाने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी मच्छरों को पनपने से रोकना है। डेंगू का मच्छर साफ पानी मे पनपता है इसलिए पानी के बर्तन को खुला न रखें। साथ ही किचन एवं बाथरूम को सूखा रखें और सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। बुखार होने पर बिना देरी किए चिकित्सक से मिले और उपचार लेवें।



## स्वर्गीय गिर्राज शर्मा की पुण्य स्मृति में 25वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** स्व. गिर्राज शर्मा की पुण्य स्मृति में 25वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर रविवार, 17 मई को मालवीय नगर स्थित अणुविभा केंद्र में आयोजित किया जाएगा। गोनेर के शर्मा परिवार की ओर से आयोजित इस सामाजिक सरोकार से जुड़े आयोजन को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह है तथा बड़ी संख्या में स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने अपना पंजीकरण कराया है। शिविर संयोजक मुकेश शर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में विभिन्न सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं एवं आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर जनसंपर्क किया गया है। उन्होंने बताया कि शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञों एवं प्रशिक्षित मेडिकल टीम की देखरेख में रक्त संग्रहण किया जाएगा, जिससे रक्तदाताओं को सुरक्षित एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और कई जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गर्मी के मौसम में अस्पतालों में रक्त की आवश्यकता बढ़ जाती है, ऐसे में इस प्रकार के शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होते हैं। मुकेश शर्मा ने बताया कि पिछले 24 वर्षों से निरंतर आयोजित किए जा रहे इस रक्तदान शिविर को समाज का भरपूर सहयोग मिलता रहा है। हर वर्ष बड़ी संख्या में युवा एवं सामाजिक कार्यकर्ता इसमें भाग लेकर मानव सेवा का संदेश देते हैं।

## राजस्थान सरकार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बीमा क्लेम समय पर भुगतान के लिए गंभीर

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत देरी से क्लेम भुगतान पर फसल बीमा इंश्योरेंस कंपनियों को सख्त नोटिस जारी किए गए हैं। माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार किसानों के हित में निरंतर निगरानी रख रही है और यह सुनिश्चित कर रही है कि प्रत्येक पात्र किसान को उसका उचित फसल बीमा क्लेम समय पर प्राप्त हो। किसानों के फसल बीमा क्लेम के भुगतान में हो रही अनावश्यक देरी को लेकर राजस्थान सरकार ने बेहद गंभीर रुख अपनाया है। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने बताया कि एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (؍ढ्ढष्टढ्ढरु), क्षेमा जनरल इंश्योरेंस कंपनी तथा इंडसइंड (रिलायन्स) जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड को सख्त नोटिस जारी करते हुए लंबित क्लेमों का तत्काल भुगतान करने तथा 12 प्रतिशत पेनल्टी सहित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। – वर्ष 2018 से 2022 तक के 33.15 करोड़ रुपये के फसल बीमा क्लेम अभी तक लंबित हैं, जबकि किसान आवश्यक दस्तावेज जमा कर चुके हैं। राज्य सरकार के बार-बार निर्देशों और भारत सरकार द्वारा 16 फरवरी 2024 को जारी दिशा-निर्देशों के बावजूद कंपनी द्वारा कोई सार्थक कार्रवाई नहीं की जा रही है। परिचालन मार्गदर्शिका 2023 के अनुसार निर्धारित 21 दिनों में क्लेम का भुगतान न करने पर बीमा कंपनी पर 12 प्रतिशत वार्षिक पेनल्टी लगाने का स्पष्ट प्रावधान है। उन्होंने कहा कि 'किसानों के हितों की रक्षा करना राजस्थान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## राजस्थान में आज से प्रारंभ होंगे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रशिक्षण वर्ग

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र में 17 मई से प्रदेश के 12 स्थानों पर 14 प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ होंगे। इनमें 10 संघ शिक्षा वर्ग, तीन घोष वर्ग और एक कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम शामिल है। इन वर्गों में विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थी, तरुण तथा विभिन्न व्यवसायों से जुड़े स्वयंसेवक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल ने बताया कि संघ शिक्षा वर्गों में स्वयंसेवकों को साधना, स्व-अनुशासन, त्यागपूर्ण जीवन तथा सामूहिक जीवन के सामंजस्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्गों में शारीरिक, सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण की व्यवस्था रहेगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण अवधि में प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा जल संरक्षण को व्यवहार का हिस्सा बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष राजस्थान क्षेत्र का कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम (सामान्य) जयपुर के राजापार्क में आयोजित होगा। 17 मई से प्रारंभ होकर यह वर्ग 7 जून तक चलेगा। वर्ग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, सह सरकार्यवाह आलोक कुमार सहित अखिल भारतीय एवं क्षेत्रीय स्तर के अधिकारी स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करेंगे। वहीं बीकानेर में आयोजित वर्ग में अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र ठाकुर का प्रवास रहेगा। ये संघ शिक्षा वर्ग चित्तौड़ प्रांत के चित्तौड़गढ़, फतेहनगर और कोटा में, जयपुर प्रांत के अलवर, बांदीकुई और जामडोली (जयपुर) में तथा जोधपुर प्रांत के बाड़मेर, भीनमाल और बीकानेर में आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त भीलवाड़ा, बांदीकुई और जोधपुर में घोष वर्ग लगाए जाएंगे। घोष वर्गों में स्वयंसेवकों को संघ के पारंपरिक वाद्य यंत्रों जैसे शंख, आनक, वंशी और विभिन्न ताल वाद्यों का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके साथ ही घोष की ताल, संचलन के दौरान सामूहिक समन्वय, अनुशासन तथा भारतीय सांस्कृतिक धुनों का अभ्यास कराया जाता है। घोष संघ की शाखाओं और उत्सवों में सामूहिकता एवं सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का माध्यम है।



## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर प्रदेशभर में जागरूकता गतिविधियां आयोजित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को प्रदेशभर में डेंगू से बचाव एवं रोकथाम को लेकर व्यापक जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम 'जनभागीदारी से डेंगू पर प्रहार' रखी गई है, जिसके तहत आमजन को डेंगू के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि प्रदेश में डेंगू नियंत्रण के लिए लगातार निगरानी एवं जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। विभाग ने आमजन से अपील की है कि डेंगू की रोकथाम केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें जनसहभागिता एवं सामूहिक जिम्मेदारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। सतर्कता, स्वच्छता एवं जागरूकता से ही डेंगू मुक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि विभाग की ओर से जिलों में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता रैलियां, स्वच्छता अभियान, लार्वा सर्वे, स्रोत नष्ट करने की गतिविधियां तथा आमजन को डेंगू से बचाव संबंधी जानकारी दी गई। स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, चिकित्सा संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को डेंगू के लक्षण, बचाव एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गई। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि डेंगू की रोकथाम के लिए घरों एवं आसपास पानी जमा नहीं होने देना अत्यंत आवश्यक है।

### उपायुक्त ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया


# जयपुर में व्यापारी आमरण अनशन पर बैठा,निगम के डिप्टी कमिश्नर पर पैसे मांगने का आरोप

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में सांगानेर तहसील के सामने एक व्यापारी आमरण अनशन पर बैठ गया। व्यापारी मनोज कुमार टेलानी ने सांगानेर जोन के नगर निगम के उपायुक्त डॉ. रवि गोयल पर गलत नोटिस जारी कर उसकी बिल्डिंग सीज करने का आरोप लगाया है। व्यापारी ने परेशान करने और कथित रूप से पैसों की मांग करने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं। वहीं निगम उपायुक्त ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि सीज की कार्रवाई के बाद व्यापारी ने उनके साथ अभद्रता की, जिसका ऑडियो भी उनके पास मौजूद है। अनशन पर बैठे व्यापारी का कहना है कि बिना उचित जांच और नियमों की पालना किए कार्रवाई की गई, जिससे उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। मामले को लेकर प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की गई। व्यापारी मनोज कुमार की आइसक्रीम और पान की दुकान है। पीड़ित मनोज कुमार टेलानी ने बताया कि मेरा मकान बगरेटो का चौक, कस्बा सांगानेर में स्थित है। मैंने 16 फरवरी 2026 को अपनी जर्जर हवेली को तोड़ने की अनुमति के लिए आवेदन किया था। मनोज कुमार ने बताया कि 17 मार्च को ग्रीन फाइल स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी और बाद में 1 अप्रैल को उन्हें निर्माण संबंधी नोटिस जारी कर दिया गया। गलत नोटिस देने का आरोप टेलानी का आरोप है कि उनकी संपत्ति की रजिस्ट्री 9ङ्क45 की है, जबकि नगर निगम ने उन्हें 40ङ्क45 भवन का मालिक बताते हुए नोटिस थमा दिया। उनका कहना है कि गलत तरीके से नोटिस जारी कर उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। पैसों की मांग का दावा व्यापारी ने आरोप लगाया कि उनसे पैसों की मांग की गई थी और कथित रूप से पैसे नहीं देने पर कार्रवाई शुरू कर दी गई। उन्होंने दावा किया कि क्षेत्र में कई लोगों के मामलों में इसी तरह नोटिस जारी किए जाते हैं और बाद में कथित लेन-देन के जरिए मामलों को दबा दिया जाता है। दस्तावेज होने का दावा मनोज कुमार टेलानी ने यह भी दावा किया कि उनके पास मामले से जुड़े कई दस्तावेज मौजूद हैं। उनका कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। स्थानीय लोगों का भी मिल रहा समर्थन तहसील सांगानेर के सामने चल रहे इस आमरण अनशन को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं तेज हैं। स्थानीय व्यापारी और लोग मौके पर पहुंचकर समर्थन जता रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि लगाए गए आरोप सही हैं तो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जांच और कार्रवाई की मांग पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए और गलत तरीके से कार्रवाई कर आम लोगों को परेशान करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाए। नियमों के तहत हुई कार्रवाई, आरोप पूरी तरह बेबुनियाद-उपायुक्त वहीं इस पूरे मामले पर नगर निगम सांगानेर जोन के उपायुक्त डॉ. रवि गोयल ने व्यापारी द्वारा लगाए गए आरोपों को तथ्यहीन बताते हुए कहा कि निगम पूरी तरह नियमानुसार कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि संबंधित व्यापारी प्लॉट की साइज 9ङ्क45 बता रहा है, जबकि मौके पर प्लॉट का आकार करीब 40ङ्क45 है। फरवरी 2026 में व्यापारी ने निगम को जानकारी दी थी कि वह जर्जर हवेली को तुड़वाना चाहता है, लेकिन आवेदन में कहीं भी प्लॉट की वास्तविक साइज का उल्लेख नहीं किया गया। डॉ. गोयल ने कहा कि नगर निगम किसी भी हवेली को तोड़ने की अनुमति जारी नहीं करता।



## न्यूज़ विंडो

## मोती डूंगरी गणेश मंदिर से चारधाम यात्रा रवाना



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मोती डूंगरी गणेश मंदिर से शनिवार सुबह चौहान परिवार मित्र मंडल की ओर से चारधाम यात्रा रवाना हुई। सुबह 8 बजे श्रद्धालुओं का जत्था विधिवत पूजा-अर्चना के बाद बस द्वारा यात्रा के लिए निकला। श्रद्धालु देश और प्रदेश में सुख-शांति, समृद्धि और अच्छे मानसून की कामना के साथ चारधाम यात्रा के लिए उत्साह के साथ रवाना हुए।यात्रा आयोजक दिनेश चौहान ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश और प्रदेश में सकारात्मक वातावरण तथा खुशहाली की प्रार्थना करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश की परिस्थितियों को मजबूत बनाने तथा लोगों के जीवन में सुख-शांति बनी रहे, इसके लिए भगवान से विशेष अरदास लगाई जाएगी।उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालु गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में दर्शन करेंगे। दो सप्ताह तक चलने वाली यह यात्रा बस द्वारा आयोजित की गई है।यात्रा रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं ने मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल नजर आया।

## जयपुर में फर्नीचर फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में फर्नीचर फैक्ट्री में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। सीतापुरा फायर स्टेशन से पहुंची टीम को आग बुझाने के लिए दीवार तोड़ने पड़ी। फायर बिग्रेड की 10 गाड़ियों की मदद से आग पर 2 घंटे की मशक्कत कर काबू पाया गया। प्रथमदृष्टया आग शॉर्ट सर्किट से लगना व लाखों रुपए का नुकसान होना सामने आया है। शॉर्ट सर्किट से लगी आग फायर ऑफिसर ऊषा शर्मा ने बताया- जगतपुरा के रामचन्द्रपुरा विधानी में रामचन्द्र मोतीलाल नाम से फर्नीचर की फैक्ट्री है। सुबह करीब 10:15 बजे फैक्ट्री ऑपन होने के कुछ ही देर बाद आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से लगी आग के चलते फैक्ट्री में मौजूद वर्कर बाहर निकल आए। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की भीषण लपटों को उठते देखकर दहशत फैल गई। लाखों रुपए का माल जलकर राख फैक्ट्री में रखा फर्नीचर आग में जलने लगा। आग की सूचना पर सीतापुरा फायर स्टेशन से दमकल मौके पर पहुंची। फायरकर्मियों ने आग बुझाने के लिए फैक्ट्री के बाहरी हिस्से की दीवार को जेसीबी की मदद से तोड़ा। फायर बिग्रेड की करीब 10 गाड़ियों ने एक-दो फेरे लगाकर करीब 2 घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग से फैक्ट्री में रखा लाखों रुपए का माल जलकर राख हो गया।

## विज्ञान और संस्कृति के समन्वय से बनेगा स्वर्णिम भारत : डॉ. देवनानी



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** निर्वाण विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में डॉ. वासुदेव देवनानी ने युवाओं से विज्ञान को आध्यात्म, तकनीक को संस्कृति और आधुनिकता को मानवता से जोड़ने का आह्वान किया। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ मानवीय मूल्यों को आत्मसात करना जरूरी है, तभी देश का भविष्य स्वर्णिम बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने विश्व को योग, आयुर्वेद और शून्य जैसी महान देन दी है तथा आज देश तकनीक, चिकित्सा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में अग्रणी बन रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी सफलता को भारत की आत्मा का परिचय बनाने का संदेश दिया। समारोह में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान पीएचडी शोधार्थियों एवं स्नातक-स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## यू-ट्यूब वीडियो देखकर सीखा ए टी एम लूटने का तरीका:दिल्ली से चुराई थी बाइक, जयपुर आकर खरीदी हथौड़ी-छिन्नी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में ؍ञ्जरू लूट की कोशिश मामले को लेकर मुरलीपुरा थाना पुलिस ने शनिवार दोपहर खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में 2 बदमाशों को अरेस्ट किया है। यूट्यूब वीडियो देखकर ؍ञ्जरू लूटने दिल्ली से बाइक चोरी कर आए थे। यूट्यूब वीडियो को तहत जयपुर आकर हथौड़ी-छिन्नी और खुद की सेफ्टी के ग्लेबस-नकाब खरीदा था। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डीसीपी (वेस्ट) प्रशांत किरण ने बताया- मामले में आरोपी रज्जद (23) निवासी गिरडी झारखण्ड हाल गाजियाबाद उत्तर प्रदेश और उत्तम (30) निवासी अम्बेडकर नगर नई दिल्ली को अरेस्ट किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में यूज बाइक, हथौड़ा, नकब, ग्लेब्स-नकाब आदि जब्त किए है। वारदात में यूज बाइक दोनों बदमाशों ने दिल्ली से चुराई थी। दिल्ली से वारदात को अंजाम देने जयपुर आकर ؍ञ्जरू लूट के लिए रैकी की थी। पुलिस टीम ने ष्टष्टञ्जङ्क फुटेजों के आधार पर पीछा करते हुए मुरलीपुरा के प्रेम नगर से धर-दबोचा। चोरी की बाइक से जयपुर आए थे आरोपी स्॥ह्र (मुरलीपुरा) वीरेन्द्र कुरील ने बताया- गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में आया है कि यूट्यूब से लिंक डाउनलाड कर ؍ञ्जरू तोड़ने का तरीका सीखा था। यूट्यूब वीडियो देखकर दिल्ली से बाइक चोरी कर दोनों जयपुर आए। एक बड़ी हथौड़ी और बड़ी छिन्नी खरीदकर मुंह पर कपड़ा व हाथ में ग्लेब्स पहन वारदात को अंजाम देने पहुंचे।


स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 2220405,2220060,8824399949-59 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## सम्पादकीय...

### दिल्ली फिर शर्मसार



देश की राजधानी दिल्ली में चलती बस में एक महिला के साथ गैंगरेप की घटना ने लोगों को वर्ष 2012 के बहुचर्चित निर्भया कांड की भयावह यादे ताजा कर दी है यह एक अपराध नहीं बल्कि कानून व्यवस्था की कमजोरी और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर किए जा रहे दावों पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। राजधानी की सड़कों पर सात किलोमीटर तक चलती रही दरिंदगी यह बताने के लिए पर्याप्त है कि अपराधी बेखौफ है। किसी भी सभ्य समाज की पहचान उसकी महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से होती है। यदि वहां महिलाओं के साथ भय, हिंसा और अत्याचार जुड़ा हो, तो वह समाज आधुनिक नहीं कहलाया जा सकता। दिल्ली में हुई यह घटना केवल अपराधियों की विकृत मानसिकता का परिणाम नहीं है, बल्कि यह उस सामाजिक सोच को भी उजागर करती है, जिसमें महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने में अभी भी संकोच दिखाई देता है। आज भी कई लोग महिलाओं की स्वतंत्रता, पहनावे और जीवनशैली को अपराधों से जोड़ने की कोशिश करते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि अपराध का कारण महिला नहीं, बल्कि अपराधी की मानसिकता होती है। जब तक समाज लड़कियों को सम्मान और लड़कों को संस्कार देने की दिशा में गंभीर प्रयास नहीं करेगा, तब तक ऐसी घटनाएं रुकना कठिन है। हर बड़ी घटना के बाद कुछ दिनों तक देश में आक्रोश दिखाई देता है, मोमबत्तियां जलाई जाती हैं, सोशल मीडिया पर अभियान चलाए जाते हैं, राजनीतिक बयान दिए जाते हैं, लेकिन धीरे-धीरे सब कुछ सामान्य हो जाता है। अपराधी कुछ समय बाद कानून की प्रक्रियाओं का लाभ उठाने लगते हैं और पीड़िता न्याय के लिए वर्षों तक संघर्ष करती रहती है। यही कारण है कि अपराधियों में कानून का भय कम होता जा रहा है। महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में तेजी से और कठोर कार्रवाई आवश्यक है, ताकि समाज में स्पष्ट संदेश जाए कि ऐसी मानसिकता और अपराध के लिए कोई जगह नहीं है। महिलाओं की सुरक्षा केवल कानून बनाने से सुनिश्चित नहीं हो सकती। इसके लिए समाज, परिवार, प्रशासन और सरकार सभी को मिलकर कार्य करना होगा। स्कूलों और कॉलेजों में नैतिक शिक्षा तथा संवेदनशीलता को बढ़ावा देना होगा। इंटरनेट और सोशल मीडिया के दौर में युवाओं के सामने जो सामग्री परोसी जा रही है, उसका भी मानसिकता पर प्रभाव पड़ता है। अश्लीलता, हिंसा और महिलाओं को वस्तु की तरह प्रस्तुत करने वाली प्रवृत्तियों पर रोक लगाने की आवश्यकता है।

*वैभव लोढ़ा...*

### इतिहास में आज

1975 – जापानी महिला जुनको तैबेई माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम महिला बनी।
1987 – सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लिया।
2007 – भारत-पाकिस्तान समग्र वार्ता का चौथा दौर रावलपिंडी में शुरू।
2010 – भारतीय बॉक्सरों ने कॉमनवेल्थ बॉक्सिंग चैंपियनशिप के सभी छह स्वर्ण पदक जीत लिए।

*-धर्म चंद मेहता*

### क्रॉस फायर

❑ट्रंप ने कहा चीन के साथ शानदार ट्रेड डिल हुई, दोनों देशों को फायदा होगा।
◆फायदा होगा तो ईरान को मदद भी बंद हो जाएगी।
❑मल्लिकार्जुन खड़गे बोले मोदी सरकार निर्मित है देश का ईंधन संकट।
◆पहले सावधान हो जाते है तो संकट नहीं होता।
❑शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बोले नीट अगले साल से ऑनलाइन होगी।
◆बिना पेपर आउट करें परीक्षा करना इनके बूते में भी नहीं है।
❑महंगाई का नया झटका पेट्रोल डीजल तीन रुपए हुए महंगे।
◆अभी तो और बढ़ोतरी होगी।
❑मानसून 26 में को केरल पहुंचेगा।
◆सुनकर ही राहत मिलने लग गई।
❑जयपुर में होने वाला ग्राम 2026 अब मई माह में नहीं होगा।
◆सबको बहुत उम्मीदें थी।
❑मुख्यमंत्री भजनलाल बोले विकास कार्य में देरी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।
◆चाबी टाइट करने से फर्क पड़ेगा।
❑वायु सेवा प्रमुख बोले ड्रोन युद्ध के लिए अब और इंतजार नहीं।
◆जब मन हो उड़ा दो।

*..............अंजू लोढ़ा*

### आज का राशिफल

**रविवार 17 मई, 2026**

**मेष राशि:** व्यावसायिक मामलों में फैसले लेते वक्त आपको सुस्पष्ट सोच से काम करना होगा। सहजता और तेजी के साथ कई मुद्दों का सफलतापूर्वक समाधान करेंगे।

**वृषभ राशि:** आर्थिक मामलों में तकदीर आपका साथ देगी। स्थापित कारोबार का विस्तार होगा। त्रिपक्षीय साझेदारी करने की स्थिति बनेगी।

**मिथुन राशि:** आपने पहले से ही जो उम्मीदें संजो रखी हैं या फिर आप जैसा चाह रहे होंगे, उनके पूरा न होने से आप हताश हो सकते हैं। हो सकता है, जब आपको जरूरत होगी ।

**कर्क राशि:** युवाओं की तरह ऊर्जावान महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में आप युवा लोगों को प्रोत्साहित करने में सफल रहेंगे। आपकी पुत्री करियर के मामले में स्वतंत्र रूप से फैसला ले सकती है।

**सिंह राशि:** कारोबार में सफलता मिलेगी और सौभाग्य भी साथ देगा। इस कारण आप खुलकर खरीददारी कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप ईमानदारी से काम करना चाहेंगे।

**कन्या राशि:** आपके परिवेश में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। नए अवसर सामने आएंगे। कामयाबी पाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

**तुला राशि:** अतीत के एक दौर की समाप्ति हो रही है और एक नया दौर शुरू होने वाला है। जैसे ही आप व्यावसायिक परियोजना को पूरा कर लेते हैं।

**वृश्चिक राशि:** विभिन्न शख्सियतों के बीच आप अलग छाप छोडने में सफल रहेंगे। निजी व व्यावसायिक मामले में ऊर्जावान होकर साहस का परिचय देंगे।

**धनु राशि:** जिंदगी जो भी घटनाएं आपके समक्ष पेश कर रही हैं, उनका भरपूर लुफ्त उठाएं, तभी आप अतीत के अपराधबोध, नकारात्मक विचारों आदि को भुला सकेंगे।

**मकर राशि:** असमंजस के बादल छंटेंगे। पुराने तौर-तरीकों में सुधार करेंगे और आपके दृष्टिकोण में भी नयापन झलकेगा। आप बदलाव के एक महत्वपूर्ण मुहाने पर हैं।

**कुम्भ राशि:** अतीत और भविष्य की योजनाओं में न डूबकर आप वर्तमान में रहें और हर लम्हे का आनंद उठाएं। अगर आप सचेत नहीं रहे, तो आपके हाथ से एक सुनहरा मौका निकल सकता है।

**मीन राशि:** लोगों से संवाद स्थापित करने का वक्त है। व्यावसायिक और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के साथ संपर्क स्थापित करें। निजी व व्यावसायिक मामलों को आप विलक्षण ढंग से और रचनात्मक प्रवृत्ति से अंजाम देंगे।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# विश्व दूरसंचार दिवस : जीवन में संचार प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका

**संतोष शर्मा**

युवा शक्ति को तकनिकी दृष्टि से अधिक सशक्त बनाना आज की आवश्यकता बनती जा रही है। उसी उद्देश्य से नयी शिक्षा नीति के साथ कौशल एवं तकनीकी विकास और स्टार्ट अप पर फोकस कर युवा विकसित भारत के संकल्प के भागीदार बनते जा रहे है। इसमें संचार प्रौद्योगिकी की भी महत्ती भूमिका है। दूरसंचार सेवाओं को दुनिया भर में एक राष्ट्र के लिए सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में मान्यता दी गई है और इसलिए दूरसंचार बुनियादी ढांचे को भारत में सामाजिक-आर्थिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में माना जाता है। तदनुसार, दूरसंचार विभाग दूरसंचार सेवाओं के त्वरित विकास के लिए विकासात्मक नीतियां बना रहा है। दूरसंचार विभाग एकीकृत अभिगम सेवा इंटरनेट और वी. एस. ए. टी. सेवा जैसी विभिन्न दूरसंचार सेवाओं के लिए लाइसेंस देने के लिए भी जिम्मेदार है। विभाग अंतर्राष्ट्रीय निकायों के साथ घनिष्ठ समन्वय में रेडियो संचार के क्षेत्र में आवृत्ति प्रबंधन के लिए भी जिम्मेदार है। यह देश में सभी उपयोगकर्ताओं के वायरलेस संचरण की निगरानी करके वायरलेस नियामक उपायों को भी लागू करता है। विश्व दूरसंचार दिवस एक वैश्विक स्तर पर मनाया जाने वाला कार्यक्रम है जो हमारे दैनिक जीवन में संचार प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को निभाता है। यह दिवस संचार प्रौद्योगिकी के महत्व और सामाजिक एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। प्रतिवर्ष 17 मई को मनाया जाने वाला यह दिवस दूरसंचार के महत्व हमारे संवाद करने और सूचना साझा करने के तरीके को का कार्य करता है। विश्व दूरसंचार दिवस हमें याद दिलाता है कि दूरसंचार हमारी दुनिया को आकार देने, सीमाओं के पार लोगों को जोड़ने और अधिक समावेशी और जुड़े हुए वैश्विक समुदाय के निर्माण में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

विश्व दूरसंचार दिवस का इतिहास: विश्व दूरसंचार दिवस का इतिहास सन् 1865 से शुरू होता है जब 20 यूरोपीय देशों के प्रतिनिधि पेरिस में एकत्रित हुए और उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय टेलीग्राफ संघ की स्थापना की। बाद में टेलीफोन और रेडियो सहित संचार के अन्य रूपों के विकास को ध्यान में रखते हुए। 1934 में इस संगठन का नाम बदलकर अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ कर दिया गया। विश्व दूरसंचार दिवस पहली बार 1969 में सूचना प्रौद्योगिकी उपक्रम (आईटीयू) की स्थापना की 100वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाया गया था। तब से दूरसंचार प्रौद्योगिकी के महत्व और समाज पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए यह दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है।


विश्व दूरसंचार दिवस का आयोजन वर्षों से दूरसंचार उद्योग की बदलती प्रकृति को दर्शाते हुए विकसित हुआ है। आरंभिक वर्षों में इसका मुख्य उद्देश्य दूरसंचार प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना और वैश्विक संपर्क को बेहतर बनाना था। हाल के वर्षों में इसका जोर सतत विकास को बढ़ावा देने डिजिटल विभाजन को पाटने और उद्योग में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में दूरसंचार प्रौद्योगिकी की भूमिका पर केंद्रित हो गया है। विश्व दूरसंचार दिवस दुनिया भर देशों में मनाया जाता है जहां व्यक्ति व्यवसाय और सरकारें समाज की बेहतरी के लिए दूरसंचार प्रौद्योगिकी के विकास और उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एकजुट होते हैं। विश्व दूरसंचार दिवस के उत्सव के माध्यम से हम अपने जीवन में दूरसंचार प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानना जारी रख सकते हैं और अधिक संलयनित न्यायसंगत और टिकाऊ विश्व की दिशा में काम कर सकते हैं। विश्व दूरसंचार दिवस के इतिहास में कई विषय रहे हैं। जो दूरसंचार प्रौद्योगिकी के बदलते स्वरूप और समाज पर इसके प्रभाव को दर्शाते हैं। प्रतिवर्ष मनाये जाने वाले इस दिवस पर प्रत्येक वर्ष अलग अलग विषयों पर विस्तार से विमर्श एवं मंथन किया जाता है। इनमें मुख्य विषयों में मानकीकरण की खाई को पाटना डिजिटल विभाजन को पाटना, चुनौतीपूर्ण समय में डिजिटल परिवर्तन को गति देना दूरसंचार और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से संकटों के सामने लचीलापन विकसित करना है। इन विषयों में दूरसंचार प्रौद्योगिकी की सतत विकास को बढ़ावा देने में भूमिका से लेकर डिजिटल विभाजन को पाटने और उद्योग में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने की आवश्यकता तक कई पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। प्रत्येक विषय दूरसंचार उद्योग की बदलती प्रकृति और समाज पर इसके प्रभाव के साथ-साथ मानवता की भलाई के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग की आवश्यकता को दर्शाता है। विश्व दूरसंचार दिवस के विषय हमें याद दिलाता हैं कि दूरसंचार प्रौद्योगिकी हमारे जीवन में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और प्रगति एवं विकास को गति देने में कितनी सक्षम है। ये विषय व्यक्तियों व्यवसायों और सरकारों को एक साथ आने विचारों का आदान-प्रदान करने और दूरसंचार उद्योग की उपलब्धियों बखान करने का अवसर प्रदान करते हैं। इन विषयों को अपनाकर हम समाज की बेहतरी के लिए दूरसंचार प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करते हुए नवाचार करना जारी रख सकते हैं।

विश्व दूरसंचार दिवस का महत्व: विश्व दूरसंचार दिवस सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में दूरसंचार प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देने के लिए विशेष महत्व रखता है। यह दिन लोगों और समुदायों को जोड़ने नवाचार को बढ़ावा देने और प्रगति को गति देने में दूरसंचार अवसंरचना और सेवाओं के महत्व की याद दिलाता है। दूरसंचार प्रौद्योगिकी ने हमारे जीने काम करने और संवाद करने के तरीके को बदल दिया है। इसने सूचना प्राप्त करने दूसरों से जुड़ने और व्यापार करने के तरीके में क्रांतिकारी परिवर्तन किया है। दूरसंचार प्रौद्योगिकी ने आर्थिक विकास को गति देने, सामाजिक समावेश को बढ़ावा देने और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विश्व दूरसंचार दिवस के उत्सव के माध्यम से हम दूरसंचार उद्योग की उपलब्धियों और समाज पर इसके प्रभाव को मान्यता देते हैं। साथ ही हम उन चुनौतियों को भी स्वीकार करते हैं जो अभी भी मौजूद हैं, जैसे कि डिजिटल विभाजन, प्रौद्योगिकी तक असमान पहुंच और बेहतर साइबर सुरक्षा की आवश्यकता। इसके अलावा विश्व दूरसंचार दिवस दूरसंचार प्रौद्योगिकी के महत्व और प्रगति एवं विकास को गति देने की इसकी क्षमता के बारे में जागरूकता बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। यह व्यक्तियों व्यवसायों और सरकारों को एक मंच प्रदान करता है जहाँ वे एक साथ आकर मानवता की भलाई के लिए दूरसंचार प्रौद्योगिकी के विकास और उपयोग को और बढ़ावा देने के तरीकों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं।

विश्व दूरसंचार दिवस समारोह: विश्व दूरसंचार दिवस दुनिया भर में अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। उत्सव मनाने के तरीके देश और संगठन के अनुसार भिन्न हो सकते हैं लेकिन इसका साझा लक्ष्य दूरसंचार प्रौद्योगिकी के महत्व और समाज पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। विश्व दूरसंचार दिवस मनाने के लिए सम्मेलन और सेमिनार दूरसंचार संगठन और संस्थान दूरसंचार प्रौद्योगिकी में नवीनतम विकास पर चर्चा करने अंतर्दृष्टि और ज्ञान साझा करने और उद्योग के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सम्मेलन और सेमिनार आयोजित करते हैं। दूरसंचार कंपनियां और संगठन उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों या समूहों को पुरस्कार पदक या प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करते हैं। इसके साथ ही कार्यशालाओं का आयोजन कर दूरसंचार प्रौद्योगिकी, इसके उपयोग और आधुनिक समाज में इसके महत्व के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए किया जाता है। ये कार्यशालाएँ छात्रों पेशेवरों या आम जनता के लिए लक्षित हो सकती हैं। दूरसंचार कम्पनियां इस दिन साइबर सुरक्षा, इंटरनेट पहुंच या डिजिटल साक्षरता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक अभियान शुरू कर सकते हैं। साथ ही सोशल मीडिया नेटवर्किंग के माध्यम से भी जागरूकता बढ़ाने का एक प्रभावी तरीका है। विश्व दूरसंचार दिवस के समारोह अलग-अलग तरीकों से मनाए जाते हैं, लेकिन इनका साझा लक्ष्य दूरसंचार प्रौद्योगिकी के महत्व और समाज पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

निष्कर्ष: विश्व दूरसंचार दिवस संचार प्रौद्योगिकी के महत्व और समाज पर इसके प्रभाव को उजागर करता है। यह हमें अब तक की प्रगति और उन चुनौतियों की याद दिलाता है जिन्हें हमें पार करना होगा ताकि हर कोई संचार प्रौद्योगिकी से लाभान्वित हो सके। हमें डिजिटल विभाजन को पाटने और सभी के लिए एक सुरक्षित और समावेशी ऑनलाइन वातावरण बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। विश्व दूरसंचार दिवस ने सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में संचार प्रौद्योगिकी के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने दूरसंचार उद्योग को आकार देने में मदद की है और संचार प्रौद्योगिकी में ऐसी प्रगति को प्रेरित किया है जिसने हमारे संवाद करने और अपने आसपास की दुनिया से जुड़ने के तरीके को बदल दिया है।

# तकनीकी जीवनशैली से अस्वस्थ होता मानवीय जीवन



**अरविंद रावल**

इक्कीसवीं सदी के पहले पच्चीस वर्षों में भारत ने आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। आज तकनीकी विकास के मामले में भारत विश्व की अग्रणी शक्तियों में गिना जाता है। संचार तकनीक के कई क्षेत्रों में भारत ने अमेरिका, चीन और रूस जैसे देशों को भी चुनौती दी है। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला राष्ट्र होने के कारण भारत आज विश्व का सबसे बड़ा बाजार बन चुका है, जहाँ हर देश अपनी वस्तुएँ बेचकर लाभ कमाना चाहता है। स्मार्ट क्रांति ने मानव जीवन को नई दिशा दी। मोबाइल और इंटरनेट ने दुनिया को मानव की मुट्ठी में समेट दिया। कठिन परिश्रम कम हुआ, कार्यशैली आसान बनी और जीवन सुविधाजनक हुआ। लेकिन विज्ञान की यही आधुनिक तकनीक अब मानव जीवन के लिए गंभीर संकट भी बनती जा रही है। हथेली में समाया स्मार्टफोन आज इंसान के मन-मस्तिष्क पर इस कदर हावी हो चुका है कि वह वास्तविक दुनिया से कटकर आभासी दुनिया में खोता जा रहा है। विडंबना देखिए कि एक ओर देश की बड़ी आबादी सरकारी योजनाओं पर आश्रित है, तो दूसरी ओर भारत दुनिया में सबसे अधिक इंटरनेट और स्मार्टफोन उपयोग करने वाला देश बन गया है।

आज स्मार्टफोन हर वर्ग, हर धर्म, हर जाति और हर आयु के व्यक्ति की पहली आवश्यकता बन चुका है। इसके बढ़ते प्रभाव ने भारतीय समाज की उस आत्मीय संस्कृति को लगभग समाप्त कर दिया है, जिसमें लोग घर-आँगन, चौपाल और ओटलों पर बैठकर सुख-दुख साझा किया करते थे। अब परिवार साथ रहते हुए भी भावनात्मक रूप से बिखरते जा रहे हैं। वर्तमान समय में मनुष्य अपने परिवार से अधिक समय मोबाइल स्क्रीन के साथ बिताने लगा है। घरों में बच्चे, युवा, महिलाएँ और बुजुर्ग सभी घंटों तक मोबाइल में डूबे रहते हैं। उन्हें दुनिया भर की खबरें पता रहती हैं, लेकिन अपने ही घर-परिवार की जरूरतों और भावनाओं से वे अनजान होते जा रहे हैं। स्मार्टफोन की रंगीन आभासी दुनिया क्षणिक मनोरंजन तो देती है, लेकिन धीरे-धीरे मनुष्य की मानसिक शांति छीन रही है। यह तकनीक इंसान को भूख, प्यास और सबसे बढ़कर नींद से दूर करती जा रही है।

एक समय था जब केवल महानगरों में लोग देर रात तक जागते दिखाई देते थे, लेकिन आज गाँव-गाँव और घर-घर में बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक रात भर मोबाइल स्क्रीन पर आंखें गड़ाए मिल जाते हैं। इसका सबसे घातक असर मनुष्य की नींद और व्यवहार पर पड़ा है। पर्याप्त नींद न मिलने के कारण लोगों में चिड़चिड़ापन, गुस्सा, तनाव और मानसिक अस्थिरता बढ़ती जा रही है। आज लगभग हर घर में मोबाइल के अत्यधिक उपयोग के कारण तनाव और पारिवारिक दूरियाँ साफ दिखाई देती हैं। भारतीय समाज अब सुकून भरी आठ घंटे की नींद के लिए तरसता नज़र आ रहा है। नींद की कमी और डिजिटल लत ने मानसिक रोगों को भी तेजी से बढ़ाया है। बच्चे और युवा विशेष रूप से इसके शिकार बन रहे हैं। स्थिति यह है कि अमीर-गरीब, महिला-पुरुष, बच्चे-बड़े—लगभग हर वर्ग स्मार्टफोन की लत में डूबा दिखाई देता है। प्रतिदिन लाखों स्मार्टफोन की बिक्री इस बढ़ती निर्भरता का प्रमाण है। निस्संदेह, स्मार्टफोन आधुनिक जीवन की आवश्यकता बन चुका है, लेकिन आवश्यकता और लत के बीच की रेखा मिटती जा रही है। यही तकनीक, जो कभी वरदान थी, अब अभिशाप में बदलती दिखाई दे रही है।

इसके कारण केवल स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि सामाजिक संबंध, पारिवारिक संस्कार और मानवीय संवेदनाएँ भी प्रभावित हो रही हैं। अपराध, अवसाद और नशे जैसी प्रवृत्तियों में वृद्धि भी कहीं न कहीं इसी डिजिटल अतिरेक का परिणाम है। यदि हमें आने वाली पीढ़ियों को मानसिक और सामाजिक पतन से बचाना है, तो स्मार्टफोन के अनियंत्रित उपयोग पर रोक लगानी होगी। तकनीक का संतुलित और सीमित उपयोग ही स्वस्थ, शांत और संस्कारित जीवन का आधार बन सकता है। अन्यथा वह दिन दूर नहीं, जब इंसान तकनीक का स्वामी नहीं, बल्कि उसका गुलाम बन जाएगा।

# हाई ब्लड प्रेशर बना साइलेंट किलर



**बाल मुकुन्द ओझा**

विश्व उच्च रक्तचाप दिवस हर वर्ष 17 मई को मनाया जाता है। दरअसल आजकल की सभी बीमारियां खराब जीवनशैली से जुड़ी होती हैं, ऐसे में ब्लड प्रेशर की समस्या को कंट्रोल करना मुश्किल हो जाता है। ब्लड प्रेशर को मैनेज करने के लिए हमें लाइफ स्टाइल में सुधार करने की जरूरत होती है। उच्च रक्तचाप या हाइपरटेंशन जिसे आम बोलचाल की भाषा में बीपी भी कहा जाता है, के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व उच्च रक्तचाप लीग ने विश्व उच्च रक्तचाप दिवस की शुरुआत की थी। डब्ल्यूएचएल ने 14 मई 2005 को पहला विश्व उच्च रक्तचाप दिवस शुरू किया था। 2006 से हर साल 17 मई को ही विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के रूप मनाया जाना तय किया गया विश्व उच्च रक्तचाप दिवस 2026 की थीम, उच्च रक्तचाप को मिलकर नियंत्रित करें रखी गई है। इसका मतलब है कि नियमित और सटीक रक्तचाप माप के महत्व पर जोर देना आवश्यक है। डॉक्टर के मुताबिक, हाईपरटेंशन के सही प्रबंधन की आधारशिला ही सटीक रक्तचाप माप है। सही मेजरमेंट बीपी को जल्दी पहचानने, प्रभावी ढंग से मैनेज करने और जोखिमों से बचने में मदद करता है। चिकित्सकों ने सही मेजरमेंट के लिए बताया है, बीपी चेक करने से पहले मरीज को कम से कम 5 मिनट तक आराम करने दें। बीपी चेक करवाते समय बातचीत न करें और मरीज की पीठ तथा हाथ ठीक से टिके हों। दो या अधिक बार बीपी चेक करें और औसत माप निकालें। घर पर बीपी मापना भी फायदेमंद होता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगों में हाई ब्लड प्रेशर के प्रति जागरूक करना है। इस बीमारी ने अब घर घर दस्तक दे दी है जिस कारण इसे साइलेंट किलर भी कहा जाने लगा है। इसका कारण यह है कि कई बार बीपी के लक्षण शुरुआती चरणों में दिखाई नहीं देते हैं और यह धीरे-धीरे हार्ट, ब्रेन, किडनी एवं आंखों जैसे महत्वपूर्ण अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है। भारत की बात करें तो हमारा देश आजकल बीमारियों के देश के रूप में अपनी पहचान बनाता जा रहा है। इनमें एक बीमारी बीपी या उच्च रक्तचाप की है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में 30 करोड़ से अधिक लोग हाई ब्लड प्रेशर के मरीज हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक भारत में 37 प्रतिशत मरीजों को अपनी बीमारी के बारे में पता है और 30 प्रतिशत हाईब्लड प्रेशर के लिए इलाज ले रहे हैं। भारत में केवल 15 प्रतिशत मरीजों का ब्लड प्रेशर कंट्रोल में है। यह बीमारी साइलेंट किलर के रूप में घर घर में देखने को मिल रही है। आज के आधुनिक परिवेश में ब्लड प्रेशर के मरीजों की तादाद दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। दौड़- भाग भरी जिंदगी, फॉस्ट फूड और अनियमित दिनचर्या की वजह से आजकल बच्चे से बुजुर्ग तक हर उम्र के लोगों में बीपी की समस्या देखने को मिल रही है। और वैसे तो ब्लड प्रेशर की बीमारी मामूली सी लगती है लेकिन अगर इसपर काबू न पाया गया तो यह समस्या दिल की बीमारी, स्ट्रोक और किडनी की बीमारी का कारण भी बन सकती है। ब्लड प्रेशर कम हो या ज्यादा दोनों ही ख़तरनाक होते हैं। इसलिए डॉक्टर द्वारा अक्सर यह सलाह दी जाती है की आप नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की जांच करवाते रहें। देश में ज्यादा नमक ने दिल का और हाई ब्लडप्रेशर मरीज बना दिया है। 25 साल से ज्यादा उम्र के लोगों में भारत में नमक का औसत सेवन 10 ग्राम प्रतिदिन है। जबकि ड्ढ।ह्व के मुताबिक एक व्यक्ति को एक दिन में 5 ग्राम या उससे भी कम नमक खाना चाहिए। लेकिन भारतीय रोजाना डबल डोज में नमक खा रहे हैं, जिसमें पुरुष औसतन 11 ग्राम और महिलाएं 9 ग्राम नमक खा रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक ऐसे लोग जिनका ब्लड प्रेशर 140/90 से ज्यादा रहता है वो हाईब्लड प्रेशर के मरीज माने जाते हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुमान के मुताबिक अगर 50 प्रतिशत लोगों को कंट्रोल ब्लड प्रेशर वाले दायरे में लाया जा सका तो 2023 से 2050 के बीच होने वाली 76 मिलियन यानी साढे सात करोड़ लोगों की असमय मौतों को टाला जा सकेगा। इससे दुनिया भर में 12 करोड़ लोगों को स्ट्रोक से बचाया जा सकेगा। 8 करोड़ हार्ट अटैक टाले जा सकेंगे। तकरीबन 1 करोड़ 70 लाख हार्ट फेल होने से बचाए जा सकेंगे। बीपी के रोग से बचने के लिए जागरूकता के साथ समय पर उपचार जरुरी है। नमक कम खाएं, तंबाकू सहित सैचुरेटेड और ट्रांस फैट, शराब से बचें और नियमित रूप से फल और सब्जियां खाएं।

# भारत की वैश्विक कूटनीति का नया अध्याय ऊर्जा सुरक्षा रक्षा साझेदारी और तकनीकी सहयोग की मजबूत उड़ान

**कांतिलाल मांडोत**

भारत की विदेश नीति पिछले कुछ वर्षों में जिस तेजी और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ी है, उसने दुनिया की बड़ी शक्तियों को भी भारत की ओर नए नजरिए से देखने के लिए मजबूर किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया संयुक्त अरब अमीरात और नीदरलैंड यात्रा इसी बदलते भारत की तस्वीर पेश करती है। यह केवल औपचारिक विदेश दौरा नहीं था, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा सहयोग, निवेश, तकनीक, व्यापार और वैश्विक रणनीति को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। खास बात यह रही कि यूएई की यात्रा भले ही ढाई से तीन घंटे की रही, लेकिन उसके परिणाम बेहद व्यापक और दूरगामी दिखाई दे रहे हैं। संयुक्त अरब अमीरात यानी यूनाइटेड अरब अमीरात आज भारत का सबसे भरोसेमंद रणनीतिक साझेदार बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री मोदी का अबू धाबी पहुंचना और वहां राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायज अल नाहयान द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत करना दोनों देशों के मजबूत रिश्तों का संकेत था। यूएई एयरफोर्स के एफ-16 लड़ाकू विमानों द्वारा प्रधानमंत्री के विमान को एयर एस्कॉर्ट दिया जाना केवल सुरक्षा व्यवस्था नहीं, बल्कि भारत के प्रति सम्मान और विश्वास का प्रतीक माना गया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इसे भारत के 140 करोड़ लोगों का सम्मान बताया। इस यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पहलू ऊर्जा क्षेत्र में हुए समझौते रहे। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता देश है और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के कारण उसकी ऊर्जा आवश्यकताएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में यूएई के साथ एलपीजी आपूर्ति को लेकर हुआ दीर्घकालीन समझौता भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे भारत को भविष्य में गैस आपूर्ति की स्थिरता मिलेगी और वैश्विक संकटों के समय भी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित होगी। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच यह समझौता और अधिक अहम हो जाता है। रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को लेकर दोनों देशों के बीच हुआ समझौता भी भारत की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है। यूएई की राष्ट्रीय तेल कंपनी द्वारा भारत के रणनीतिक तेल भंडार में भागीदारी बढ़ाने का निर्णय इस बात का संकेत है कि भारत अब केवल ऊर्जा खरीदने वाला देश नहीं, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा के वैश्विक ढांचे में महत्वपूर्ण भागीदार बन रहा है। संकट के समय तेल भंडार किसी भी देश की आर्थिक स्थिरता और सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी होते हैं। ऐसे में भारत का यह कदम भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयारी माना जा रहा है। इस यात्रा का दूसरा बड़ा पहलू रक्षा और सामरिक सहयोग रहा। भारत और यूएई ने रक्षा उद्योग, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी अभियानों और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह भविष्य में बड़ी रक्षा साझेदारी की शुरुआत हो सकती है। पश्चिम एशिया में बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों के बीच भारत, यूएई और इजराइल के बीच उभरती रणनीतिक तिकड़ी दुनिया की नई शक्ति संरचना की ओर इशारा कर रही है। हाल के संघर्षों में यूएई पर हुए हमलों ने उसकी सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाया है और ऐसे समय में भारत का समर्थन यूएई के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यूएई द्वारा भारत में लगभग 48 हजार करोड़ रुपए निवेश की घोषणा भी इस दौरे की बड़ी उपलब्धि रही। बैंकिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिपिंग और तकनीक जैसे क्षेत्रों में यह निवेश भारत की आर्थिक प्रगति को गति देगा। गुजरात के वाडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर स्थापित करने का समझौता समुद्री व्यापार और जहाज निर्माण क्षेत्र में भारत की क्षमता को मजबूत करेगा। इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे और भारत वैश्विक समुद्री लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में अधिक प्रभावशाली भूमिका निभा सकेगा। तकनीकी क्षेत्र में हुए समझौते भी बेहद महत्वपूर्ण हैं। भारत में 8-एक्साफ्लॉप सुपरकंप्यूटिंग क्लस्टर स्थापित करने के लिए हुए करार से कृत्रिम बुद्धिमत्ता और हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग के क्षेत्र में भारत को नई शक्ति मिलेगी। आज दुनिया एआई आधारित तकनीक की ओर तेजी से बढ़ रही है और भारत इस दौड़ में पीछे नहीं रहना चाहता। ऐसे समझौते भारत को तकनीकी महाशक्ति बनाने की दिशा में अहम साबित हो सकते हैं। यूएई यात्रा के बाद प्रधानमंत्री मोदी का नीदरलैंड दौरा भी रणनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नीदरलैंड यूरोप का प्रमुख व्यापारिक और तकनीकी केंद्र है। प्रधानमंत्री मोदी ने वहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बताया और कहा कि भारत अब वैश्विक विकास का इंजन बनना चाहता है। यह बयान केवल राजनीतिक भाषण नहीं, बल्कि भारत की बदलती आर्थिक वास्तविकता को दर्शाता है। नीदरलैंड के साथ भारत के संबंध व्यापार, तकनीक, सेमीकंडक्टर, ग्रीन एनर्जी और जल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में तेजी से मजबूत हो रहे हैं।

## नेता प्रतिपक्ष जूली ने मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर की जनसुनवाई

# फाइलों के शोर में खोई है भाजपा सरकार, जनता के कार्यों के लिए दिल्ली से लेकर जयपुर तक सन्नाटा : टीकाराम जूली



**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर शनिवार को जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सुने और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षाओं को समझने और उनका समाधान करने का प्रभावी माध्यम है। जनसुनवाई के दौरान जूली ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका समाधान किया। कुछ मामलों में समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सबसे ज्यादा सड़कों, पेयजल व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे।

**भाजपा राज में अरावली और सरिस्का पर मंडरा रहा खतरा** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज में खनन माफिया को संरक्षण दिया जा रहा है जिससे अरावली पर्वतमाला श्रृंखला और सरिस्का पर खतरा मंडरा रहा है। जूली बोले सीटीएच बड़े खतरे का संकेत, जिसे भाजपा के नेता लाने की तैयारी कर रहे है, लेकिन विपक्ष इनके ऐसे मंसूबों को किसी भी हालात में कामयाब नहीं होने देगा।

**फाइलों के शोर में खोई है भाजपा सरकार, जनता के कार्यों के लिए दिल्ली से लेकर जयपुर तक सन्नाटा** जूली बोले भारतीय जनता पार्टी की सरकार दिल्ली से लेकर जयपुर तक आमजन के मुद्दों पर सिर्फ फाइलें बदल रही है जब कि धरातल पर केवल सन्नाटा पसरा हुआ है। उन्होंने कहा कि मीटिंगों का अंबार लगा है, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की घंटियां बज रही हैं लेकिन आम आदमी की समस्याएं वहीं की वहीं खड़ी है। **पेयजल तो उपलब्ध नहीं करा पा रहे बल्कि कर रहे मुकदमे दर्ज** जूली ने कहा कि सरकार चाहे किसी भी पार्टी को हो लेकिन आमजन की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय ईआरसीपी का मेगा प्रोजेक्ट दिखाने में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन अब वह कहीं नजर ही नहीं आ रहा,यहां तक कि जो लोग पीने का पानी मांग रहे हैं उन्हें पानी तो उपलब्ध नहीं हो रहा बल्कि उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किया जा रहे हैं। **राजस्थान सरकार हर मोर्चे पर विफल बेपटरी हुई सारी व्यवस्थाएं** नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राजस्थान सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। प्रदेश में सारी व्यवस्थाएं बेपटरी हो गई हैं जहां महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़कर रख दी है, वहीं पेट्रोल, डीजल, सिलेंडर के दामों में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। **राजस्थान में मुख्यमंत्री नहीं बल्कि रील मंत्री कर रहे हैं काम** नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राजस्थान प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री नहीं है बल्कि रील मंत्री के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सीएम पीआर एजेंसी की गाइडलाइन को फॉलो कर जनता के दुख दर्द को भूल गए है। **कानून का इकबाल खत्म, प्रदेश में बनी गुंडाराज जैसी स्थिति** जूली ने कहा कि राजस्थान प्रदेश में कानून का इकबाल खत्म हो गया है प्रदेश में गुंडाराज जैसी स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि खुद मुख्यमंत्री के गृह जिले में लोग सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं की शरण में माफियाओं का बोलबाला बढ़ा है।

## भाजपा ने मनाई पूर्व विदेश मंत्री कुंवर नटवर सिंह की 97वीं जयंती



**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विदेश नीति के ज्ञाता एवं विश्व में भारत का परचम लहराने वाले निडर साहसी एवं कर्तव्यनिष्ठ पद्म भूषण पूर्व विदेश मंत्री भारत सरकार एवं नदबई विधायक जगत सिंह के पिताश्री नटवर सिंह की 97वीं जन्म जयन्ती भाजपा कार्यालय पर श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाई गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी नरेश बंसल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें अपने पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के आदर्शों की पालना करते हुए उनसे कर्तव्यनिष्ठता का गुण सीखना चाहिए। जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें नटवर सिंह की तरह अपने देश के प्रति समर्पित होना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक गौरव सरपंच ने पूर्व विदेश मंत्री की विदेश नीति के कुछ पहलू सुनाए। कार्यक्रम सहसंयोजक जगत गुर्जर ने सभी आगन्तुक कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येन्द्र पथैना जिला उपाध्यक्ष रज्जन सिंह महुआ जिला मीडिया प्रभारी डॉ वीरेन्द्र पचौरी जिला महामंत्री भगवान दास शर्मा कृष्णा जाट दुर्गेश बुटौलिया उत्तम शर्मा जिला सोशल मीडिया प्रभारी आशीष खण्डेलवाल जिला प्रवक्ता अनुराग तमरौली एवं कुलदीप पोसवाल सुरेन्द्र जट्टा सुरेन्द्र सांतरूक नीरज सत्तो गौड पंकज शर्मा गौरव चरौंरा रामकुमार चुरारी नरेश शर्मा विष्णु राजावत अभय गुर्जर आदि प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नगर निगम आयुक्त के आश्वासन के बाद व्यापार महासंघ ने आज अनशन किया स्थगित

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भरतपुर जिला व्यापार महासंघ द्वारा 17 मई को प्रस्तावित अनशन कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। जिला महामंत्री विपुल शर्मा ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्रवण विश्नोई द्वारा महासंघ को पुनः वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया था। इस वार्ता में महासंघ के जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता जिला महामंत्री विपुल शर्मा जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश बजाज एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम इंद्रजीत भारद्वाज शामिल हुए। विपुल शर्मा ने बताया कि इससे पूर्व 14 मई को भी आयुक्त द्वारा महासंघ को वार्ता हेतु बुलाया गया था। दो दौर की वार्ता के बाद नगर निगम आयुक्त श्रवण विश्नोई द्वारा कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आश्वासन दिया गया। आयुक्त द्वारा बताया गया कि हीरादास से कुम्हेर गेट तक सड़क की चौड़ाई 100 फुट रखी जाएगी। सड़क चौड़ीकरण की जद में आने वाली जिन दुकानों की गहराई तोड़फोड़ के बाद 10 फुट या उससे कम रह जाएगी उन्हें अन्य स्थान पर पुनर्स्थापित किया जाएगा। वहीं जिन दुकानों की गहराई 12 फुट से अधिक शेष रहेगी उनके टूटने वाले हिस्से के लिए मुआवजे का प्रावधान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त नए मास्टर प्लान में 100 फुट सड़क का इंद्राज कराया जाएगा तथा संबंधित व्यापारियों को पट्टे भी दिए जाएंगे। किराएदार दुकानदारों को भी प्रशासन द्वारा रिजर्व प्राइस पर दुकानें उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है। इसके लिए 14 मई से ही नापतोल एवं सर्वे का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है तथा सर्वे पूर्ण होने के बाद सूची महासंघ के साथ साझा कर आगे की कार्यवाही की जाएगी। महासंघ को यह भी भरोसा दिलाया गया कि अन्य प्रभावित



क्षेत्रों जैसे सेवर मानसिंह सर्किल से चिकसाना रोड एवं बीनारायण गेट से सिरकी वाले हनुमान मंदिर तक के क्षेत्रों में भी आपसी सहमति के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए प्रशासन द्वारा कुछ समय की मांग की गई है। नगर निगम आयुक्त के अनुरोध एवं आश्वासनों को ध्यान में रखते हुए भरतपुर जिला व्यापार महासंघ ने 17 मई को प्रस्तावित अनशन कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया है। हालांकि 26 मई को प्रस्तावित भरतपुर बंद के निर्णय को अभी वापस नहीं लिया गया है। महासंघ ने स्पष्ट किया है कि यदि 26 मई तक प्रशासन द्वारा अन्य क्षेत्रों पर वार्ता तथा हीरादास से कुम्हेर गेट तक के सर्वे के बाद लिखित रूप में ठोस निर्णय नहीं लिए जाते हैं तो व्यापारियों का आंदोलन एवं 26 मई को भरतपुर बंद का आह्वान यथावत जारी रहेगा।

## भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न सीए अतुल मित्तल बने अध्यक्ष

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के चुनाव प्रक्रिया में द्विवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष व 7 कार्यकारिणी सदस्यों के निर्वाचन प्रक्रिया में नामांकन हेतु अध्यक्ष पद हेतु 2 फार्म, उपाध्यक्ष पद हेतु 4 फार्म, महामंत्री पद हेतु 5 फार्म, कोषाध्यक्ष पद हेतु 3 फार्म एवं कार्यकारिणी सदस्य हेतु 17 फार्म लिये गये जिनमें कुल 30 फार्म लिये गये जिसमें से 29 फार्म जमा हुए जिसमें से कोषाध्यक्ष का एक फार्म एवं कार्यकारिणी सदस्य के 4 फार्म निरस्त किये गये। चुनाव अधिकारी राकेश गोयल सर्राफ ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु अतुल मित्तल, हेमराज गुप्ता, उपाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार गर्ग, प्रमोद कुमार अग्रवाल, नवरत्न गर्ग, महामंत्री हेतु मुकेश कुमार सिंघल, ओमप्रकाश गुप्ता, मनीष कुमार गर्ग, नरेन्द्र कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद हेतु प्रकाशचंद गोयल, अनिल कुमार अग्रवाल, सदस्य पद हेतु अशोक अग्रवाल, ब्रजेश कुमार अग्रवाल, ओमप्रकाश गुप्ता, विशन गुप्ता, सुभनेश कुमार गुप्ता, प्रीतेश गर्ग, सत्यव्रत आर्य, प्रमेन्द्र कुमार, मुकुल गोयल, हेमन्त कुमार गर्ग, दीनदयाल गुप्ता, रजीव मित्तल व हिमांशु गोयल ने नामांकन किया। समाज के अग्र बन्धुओं की



समझाइस के बाद अध्यक्ष पद से एक, उपाध्यक्ष पद से 2 व महामंत्री पद से 3, कोषाध्यक्ष पद से 1 व कार्यकारिणी सदस्य पद पर से 6 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापिस लिया जिसके पश्चात चुनाव निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर अतुल मित्तल सीए, उपाध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार अग्रवाल, महामंत्री पद पर ओमप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार अग्रवाल व कार्यकारिणी पद पर डॉ. अशोक अग्रवाल, विशन गुप्ता, प्रीतेश गर्ग, सत्यव्रत आर्य, हेमन्त कुमार गर्ग, दीनदयाल गुप्ता व राजीव गुप्ता को निविरोंध निर्वाचित किया गया। सह निर्वाचन अधिकारी समित अग्रवाल, सचिन अग्रवाल व रजत गोयल रहे।

## हटवाड़ा मंडी में सड़क किनारे दुकानों से बढ़ रही जाम की समस्या



**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय स्थित भेरू दरवाजे के समीप प्रत्येक शनिवार को लगने वाली हटवाड़ा मंडी अब शहर की यातायात व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। मंडी क्षेत्र में अव्यवस्थित तरीके से सड़क किनारे अस्थायी दुकानें लगाए जाने और खरीदारी के लिए आने वाले लोगों द्वारा वाहनों को सड़क पर ही खड़ा कर देने से यहां आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। इससे आम राहगीरों, वाहन चालकों एवं स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि यह मार्ग एनएच-552 से जुड़ा शहर का प्रमुख रास्ता है, जहां दिनभर छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में सड़क के दोनों ओर फैली दुकानों और बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण यातायात लगातार प्रभावित हो रहा है। कई बार हालात इतने गंभीर हो जाते हैं कि लोगों को पैदल निकलने तक में मशक्कत करनी पड़ती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन हटवाड़ा मंडी में दुकानों के लिए अंदर व्यवस्थित स्थान निर्धारित कर दे और सड़क किनारे दुकानें लगाने पर रोक लगाए, तो प्रत्येक शनिवार को लगने वाले जाम से काफी हद तक राहत मिल सकती है। लोगों ने यह भी मांग की है कि मंडी क्षेत्र में यातायात पुलिस की तैनाती बढ़ाई जाए तथा पार्किंग की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शहरवासियों ने जिला प्रशासन से जल्द प्रभावी कदम उठाने की मांग करते हुए कहा है कि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो आने वाले दिनों में समस्या और बड़ा रूप ले सकती है।

# संवेदनाओं की प्रतिध्वनि बनी पुष्पा गोस्वामी जयंती, साहित्यकारों ने किया भावपूर्ण स्मरण

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रौढ़ शिक्षा समिति में स्वर्गीय पुष्पा गोस्वामी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम भावनाओं, साहित्य और आत्मीयता से सराबोर रहा। परिवारजनों विशेषकर कार्तिकेय शर्मा, पल्लवी गोस्वामी और दिनेश जी द्वारा स्नेहपूर्ण रूपरेखा के साथ आयोजित इस कार्यक्रम ने उपस्थित साहित्यकारों, पत्रकारों और जनसम्पर्क कर्मियों को भावुक कर दिया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी, प्रतिष्ठित कवि एवं साहित्यकार हेमंत शेष ने कहा कि पुष्पा गोस्वामी संवेदनशील कथाकार और उम्दा कवयित्री थीं। उनका साहित्य समय और संवेदनाओं की गूंज रहा है। उन्होंने कार्तिकेय और पल्लवी द्वारा मां की स्मृति में आयोजित आत्मीय कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन भावनात्मक जुड़ाव का सुंदर उदाहरण है। प्रसिद्ध साहित्यकार एवं चित्रकार अशोक आत्रेय ने पुष्पा गोस्वामी की सृजनधर्मिता को उल्लेखनीय बताते हुए कहा कि उनकी पुस्तक मरूधरा के मोती ने राजस्थान की कला, संस्कृति और प्रतिभाओं को नई पहचान दी। उन्होंने बताया कि इस कृति की भूमिका लिखने का अवसर उन्हें ही मिला था तथा पुष्पा जी कथा तरंग संस्था की सक्रिय सदस्य रहीं। प्रौढ़ शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र बोड़ा ने कहा कि पुष्पा गोस्वामी बहुमुखी प्रतिभा की धनी थीं और उन्होंने पत्रकारिता व जनसम्पर्क दोनों क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। प्रसिद्ध व्यंग्यकार फारुख आफरीदी ने कहा कि पुष्पा गोस्वामी केवल कवयित्री और कथाकार ही नहीं, बल्कि एक कुशल सम्पादक भी थीं। उन्होंने जनसम्पर्क विभाग की 'सुजस' पत्रिका को नया स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में पत्रकार महेश शर्मा, भानु गोस्वामी, सुनीता शर्मा, आशा पटेल और सुषमा शर्मा सहित कई वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के पूर्व अतिरिक्त निदेशक गोपाल शर्मा, उप निदेशक रजनीश शर्मा, वरिष्ठ जनसम्पर्ककर्मी रवि गोस्वामी, गोविन्द शर्मा, राजेन्द्र शर्मा राजू सहित अनेक कवि, साहित्यकार और पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्तिकेय शर्मा और पल्लवी गोस्वामी ने किया।

## एक नजर

### अटल ज्ञान केन्द्र ग्रामीण युवाओं के सपनों को दे रहा नई उड़ान

### जिले के बीदासर उपखंड के तेहनदेसर में विकसित किया अटल ज्ञान केन्द्र

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की युवा हितैषी नीतियों व दूरदर्शी सोच से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा एवं डिजिटल सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। इसी कड़ी में चूरू जिले की बीदासर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत तेहनदेसर में स्थापित अटल ज्ञान केन्द्र (पुस्तकालय) ग्रामीण युवाओं के सपनों को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। पूर्व में तेहनदेसर में 06 उच्च माध्यमिक विद्यालय (03 राजकीय व 03 निजी) एवं 0 निजी कॉलेज होने के बावजूद विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकालय जैसी आधुनिक सुविधा उपलब्ध नहीं थी। मजबूरी में युवाओं को शहरों की ओर जाना पड़ता था, जिससे आर्थिक और समय संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थी संसाधनों के अभाव में अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ने को मजबूर हो जाते थे। लेकिन प्रदेश सरकार की अटल ज्ञान केन्द्र योजना के तहत अध्ययन केन्द्र विकसित होने पर युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

### लोहार्गल में शनि अमावस्या पर उमड़ी भीड़ श्रद्धालुओं ने कुंड में किया स्नान



**चिराना (हुक्मनामा समाचार)।** शेखावाटी के प्रसिद्ध तीर्थस्थल लोहार्गल में शनिवार को शनि अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भगवान शनिदेव के प्राकट्य दिवस के कारण बड़ी संख्या में भक्त यहां दर्शनों के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं ने प्रसिद्ध सूर्यकुंड में स्नान किया और निरंतर बहने वाली पवित्र गोमुख जलधारा से भगवान विष्णु का जलाभिषेक किया। इस स्थान का महाभारत काल से जुड़ाव होने के कारण इसकी धार्मिक मान्यता और अधिक बढ़ जाती है। शनि अमावस्या के अवसर पर दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने मंदिरों में दान-दक्षिणा देकर पुण्य कमाया। इस दौरान सुहागीन महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखा और पति की लंबी उम्र के लिए वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। तीर्थराज लोहार्गल मार्ग पर स्थित शनिदेव मंदिर में भी शनि अमावस्या पर भारी भीड़ देखी गई। कैरी के अचार के लिए प्रसिद्ध लोहार्गल में श्रद्धालु अचार की खरीदारी करते हुए भी नजर आए। मंदिरों में दान पुण्य किया। सूर्य मंदिर के महंत अवधेशाचार्य महाराज ने बताया कि सूर्य कुंड पर पुलिस प्रशासन का पर्याप्त जाप्ता था। तीन साल में एक बार अधिक माह आता है भगवान आशीर्वाद देने के लिए आते हैं और निरंतर स्नान करना व देवताओं के दर्शन जारी रहेंगे।

### विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश हेमराज गौड़ के तत्वावधान में चल रहे सघन विधिक जागरूकता अभियान के तहत विधिक जागरूकता टीम इंचार्ज आनन्द प्रकाश पटेल एडवोकेट द्वारा शहर के सहारई रोड स्थित एम जे एफसीनियर सेकेंडरी स्कूल पर व्यवस्थापक लक्ष्मण प्रसाद सैनी की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें विधिक जागरूकता टीम इंचार्ज आनन्द प्रकाश पटेल ने शिविर में उपस्थित विद्यालय स्टाफ एवं ब%चों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम बाल विवाह करने के दुष्परिणाम बाल विवाह के लिए दंडए बालकों के स्वास्थ्य शिक्षा एवं स्वरोजगार महिला सशक्तिकरण लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण बालकों के प्रति अपराध और बचाव सुरक्षा कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम महिलाओं का कार्य स्थल पर सुरक्षित एवं सम्मान कार्य करना भारतीय न्याय संहिता के तहत महिलाओं के प्रति लैंगिक अपराध की रोकथाम लिए प्रावधान सहित विभिन्न कानूनो के बारे में जानकारियां प्रदान की। इस अवसर पर नौरंगखान एडवोकेट विकास चपराना बहादुर सिंह सहित समस्त विद्यालय स्टाफ व बच्चे व बच्चियों उपस्थित थे।

### स्काउट गाइड कौशल विकास अभिरुचि शिविर कल से

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड द्वारा सेंट विलियम्स कान्वेंट स्कूल गोपालगढ में स्काउट गाइड कौशल विकास शिविर 18 मई से प्रारंभ होगा। सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट गिरिराज प्रसाद गर्ग के अनुसार अभिरुचि केंद्र में नन्हीं उम्र के बालक बालिकाओ सहित महिलाएं ब्यूटीशियन संगीत नृत्य आर्ट एंड क्राफ्ट साज सज्जा सिलाई मेहंदी इंग्लिश स्पोकन कंप्यूटर कोर्स पेंटिंग इत्यादि का प्रशिक्षण प्राप्त कर सृजनात्मक शक्ति का विकास करेंगे। सीओ गाइड कल्पना शर्मा ने बताया कि ग्रीष्मावकाश में समय का सदुपयोग के साथ.साथ स्वावलंबन अनुशासन एवं सेवा भावना के विकास के साथ कौशल विकास अभिरुचि शिविर में नृत्य ब्यूटी पार्लर कंप्यूटर कोर्स इंग्लिश स्पोकन संगीत पेंटिंग मेहंदी साज सज्जा क्राफ्ट मेकिंग इत्यादि विधा सिखाई जावेंगी।

### ग्राम रथ बने योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी के सशक्त माध्यम

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में ग्राम रथ अभियान के तहत शनिवार को विधानसभा धौलपुर के ग्राम बहादुरपुर, बीछिया, बरैलपुरा, सूरजपुरा, विधानसभा बाड़ी के ग्राम गूजरपुरा, लालोनी, कुरैंधा, बदरैठा, विधानसभा बसेड़ी के ग्राम दांदीपुरा, मिर्जापुर, नूरपुर, जोरगढ़ी तथा विधानसभा राजाखेड़ा के ग्राम बीच का पुरा, आम का पुरा, जारहा, धारापुरा में ग्राम रथों से प्रचार-प्रसार कर जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान ऑडियो वीडियो व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से योजनाओं का संदेश दिया गया। अभियान में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में मोबाईल वैन की एलईडी स्क्रीन पर किसानों को कृषि की नवीन तकनीकों और उन्नत पद्धतियों के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही चार वैनों से एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संदेश प्रसारित कर जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है।

## अब सीबीआई के निशाने पर दौसा मेडिकल कॉलेज

# मांगीलाल बिवाल के बेटे के बाद बेटी प्रगति बिवाल की 12वी की अंक तालिका आई सामने

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान के जमवारामगढ़ के बिवाल परिवार का नाम नीट पेपर लीक प्रकरण में सामने आने के बाद प्रदेश ही नहीं, पूरे देश में हड़कंप मच गया है। मामला इसलिए भी बेहद गंभीर माना जा रहा है क्योंकि एक ही परिवार के पांच-पांच सदस्य सीबीआई की पढ़ाई कर रहे हैं। अब जांच एजेंसियों की नजर सीधे इसी परिवार और उससे जुड़े शैक्षणिक रिकॉर्ड पर टिक गई है। आरोप है कि परिवार के मुखिया मांगीलाल बिवाल ने अपने बेटे-बेटियों और भतीजी भतीजे के लिए कथित तौर पर नीट का पेपर खरीदा और इसे अन्य लोगों तक भी पहुंचाया। इस पूरे मामले में अब तक कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। पेपर लीक के कथित मास्टरमाइंड पुणे के कुलकर्णी से लेकर बिवाल परिवार के सीबीआई में चयनित सदस्यों तक पर शिकंजा कस चुका है। बताया जा रहा है कि अब तक इस प्रकरण में आठ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अब जांच का अगला बड़ा केंद्र दौसा का पंडित नवल किशोर शर्मा मेडिकल कॉलेज बनता नजर आ रहा है। वजह है मांगीलाल बिवाल की बेटी प्रगति बिवाल, जो मेडिकल कॉलेज में प्रथम वर्ष की छात्रा बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार प्रगति ने 14 मई को अवकाश का प्रार्थना पत्र देकर कॉलेज प्रशासन से घर जाने की अनुमति ली थी, लेकिन उसके बाद से वह न कॉलेज लौटी और न ही घर पहुंचने की पुष्टि हुई। पिछले कई दिनों से उसके गायब होने की चर्चा ने पूरे मामले को और रहस्यमय बना दिया है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई अब बिवाल परिवार के हर उस सदस्य की जांच में जुट गई है जिसने नीट परीक्षा दी या सीबीआई में प्रवेश लिया। जांच एजेंसियां शैक्षणिक रिकॉर्ड से लेकर चयन प्रक्रिया तक हर कड़ी को खंगाल रही हैं। इसी कड़ी में प्रगति बिवाल की वर्ष 2021 की 12वीं की मार्कशीट भी जांच के घेरे में आ गई है। गौरतलब है कि कोरोना काल में राजस्थान बोर्ड द्वारा विद्यार्थियों को प्रमोट किया गया था। उसी दौरान प्रगति बिवाल को भी प्रमोट किए जाने की बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार उसे करीब 90 प्रतिशत अंक दिए गए थे। बाद में वर्ष 2025 की नीट परीक्षा में उसने 720 में से 385 अंक प्राप्त कर एससी श्रेणी के तहत दौसा मेडिकल कॉलेज में प्रवेश हासिल किया।

अब सवाल उठ रहे हैं कि आखिर 2021 से 2025 के बीच उसकी शैक्षणिक यात्रा में क्या-क्या हुआ और किन आधारों पर उसे इतने अंक दिए गए जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि क्या इस पूरे घटनाक्रम में कोई संगठित नेटवर्क काम कर रहा था। सूत्रों की मानें तो सीबीआई की नजर अब दौसा जिले के उन कोचिंग संस्थानों और स्कूलों पर भी है, जहां पिछले वर्षों से नीट की तैयारी करवाई जा रही है। बताया जा रहा है कि पिछले पांच साल के रिकॉर्ड भी खंगाले जा सकते हैं। इधर, दौसा में इस मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। सोशल मीडिया से लेकर आम लोगों की बातचीत तक में अब मेडिकल कॉलेज और नीट पेपर लीक की चर्चा छाई हुई है। शिक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवालों के बीच अब हर किसी की नजर सीबीआई की अगली कार्रवाई पर टिक गई है। माना जा रहा है कि जांच की परतें खुलीं तो यह मामला और भी बड़े खुलासों की ओर बढ़ सकता है।

## एक लाख रुपए के गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

## अवैध गांजा, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा, मोबाईल फोन जब्त

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** टोंक शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में जिला स्पेशल टीम ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब एक लाख रुपए कीमत का गांजा बरामद किया है। पुलिस ने कंपू इलाके में घेराबंदी कर 26 साल के आरोपी किशन माली को गिरफ्तार किया। उसके पास से 1.880 किलो अवैध गांजा, इलेक्ट्रॉनिक कांटा और मोबाइल फोन जब्त किया गया। आरोपी आसपास के लोगों को गांजा सप्लाई करने जा रहा था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**कंपू इलाके में की गई घेराबंदी** यह कार्रवाई महिला अनुसंधान अधिकारी एएसपी कमल प्रसाद के निर्देशन और टोंक डीएसपी मृत्युजंय मिश्रा के सुपरविजन में की गई। जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश और कोतवाल भंवरलाल के नेतृत्व में गठित टीम ने कोतवाली क्षेत्र के कंपू इलाके में कार्रवाई की। **मुखबिर और तकनीकी सूचना से पकड़ा आरोपी** पुलिस टीम को मुखबिर और तकनीकी माध्यम से सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध मादक पदार्थ लेकर सप्लाई के लिए जा रहा है। इसके बाद टीम ने इलाके में घेराबंदी कर आरोपी किशन पुत्र रामावतार माली निवासी नैन सुख की बगिया, शंकर चौराहा को रास्ते से पकड़ लिया। **चेकिंग में मिला गांजा और इलेक्ट्रॉनिक कांटा** पुलिस ने आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से 1.880 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। इसके साथ ही एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा और मोबाइल फोन भी मिला। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ और अन्य सामान जब्त कर लिया।

**एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज** पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली थाने में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है।

## गारबदेसर में स्कूल निर्माण कार्य पर उठे सवाल निर्माणाधीन सीढ़ियां गिरने से मचा हड़कंप



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले में लूणकरणसर उपखंड के गारबदेसर गांव में निर्माणाधीन नई प्राइमरी स्कूल भवन की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिला। स्कूल भवन में बनाई जा रही सीढ़ियां अचानक गिर जाने से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। हादसे के समय आसपास बच्चे खेल रहे थे, जिससे ग्रामीणों में डर और नाराजगी फैल गई। ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल भवन निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिसके चलते निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही सीढ़ियां ढह गईं। घटना के बाद ग्रामीणों ने निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए संबंधित विभाग और ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर लापरवाही का आरोप लगाया। ग्रामीण मांगी लाल स्वामी ने कहा कि यदि उस समय बच्चे सीढ़ियों के पास होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने पूरे निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच करवाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से निर्माण कार्य की गुणवत्ता।

## दिनदहाड़े बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले के महाजन क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों ने आमजन की चिंता बढ़ा दी है। शनिवार का ताजा मामला महाजन क्षेत्र के अरजनसर बाजार का है, जहां चोर दिनदहाड़े एक मोटरसाइकिल उठाकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में रोष का माहौल है। जानकारी के अनुसार अरजनसर निवासी प्रमोद गोदारा अपनी मोटरसाइकिल बाजार में खड़ी कर किसी काम से गए थे। इसी दौरान अल सुबह मौका पाकर चोर बाइक लेकर फरार हो गए। पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसमें दो युवक बाइक ले जाते हुए दिखाई दे रहे है। घटना के बाद बाइक मालिक प्रमोद गोदारा ने खुद आसपास के दुकानों और प्रतिष्ठानों से सीसीटीवी फुटेज जुटाए और पुलिस को उपलब्ध करवाए। बावजूद इसके चोरी की वारदात के करीब सात घंटे बाद तक भी पुलिस के हाथ खाली रहे। इससे लोगों में पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी देखने को मिली। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। कभी बाइक चोरी तो कभी दुकानों और घरों में सेंधमारी की वारदातें सामने आ रही हैं, जिससे आमजन में भय का माहौल बना हुआ है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

# नाबालिग से दुष्कर्म व अश्लील फोटो वायरल करने वाले आरोपी को 20 साल की सजा



**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** नाबालिग से दुष्कर्म कर उसकी अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में पोक्सो न्यायालय दौसा ने आरोपी को कठोर सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी संजीव पुत्र रामरूप निवासी मोहनपुरा, तहसील टोडाभीम जिला करौली को दोषी मानते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 1 लाख 52 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण के अनुसार पीड़िता ने 26 अप्रैल 2023 को महिला थाना दौसा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसकी अश्लील फोटो दिखाकर धमकाया और जबरन दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने फोटो फेसबुक और इंस्टाग्राम पर वायरल कर दी तथा पीड़िता के भाई के मोबाइल पर भी भेज दी। मामले में महिला थाना दौसा में विभिन्न धाराओं सहित पोक्सो एक्ट एवं आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच की गई। अनुसंधान के बाद आरोपी के खिलाफ पोक्सो न्यायालय में चालान पेश किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक पोक्सो दौसा जितेन्द्र कुमार सैनी ने पैरवी करते हुए 18 गवाह और 68 दस्तावेज न्यायालय में पेश किए। न्यायाधीश रेखा राठौड़ ने साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया। मामले में यह भी सामने आया कि आरोपी ने रेलवे विभाग में सेवा के दौरान जारी सरकारी सिम नंबर का उपयोग कर पीड़िता के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाई और अश्लील फोटो वायरल किए थे।

## घायल हिरण के बच्चे का रेस्क्यू -किया पालन-पोषण कर सुरक्षित मुकाम छोड़ा



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले के बज्जू क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मानवता और जीव प्रेम की अनूठी मिसाल पेश करते हुए करीब तीन महीने पहले घायल अवस्था में मिले हिरण के एक बच्चे की जान बचाई। बताया जा रहा है कि हिरण के बच्चे पर लोमड़ी ने हमला कर दिया था, जिससे उसके शरीर पर पंजों के गंभीर घाव हो गए थे। इसके बाद सदाम खान राववाला, रहीम खान और राजाराम डुडी ने मिलकर उसकी मरहम-पट्टी कर देखभाल शुरू की। लगातार तीन महीनों तक सेवा और उपचार के बाद हिरण का बच्चा पूरी तरह स्वस्थ हो गया। अमावस्या के पावन अवसर पर शनिवार को उसे उसके प्राकृतिक मुकाम पर सुरक्षित छोडने का फैसला लिया गया। इसके लिए तीन सुरक्षित गाडियों के साथ टीम रवाना हुई। इस दौरान रहीम खान, राजाराम डुडी, पतराम भाभू, जीव रक्षक सत्यनारायण डेलू, फौजी साहब ओम और रियाज खान भी साथ मौजूद रहे। सभी ने मिलकर वन्य जीव संरक्षण और मानवता का संदेश दिया। ग्रामीणों ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में इस तरह का जीव प्रेम समाज के लिए प्रेरणा है। घायल वन्य जीव की सेवा कर उसे पुन: प्रकृति के बीच छोडना वास्तव में सराहनीय कार्य है।

## चोरी के आरोपी से चांदी के छत्र किए बरामद

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले में गजनेर थाना पुलिस ने मंदिर में हुई चोरी और नकबजनी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय बावरिया गैंग के वांछित आरोपीयों को गिरफ्तार किए है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मंदिर से चोरी किए गए चांदी के छत्र भी बरामद किए हैं। आरोपी लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा था और कई राज्यों में चोरी व नकबजनी की वारदातों में शामिल रहा है। गजनेर थानाधिकारी ओमप्रकाश सुथार ने बताया कि मेघासर गांव स्थित चामुंडा माता मंदिर में गत 24 अक्टूबर 2025 की रात चोरी की वारदात हुई थी। अज्ञात चोर मंदिर के ताले तोड़कर करीब पांच किलो वजनी चांदी के छत्र, दानपात्र में रखी नकदी, सोने-चांदी के आभूषण सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए थे।

# महिला अपराधों पर राजस्थान पुलिस का कड़ा प्रहार: 5 जिलों के 10 बड़े मामलों में अदालतों से अपराधियों को मिली रिकॉर्ड तोड़ सजा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महानिदेशक महानिरीक्षक पुलिस सम्मेलन 2025 की महत्वपूर्ण अनुशंसाओं की पालना में राजस्थान पुलिस ने महिला अत्याचार एवं पोक्सो अधिनियम के तहत गंभीर प्रकरणों में त्वरित अनुसंधान कर अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने में बड़ी सफलता हासिल की है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ अपराध करने वाले अपराधियों को माननीय न्यायालयों द्वारा आजीवन कारावास और 20-20 वर्ष के कठोर कारावास जैसी ऐतिहासिक सजाएं सुनाई गई हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा इन फैसलों को सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से आमजन तक प्रसारित किया जा रहा है, ताकि अपराधियों में कानून का भय और समाज में सुरक्षा का संदेश दिया जा सके। 1. जिला जैसलमेर: मासूमों से दरिंदगी करने वालों को अंतिम सांस तक जेल ? प्रकरण 1 (थाना नाचना): जैसलमेर पुलिस ने महिला एवं बाल अपराधों के प्रति शून्य सहिष्णुता की मिसाल पेश करते हुए 03 वर्षीय मासूम बालिका से दुष्कर्म के मामले में अद्वितीय तत्परता दिखाई। पुलिस ने मात्र 10 दिनों में अनुसंधान पूर्ण कर घटना के 18वें दिन ही न्यायालय में चालान पेश किया। इसके फलस्वरूप माननीय न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास और 5,000 रुपये के आर्थिक दंड से दंडित किया। ? प्रकरण 2 (थाना सांकड़ा): 5 वर्षीय मासूम बच्ची को चॉकलेट का लालच देकर सुनसान मकान में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास करने वाले 48 वर्षीय आरोपी पुरुषोत्तम को माननीय पोक्सो कोर्ट ने त्वरित सुनवाई करते हुए आजीवन कारावास (मरते दम तक जेल) की सजा सुनाई है। ? प्रकरण 3 (थाना फलसुंड): नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने और अनैतिक कार्य की आशंका के मामले में पुलिस की प्रभावी पैरवी रंग लाई। माननीय न्यायालय ने आरोपी को 03 वर्ष का कठोर कारावास और 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया। 2. जिला जालोर: पोक्सो एक्ट के आरोपियों को 20-20 साल की जेल ? प्रकरण 4 (थाना झाब): नाबालिग पीड़िता को शौच जाते समय बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और बलात्कार करने के गंभीर मामले में सख्त रुख अपनाया गया। माननीय न्यायालय ने पुख्ता सबूतों के आधार पर आरोपी को 20 साल की कठोर सजा सुनाई। ? प्रकरण 5 (थाना झाब): स्कूल जा रही नाबालिग बच्ची का मोटरसाइकिल पर अपहरण करने, जबरन घर ले जाकर वीडियो वायरल करने और ब्लैकमेल करने के सनसनीखेज मामले में पुलिस की मजबूत पैरवी से न्यायालय ने दोषी को 20 साल की सजा से दंडित किया। ? प्रकरण 6 (थाना बागरा): नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले मे माननीय न्यायालय ने दोषी आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 50,000 रुपये अर्थदण्ड की भारी सजा से दंडित किया। 3. जिला श्रीगंगानगर: दहेज लोभियों को उम्रकैद, चुकाना होगा भारी जुर्माना ? प्रकरण 7 (थाना सदर): दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने और उसकी हत्या करने के मामले में माननीय विशिष्ट न्यायाधीश, महिला एवं दहेज उत्पीड़न कोर्ट ने मुख्य आरोपी राकेश कुमार और सह-आरोपी महावीर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही मुख्य आरोपी और सह-आरोपी पर 1-1 लाख रुपये का भारी जुर्माना भी लगाया गया है। 4. जिला धौलपुर: नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी सलमान को 20 वर्ष की कड़ी सजा ? प्रकरण 8 (महिला थाना धौलपुर): नाबालिग बालिका के साथ जबरन बलात्कार करने के मामले में पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्यों के साथ केस पेश किया।

पुलिस की पुख्ता गवाही के आधार पर माननीय न्यायालय ने आरोपी सलमान उर्फ लबेदू पुत्र स्व. इलियास को 20 वर्ष का कठोर कारावास और 6,500 रुपये के जुर्माने की सजा से दंडित कर जेल भेजा। 5. जिला जयपुर ग्रामीण: दो दोषियों को 20-20 वर्ष की सजा और भारी जुर्माना ? प्रकरण 9 (थाना गोविन्दगढ़): नाबालिग लड़की को मोटरसाइकिल पर बैठाकर होटल में ले जाकर, डरा-धमकाकर बलात्कार करने के मामले में कोर्ट ने सबसे कड़ा रुख अपनाया। माननीय पोक्सो कोर्ट जयपुर ने ऐतिहासिक फैसला देते हुए आरोपी विकास कुमार स्वामी को 20 वर्ष की सजा और 1.75 लाख रुपये के भारी जुर्माने की सजा सुनाई। ? प्रकरण 10 (थाना अमरसर): नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस की मजबूत केस डायरी के चलते आरोपी को बच निकलने का कोई रास्ता नहीं मिला। माननीय न्यायालय ने आरोपी मोहन लाल कुमावत को 20 वर्ष के कठोर कारावास व जुर्माने से दंडित किया। राजस्थान पुलिस द्वारा महिला एवं बालिका सुरक्षा से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई एवं प्रभावी पैरवी लगातार जारी है। युवाओं को कानूनों के प्रति सजग करना, बालिकाओं में सुरक्षा का भाव पैदा करना और अपराधियों के मन में कानून का खौफ पैदा करना है, यही राजस्थान पुलिस का ध्येय है। राजस्थान पुलिस का यह 'जीरो टॉलरेंस' अभियान आगे भी पूरी सख्ती से जारी रहेगा।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिला कलक्टर ने दिए दिशा-निर्देश



**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और आमजन तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट जांची। जिला कलक्टर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम, अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता और चिकित्सा परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से संचालित सभी जन कल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक बिना किसी परेशानी के पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। बदलते मौसम को देखते हुए डेंगू, मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए एंटी-लार्वा गतिविधियों और फॉगिंग में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों और मुफ्त जांचों की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। स्टॉक का प्रबंधन सही तरीके से किया जाए। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों का नियमित रूप से औचक निरीक्षण करें ताकि स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति और सेवाओं की गुणवत्ता बनी रहे। साथ ही अस्पतालों में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के साथ संवेदनशीलता और सहयोगात्मक व्यवहार अपनाया जाए।

## बांदीकुई में कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस का बड़ा हल्लाबोल



**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** दौसा जिले के बांदीकुई क्षेत्र में लगातार बढ़ रही लूट, चोरी, चेन स्नेचिंग और महिलाओं से जुड़ी आपराधिक घटनाओं के विरोध में शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया। अंबेडकर सर्किल से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता रैली के रूप में डिप्टी एसपी कार्यालय पहुंचे और पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की।प्रदर्शन का नेतृत्व मुरारी लाल मीणा, जीआर खटाना और रामजीलाल ओढ़ ने किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने पुलिस-प्रशासन और राज्य सरकार पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने के आरोप लगाए।सांसद मुरारी लाल मीणा ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नशे का बड़ा नेटवर्क युवाओं को अपराध की ओर धकेल रहा है, लेकिन पुलिस प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रही।वहीं पूर्व विधायक जीआर खटाना ने महिला सुरक्षा पर चिंता जताते हुए कहा कि पिछले डेढ़ से दो माह में महिलाओं के साथ चेन स्नेचिंग और आभूषण छीनने की 7-8 घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे महिलाओं में भय का माहौल है।कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि बीते तीन महीनों में 50 से अधिक आपराधिक मामलों का खुलासा नहीं हो पाया है, जिससे आमजन में भारी आक्रोश है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने डिप्टी एसपी कार्यालय परिसर में पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, जिससे क्षेत्र में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर लोगों का गुस्सा साफ नजर आया।

## डॉ. रामदयाल भाटी को मिलेगा 'भारत-भूटान शांति रत्न पुरस्कार'

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक संवाद एवं वैश्विक शांति के लिए कार्यरत संस्था अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा आगामी 21 जून 2026 को थिम्फू (भूटान) में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के अवसर पर प्रतिष्ठित 'भारत-भूटान शांति रत्न पुरस्कार' प्रदान किया जाएगा। इस समारोह के लिए दैनिक थार संवाद एवं भारत न्यूज़ 24 के ब्यूरो प्रमुख डॉ. रामदयाल भाटी का चयन किया गया है। मंच की चयन समिति के अध्यक्ष डॉ. हुकुम चंद गणेशिया ने सर्वसम्मति से उनके नाम को स्वीकृति प्रदान की। समारोह का आयोजन भारत-भूटान शांति एवं मैत्री संधि 1949 के अंतर्गत पूर्व वित्त मंत्री लोकनाथ शर्मा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम में भारत और भूटान के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंधों को मजबूत बनाने के साथ-साथ भारतीय वैदिक संस्कृति, 'वसुधैव कुटुंबकम' एवं वैश्विक समरसता के संदेश को विश्व स्तर पर प्रसारित किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच के अनुसार, इस आयोजन को विश्व के 25 देशों का नैतिक समर्थन प्राप्त है। समारोह में भारत से आमंत्रित विशिष्ट प्रतिभाओं को भूटान के गणमान्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। मंच के सचिव (सांस्कृतिक) विवेक स्वामी ने बताया कि चयनित प्रतिभागियों के प्रवेश पास एवं आधिकारिक होर्डिंग्स की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। इस उपलब्धि पर पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने डॉ. रामदयाल भाटी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## ऑपरेशन नीलकंठ के तहत पुलिस की कार्रवाई, एमडी सहित आरोपी दबोचा

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन नीलकंठ' के तहत पुलिस थाना जामसर ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को एमडी (मेफेड्रोन) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2.53 ग्राम एमडी बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार महानिरीक्षक पुलिस रेंज बीकानेर ओमप्रकाश और पुलिस अधीक्षक बीकानेर मृदुल कच्छावा के निर्देशन में जिलेभर में नशे के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बनवारी लाल मीणा और वृताधिकारी लूनकरणसर रणवीर सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी रवि कुमार के नेतृत्व में जाम थाना पुलिस की टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने अभियान को प्रभावी बनाने के लिए निजी स्तर पर सूचना संकलन किया।

**खोया पाया**

नवीन कुमार शर्मा पुत्र रामराय शर्मा जो कि मेरा बेग दादनपुरा के आसपास गिर गया, जिसमें मेरी आईडी कार्ड व मेरे प्लांट श्रीनगर नीमड़ी रोड पहाड़िया साइज 103. 23 प्लॉट नंबर A 07 का मूल दस्तावेज खो गए हैं किसी को मिले तो इन नंबरों पर संपर्क करें-
8104050604

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य राम चंदर पुत्र स्व. श्री विजय लाल, निवासी P.N-3, हनुमान नगर, बिन्दायका, जयपुर राज. से पुत्र राम प्रसाद, पोत्र सोनू, अनील व पौत्री व पुत्रियां विमला एवं शारदा उनके बच्चों ने मेरे साथ लड़ाई झगड़ा करने व कहे में नहीं होने के कारण प्लॉट नम्बर-3, योजना हनुमान नगर-ई, ग्राम बिन्दायका, तहसील व जिला, जयपुर (राजस्थान) एवं चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है, जो कोई भी अन्य दीगर व्यक्ति उपरोक्त लोगों से किसी भी प्रकार से कोई सम्बन्ध या व्यवहार बनाऐगा तो इसके लिए वह स्वयं ही जिम्मेदार होगा। अत: आमजन सूचित रहे।

अब्दुल गफ्फार-एडवोकेट
राजस्थान हाईकोर्ट, जयपुर
मो. 9828-141-495

### राम केश को 2 साल के लिए बनाया गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति का प्रदेश मंत्री

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति ने संगठन विस्तार के तहत एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की है। बयाना क्षेत्र के नया गांव कला कनावर निवासी रामकेश गुर्जर उर्फ बीपी जहाजिया को समिति का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। ये नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश तंवर ने की। रामकेश गुर्जर को संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण और सक्रिय सामाजिक योगदान को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार, यह पदभार आगामी दो वर्षों के लिए प्रभावी रहेगा। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया है कि रामकेश गुर्जर अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और लगन के साथ करेंगे। उनसे समाज और संगठन को मजबूती प्रदान करने, साथ ही सदस्यता अभियान और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों को नई गति देने की अपेक्षा की गई है।

# खेत पर कृषि कार्य करने जाते वक्त 11 केवी बिजली का तार टूटकर युवक पर गिरा मौत



**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** गढ़ीबाजना थाना क्षेत्र के भोलापुरा गांव में शनिवार सुबह-शाम एक युवक की 11 केवी बिजली लाइन टूटने से करंट लगने से मौत हो गई। युवक खेत पर जा रहा था तभी यह हादसा हुआ।

गढ़ीबाजना थाना के एएसआई गोपाल सिंह के अनुसार, मृतक की पहचान भोला (22) पुत्र लक्ष्मण गुर्जर निवासी भोलापुरा के रूप में हुई है। भोला शनिवार सुबह करीब 7:30 बजे अपने खेत की ओर जा रहा था। रास्ते में अचानक 11 केवी बिजली लाइन का तार टूटकर नीचे गिर गया। तार की चपेट में आने से भोला को जोरदार करंट लगा और वह मौके पर ही गंभीर रूप से झुलस गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने उसे संभालने का प्रयास किया। परिजन उसे तुरंत बयाना उपजिला अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर गढ़ीबाजना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एएसआई गोपाल सिंह ने बताया कि बयाना उपजिला अस्पताल में मृतक का पॉस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक भोला अविवाहित था और खेती-किसानी कर अपने परिवार का सहयोग करता था। इस हादसे के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि जर्जर बिजली लाइनों की समय पर मरम्मत नहीं होने के कारण ऐसे हादसे लगातार हो रहे हैं।

## सेंट एंसलम स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**फुलेरा (हुक्मनामा समाचार)।** फुलेरा-सांभर रोड स्थित सेंट एंसलम स्कूल परिसर में शनिवार को विद्यालय की प्रतिभाओं को सम्मानित करने हेतु 'प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन प्रधानाचार्य फादर शिजू की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। समारोह में विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मंच पर पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य फादर शिजू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, 'सम्मान केवल उपलब्धि का प्रतीक नहीं, बल्कि भविष्य में नई ऊंचाइयों को छूने की प्रेरणा भी है। कार्यक्रम के दौरान पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सम्मानित विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं अभिभावकों को दिया। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि 'आज का यह सम्मान आने वाले सुनहरे कल की शुरुआत है।'

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-2026 के अंतर्गत नगर परिषद सीकर का नवाचार

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-2026 के अंतर्गत नगर परिषद सीकर द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की दिशा में लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर परिषद ने शहर के विभिन्न सार्वजनिक सुलभ शौचालयों की साफ-सफाई एवं नियमित धुलाई के लिए मॉड्यूलर प्रेशर पंप का उपयोग शुरू किया है। इसके माध्यम से सार्वजनिक शौचालयों की प्रतिदिन सुबह एवं शाम दो बार विशेष सफाई और धुलाई की जा रही है, जिससे आमजन को स्वच्छ एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा प्रेशर पंप की सहायता से शौचालयों की दीवारों, फर्श, सीटों एवं आसपास के क्षेत्र की गहन सफाई की जा रही है। इस पहल से शौचालयों में स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होने के साथ-साथ दुर्गंध एवं गंदगी पर भी प्रभावी नियंत्रण हो रहा है। नगर परिषद सीकर के वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहर में स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि 'सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता सीधे शहर की छवि और नागरिक स्वास्थ्य से जुड़ी होती है।

## फब्तियां कसने वाले तीन मनचले गिरफ्तार

### फुलेरा में महिला सुरक्षा अभियान



**फुलेरा (हुक्मनामा समाचार)।** महिलाओं व छात्राओं की सुरक्षा को लेकर जयपुर ग्रामीण पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'महिला सुरक्षा संकल्प अभियान' के तहत फुलेरा कस्बे में बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने सादा वर्दी में रेलवे स्टेशन, सरकारी स्कूल व कॉलेज के आसपास डिकॉय ऑपरेशन चलाकर महिलाओं पर फब्तियां कसने वाले तीन मनचलों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद के निर्देशन में 14 मई को यह अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्ढ्ढष्ट्ठ बृजमोहन के सुपरविजन में संचालित किया गया। मानव तस्करी विरोधी यूनिट, कालिका पेट्रोलिंग टीम सांभरलेक व फुलेरा पुलिस की संयुक्त टीम ने खेल ग्राउंड व रेलवे स्टेशन क्षेत्र में निगरानी की। इस दौरान कुछ युवक राह चलती महिलाओं व छात्राओं पर फब्तियां कसते मिले। पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने वाले तीन युवकों रोहित, इंद्रजीत सैनी व मोहम्मद रफीक को पकड़कर शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियान के दौरान महिलाओं व छात्राओं को राजकॉप सिटीजन एप, स्ह्रस् फीचर तथा महिला हेल्पलाइन 1090 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। जयपुर ग्रामीण पुलिस ने स्पष्ट किया कि महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार अचानक अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भव्य कलश यात्रा से पूर्व कलश पुजा



**नवलगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** नवलगढ़ शहर में भागवत कथा से पूर्व भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गयाद्य कलश यात्रा से पूर्व बड़े गोपीनाथ जी के मंदिर में महंत मुरली मनोहर पवन ( नृसिंहजी बालाजी मंदिर पोद्दारगेट )द्वारा सपत्नीक कलश की पूजा की गई द्य कलश यात्रा गणेश जी के मंदिर के पास बड़े गोपीनाथ जी के मंदिर से शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई कथा स्थल पर बड़े ही धूमधाम के साथ पहुंची कलश यात्रा में कथावाचक आचार्य नीरज शौनक,कैलाश चोटिया श्रीकांत मुरारका महेश मिश्रा कालू पोद्दार गोविंद मिश्रा, मुरली मनोहर चोबदार,मितेश चिरानिया,राजाराम,अजय रूँथला,भानु प्रकाश छापोला, रितेश सराफ पंकज शाह, सुहित पाड़िया,प्रदीप सिंह पवार कमल पवार अर्जुन लाल सैनी लक्ष्मीकांत डोकवाल, गिरधारी लाल सैनी मुरारी इंदौरिया विमल नैंनसूखा, अनूप शर्मा प्रमोद सेन किशन सैनी एवं किरण देवी बिंदु पाटोदिया, मीरा देवी ज्योति ट्रेलर सुमित्रा देवी प्रमिला मेघा सुलोचना देवी चंदा देवी सहित सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुषों ने कलश यात्रा में भाग लिया तथा कलश यात्रा में शहर के व्यापारियों द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई साथ ही जगह-जगह पुष्प वर्षा करके कलश यात्रा का स्वागत किया गया ।

### अटल ज्ञान केन्द्र ग्रामीण युवाओं के सपनों को दे रहा नई उड़ान,जिले के बीदासर उपखंड के तेहनदेसर में विकसित किया अटल ज्ञान केन्द

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की युवा हितैषी नीतियों व दूरदर्शी सोच से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा एवं डिजिटल सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। इसी कड़ी में चूरू जिले की बीदासर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत तेहनदेसर में स्थापित अटल ज्ञान केन्द्र (पुस्तकालय) ग्रामीण युवाओं के सपनों को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। पूर्व में तेहनदेसर में 06 उच्च माध्यमिक विद्यालय (03 राजकीय व 03 निजी) एवं 0 निजी कॉलेज होने के बावजूद विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकालय जैसी आधुनिक सुविधा उपलब्ध नहीं थी। मजबूरी में युवाओं को शहरों की ओर जाना पड़ता था, जिससे आर्थिक और समय संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

## सार्वजनिक शौचालयों एवं यूरिनल्स का किया निरीक्षण

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर आशीष मोदी के निर्देशानुसार शनिवार को ज़िले के सभी निकायों में मूत्रालय, सीटीपीटी की सफाई कराई जिसके तहत नगरपालिका अजीतगढ़ क्षेत्र के समस्त सार्वजनिक शौचालयों एवं यूरिनल्स का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पालिका के अधिशाषी अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता एवं सफाई निरीक्षक द्वारा बस स्टैंड, चौमू तिराहा एवं बड़ी चौपड़ स्थित सार्वजनिक शौचालयों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान शौचालयों में साफ-सफाई की स्थिति, आवश्यक मरम्मत कार्य, पानी की उपलब्धता, नियमित रखरखाव एवं उपयोगकर्ताओं को मिलने वाली सुविधाओं की विस्तार से जांच की गई। अधिकारियों ने शौचालय परिसरों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। मौके पर स्वास्थ्य निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि सभी सार्वजनिक शौचालयों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा फीडबैक रजिस्टर संधारित किया जाए।

## तीन पर्वों का संगम मंदिरों व लोहागर पर अलसुबह से भक्तों की कतारें

### दान-पुण्य को लेकर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** ज्येष्ठ माह की भीषण गर्मी के बीच शनिवार को सिद्धपीठ श्री फतेह बालाजी धाम में बालाजी महाराज को बेल (श्रीफल) की ठंडाई का भोग लगाया गया।

इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया और बालाजी से गर्मी से राहत देने की प्रार्थना की। कंज्यूमर फेडरेशन ऑफ इंडिया की सीकर जिलाध्यक्ष तृप्ति त्रिपाठी ने बताया कि बेल की ठंडाई ठंडी तासीर वाली होती है और इसे भोग लगाने से भक्तों को विशेष फल की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर बालाजी महाराज का श्रृंगार भी विशेष रूप से किया गया।शेखावाटी अंचल के मुख्यालय सीकर में शनिवार को ज्येष्ठ बदी अमावस्या का विशेष संयोग रहा। इस दिन वट सावित्री व्रत, ज्येष्ठ अमावस्या व शनि जयंती एक साथ पड़ने से धार्मिक महत्व और भी बढ़ गया। सुबह से ही शहर के प्राचीन वट वृक्षों, मंदिरों, शनि मंदिरों और लोहागर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। महिलाओं ने सुहाग की लंबी उम्र के लिए वट सावित्री व्रत रखा, वहीं शनि दोष निवारण के लिए भक्तों ने तेल-उड़द, काले तिल, लोहे के बर्तन आदि का दान किया।वहीं शनि जयंती के अवसर पर शनि मंदिरों में विशेष अभिषेक, तेल चढ़ाने और हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया गया। ज्योतिषियों के अनुसार शनि जयंती पर किया गया दान व जप कुंडली में शनि की साढ़ेसाती या ढैय्या के प्रभाव को कम करने वाला माना गया। बाजारों में दान सामग्री की खूब बिक्री हुई। साथ ही तीर्थ स्थानों पर पितरों के निमित्त तर्पण, पिंडदान और लोहागर में स्नान को लेकर भी श्रद्धालु पहुंचे।

### उपभोक्ता हितों की सुरक्षा के लिए विभाग सख्त

# जैसलमेर में पेट्रोल पंपों पर औचक निरीक्षण अभियान

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार विभाग द्वारा विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 एवं राजस्थान विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम, 2011 के तहत जैसलमेर जिले में पेट्रोल पंपों के विरुद्ध एक व्यापक औचक निरीक्षण अभियान संचालित किया गया।

इस अभियान के तहत गठित विभागीय जांच दलों ने जिला जैसलमेर में कुल 5 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपभोक्ताओं को पेट्रोल एवं डीज़ल की कम आपूर्ति की शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए 01 पेट्रोल पंप के नोज़ल सीज किए गए। जांच में पाया गया कि मां स्वांगिया जी एनर्जी स्टेशन थईयात जैसलमेर पर एक नोजल के माध्यम से प्रति 5 लीटर आपूर्ति पर 30 मिलीलीटर तक कम पेट्रोल दिया जा रहा था।

इस पेट्रोल पंप पर प्रतिदिन लगभग 50 लीटर पेट्रोल की बिक्री होती है, जिसके आधार पर प्रतिदिन लगभग 1.5 लीटर डीज़ल की कम आपूर्ति की जा रही थी।

मासिक स्तर पर यह कमी लगभग 45 लीटर तक पहुंचती है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 4500 रुपए है। इस दौरान मां स्वांगिया जी एनर्जी स्टेशन थईयात जैसलमेर (द्वश्यष्ठ) पर विधिक माप विज्ञान अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन पाए जाने पर सुधार के लिए नोटिस जारी किया गया।

विभागीय कार्रवाई के तहत कुल 1000 रुपए का जुर्माना भी वसूला गया। आगामी दिनों में सम्पूर्ण राजस्थान में पेट्रोल पंपों की नियमित जांच जारी रहेगी एवं दोषी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा करना एवं आमजन को सही माप-तौल के साथ गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित कराना है।

## एक नजर

### सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती पर तसई में निकली भव्य शोभायात्रा



**कठूमर (हुक्मनामा समाचार)।** कठूमर उपखंड क्षेत्र के ग्राम तसई में क्षत्रिय समाज के तत्वावधान में महान योद्धा एवं वीर शिरोमणि सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 860वीं जयंती तसई क्षेत्र में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर तसई सहित आसपास के कई गांवों में भव्य शोभायात्रा एवं रैली निकाली गई, जिसमें युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे मार्ग में जयघोषों और देशभक्ति के नारों से माहौल गुंजायमान रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सम्राट पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं अतिथियों का साफा व माल्यार्पण कर सम्मान के साथ हुई। सरपंच मुकेश सिंह चौहान ने बताया कि समाज को अपने गौरवशाली इतिहास और वीरता की परंपरा से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजन किया गया। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए तसई बस स्टैंड पर मुकेश सिंह चौहान एवं बाबा ग्रुप के सहयोग से राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए ठंडे मीठे जल की व्यवस्था की गई, जिसकी लोगों ने सराहना की। आयोजन में दुर्गा सिंह, राम प्रमोद भक्त, सत्येंद्र सिंह चौहान सुडयाना, गुड्डा फौजी, अमर सिंह, श्रीचंद्र सिंह चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सर्राफा व्यापारी हत्याकांड सर्वसमाज में नाराजगी 21 सदस्यीय कमेटी गठित



**नदबई (हुक्मनामा समाचार)।** भरतपुर जिले के चर्चित नदबई सर्राफा व्यापारी हत्याकांड़ मामलें में हत्याकांड से पहले रैकी करने पर तीन आरोपी को गिरफ्तार करने व तमाम प्रयास के बावजूद मुख्य आरोपियों का सुराग नहीं लगने पर, एक बार फिर व्यापार महासंघ व सर्वसमाज की नाराजगी देखने को मिली। जब, शुक्रवार देर शाम पंजाबी मौहल्ला स्थित राम मन्दिर पर आयोजित बैठक दौरान पुलिस की ओर से महज औपचारिक कार्रवाई का आरोप लगाया वहीं, मामलें में आगामी रणनीति को लेकर 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। इससे पहले सर्वसमाज के लोगों ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड लेते हुए जांच पड़ताल करने व एसआईटी के तमाम प्रयास के बावजूद 51 दिन बाद भी मुख्य बदमाशों का सुराग नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। बाद में पुलिस व प्रशासन से आपसी समन्वय व पीड़ित परिवार को न्याय के लिए सर्र्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। गौरतलब है कि, 25 मार्च को नदबई कस्बे के पंजाबी मौहल्ला में राम मन्दिर समीप सर्राफा व्यापारी योगेन्द्र चोपड़ा उर्फ योगी की गोली मारकर हत्या के बाद अज्ञात दो बाइक सवार बदमाश जेबरात लूट कर फरार हो गए। हत्याकांड खुलासे को लेकर रेंज आईजी ने एसआईटी का गठन करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### मकान सूचीकरण व मकान गणना कार्य में रखें आपसी समन्वय, बेहतर हों फील्ड गतिविधियां : सुराणा



**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शनिवार को जिला परिषद सभागार में जनगणना- 2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य' के अंतर्गत अपने आवंटित एचएलबी में शत - प्रतिशत स्वगणना कराने वाले 90 प्रगणकों व 01 पर्यवेक्षक को प्रशस्ति— पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि जनगणना-2027 के अंतर्गत 'मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य' को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के बीच बेहतर समन्वय और प्रभावी फील्ड गतिविधियां अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक आपसी संवाद, जिम्मेदारी और टीम भावना के साथ कार्य करें।

### फायरिंग मामले में पुलिस अधीक्षक चूरु ने किया मौका निरीक्षण

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद चूरु ने आज क्षेत्र में हुई फायरिंग घटना स्थल का मौका निरीक्षण किया। वहीं दोनों गिरफ्तार आरोपियों को आज शनिवार को कोर्ट में बापर्दा पेश किया गया जहां से उन्हें जैसी कर दिया गया है। दोनों आरोपियों को गत दिवस बापर्दा गिरफ्तार कर चूरू से रतनगढ़ लेकर पुलिस पहुंची । उल्लेखनिय है कि शहर के वार्ड नंबर 21 में निवर्तमान पार्षद राजेन्द्र बबेरवाल के घर पर गुरुवार को हुई थी फायरिंग। जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद ने बताया कि इस संबंध में तीन मामले दर्ज हुए हैं। पुलिस आरोपियों की आगे व पीछे की चैन से जुड़े व्यक्तियों की जानकारी जुटाने में जुटी हुई है। यह लोग डरे हुए हैं और डर के कारण विदेशों में बैठे हुए। पैसों की खातिर यह ऐसे गलत तरीके कार्य कर रहे। इनसे डरे नहीं कोई भी जानकारी आपके पास है तो पुलिस को बताये। पुलिस प्रशासन आपके साथ खड़ा है।

मुख्य सचिव ने किया भामाशाह टेक्नो हब का दौरा

विकसित राजस्थान @ 2047 के विजन को गति देंगे तकनीक आधारित नवाचार

# भामाशाह टेक्नो हब में आधुनिक सुविधाओं से स्टार्टअप्स को मिल रहा सशक्त मंच-मुख्य सचिव





**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शनिवार को झालाना, जयपुर स्थित भामाशाह टेक्नो हब का दौरा कर वहां संचालित स्टार्टअप्स, इनक्यूबेशन सेंटर तथा वहां किए जा रहे नवाचारों का अवलोकन किया। उन्होंने युवा आंत्रप्रेन्योर्स से संवाद कर उनके स्टार्टअप्स, नवाचारों एवं कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने भामाशाह टेक्नो हब में मिल रही आधुनिक सुविधाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने इन्क्यूबेशन सेंटर, स्टार्टअप्स को उलब्ध करवाए जा रहे सीटिंग स्पेस, टिंकरिंग लैब, स्लीपिंग पॉड्स, कॉन्फ्रेंस हॉल, जिम्नेजियम, कैफेटेरिया आदि सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्य सचिव ने इस अवसर पर युवा आंत्रप्रेन्योर्स को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकसित राजस्थान 2047 के निर्माण में तकनीक आधारित नवाचार महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा संचालित आईस्टार्ट कार्यक्रम इस लक्ष्य की पूर्ति में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि तकनीक, उत्कृष्टता एवं नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म्स के माध्यम से राजस्थान देश का अग्रणी राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही युवाओं की नवाचार क्षमता एवं तकनीकी दक्षता प्रदेश को आत्मनिर्भर एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायक सिद्ध होगी। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में नवाचार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है, जिससे स्टार्टअप्स को आगे बढ़ने के व्यापक अवसर प्राप्त हो रहे हैं। आने वाले दिनों में इसे और गति दी जाएगी। उन्होंने STEM (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथेमेटिक्स) शिक्षा को बढ़ावा देने, स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़े विभागों के साथ लिंकेज बनाने और इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ अधिक से अधिक एंगेजमेंट के अवसर प्रदान करने के निर्देश दिए।

### स्टार्टअप संचालकों से किया संवाद

इस दौरान मुख्य सचिव ने परिवहन सुविधा आधारित स्टार्टअप Office Glider, सस्टेनेबल फैशन आधारित CoasterBox तथा परफॉर्मेंस मार्केटिंग आधारित Intent Metric जैसे कई स्टार्टअप्स के नवाचारों की जानकारी ली। उन्होंने टिंकरिंग लैब का निरीक्षण कर 3-डी प्रिंटिंग की जानकारी ली तथा आरकेसीएल (राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड) के विद्यार्थियों से संवाद किया। इसी प्रकार उन्होंने एवीजीसी इन्क्यूबेशन लैब में VYUGXR स्टार्टअप (वर्चुअल रियलिटी) द्वारा विकसित स्पेक्टेकल्स आधारित यूनिक डिस्प्ले तकनीक अनुभव किया।

### आईस्टार्ट राज्य सरकार का सफल मॉडल

मुख्य सचिव ने कहा कि अब स्टार्टअप्स को क्यूरेट कर अगले स्तर तक ले जाने की आवश्यकता है, ताकि वे रोजगार सृजन कर आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन के प्रभावी माध्यम बन सकें। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स की भी जिम्मेदारी है कि वे ऐसा नवाचार आधारित इकोसिस्टम तैयार करें, जो युवाओं को नए अवसर उपलब्ध कराए तथा राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अधिकाधिक सेवाएं फिजिकल प्लेटफॉर्म से ई-प्लेटफॉर्म की ओर स्थानांतरित हो रही हैं, क्योंकि डिजिटल माध्यम बेहतर प्राइवेसी एवं डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इसी दिशा में आईस्टार्ट राज्य सरकार का ऐसा सफल मॉडल है, जिसने प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति को नई पहचान दी है।



## मोदी के काफिले में कटौती पर भड़के कई सुरक्षा विशेषज्ञ

### पीएम की सुरक्षा से 'समझौते' को बताया देशहित के खिलाफ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने सुरक्षा काफिले का आकार घटाने के फैसले ने देश में नई बहस छेड़ दी है। एक ओर इसे ईंधन बचत और सादगी का संदेश माना जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कई पूर्व पुलिस अधिकारियों, खुफिया एजेंसियों के वरिष्ठ पदाधिकारियों और सुरक्षा विशेषज्ञों ने इसे प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चिंता का विषय बताया है। उनका कहना है कि मौजूदा वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा परिस्थितियों में प्रधानमंत्री की सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जा सकता।रॉ के पूर्व सचिव सामंत गोयल ने इस निर्णय पर चिंता जताते हुए कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा माहौल अत्यंत अस्थिर और संवेदनशील है।उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले देशों में भी शीर्ष नेताओं पर हमलों की घटनाएं हो चुकी हैं। भारत के खिलाफ सक्रिय कई आतंकी और शत्रुतापूर्ण तत्व लगातार साजिशें रच रहे हैं, विशेषकर पड़ोसी देश से प्रायोजित आतंकी गतिविधियां अब भी गंभीर खतरा बनी हुई हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था को कम करने की बजाय और मजबूत करने की जरूरत है। सामंत गोयल ने कहा कि आज सुरक्षा खतरों का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। ड्रोन और दूर से निशाना साधने वाली अत्याधुनिक बंदूकों जैसे खतरे सामने आ चुके हैं। उनका मानना है कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा का लगातार पुनर्मूल्यांकन किया जाना चाहिए और सुरक्षा घेरे को और सुदृढ़ बनाया जाना चाहिए।

## नितिन गडकरी को धमकी भरे फोन करने के मामले में अदालत ने आतंकवाद विरोधी कानून के तहत दो लोगों को दोषी ठहराया

**नई दिल्ली।** नागपुर की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को दो व्यक्तियों को 2023 में कर्नाटक की जेल से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को धमकी भरे फोन करने के आरोप में पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार के शर्मा ने कुख्यात अपराधी जयेश पुजारी उर्फ कंथा और आतंकी आरोपी अफसर पाशा को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और सख्त गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराया और सजा सुनाई। दोनों फिलहाल नागपुर की केंद्रीय जेल में बंद हैं। अदालत ने उन्हें आईपीसी की धारा 385 और 387 (जबरन वसूली के लिए किसी व्यक्ति को जान से मारने या गंभीर चोट पहुंचाने का डर दिखाना), 506 (2) और 507 (आपराधिक धमकी), 34 (सामान्य इरादा), साथ ही यूएपीए की धारा 10 (गैरकानूनी संगठन का सदस्य होना), 13 (1) (गैरकानूनी गतिविधियों में भाग लेना) और 18 (आतंकवादी कृत्य करने की साजिश, उकसाना या प्रेरित करना) के तहत दोषी पाया।

हालांकि, अदालत ने उन्हें यूएपीए की धारा 20 (आतंकवादी कृत्य में शामिल आतंकवादी गिरोह या संगठन का सदस्य होना) के तहत बरी कर दिया। उन्हें विभिन्न धाराओं के तहत दो से पांच साल तक के कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई गई। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।



## धमकी और भड़काऊ भाषण देने पर अभिषेक बनर्जी पर एफआईआर

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने के आरोप में पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज किए जाने के बाद टीएमसी सांसद डोला सेन ने विश्वास व्यक्त किया कि सत्य और न्याय की जीत होगी। सेन की टिप्पणियों से एक दिन पहले, 15 मई को बिधाननगर उत्तर साइबर अपराध पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें आरोप लगाया गया है कि बनर्जी ने राजनीतिक रैलियों और चुनाव प्रचार के दौरान भड़काऊ, धमकी भरे और उत्तेजक भाषण दिए, जिससे हिंसा भड़की, शत्रुता को बढ़ावा मिला और जन शांति भंग हुई। शिकायतकर्ता, राजीव सरकार ने मार्च और अप्रैल के बीच महेशतला, आरामबाग, हरिंघाटा और नंदीग्राम में बनर्जी द्वारा दी गई रैलियों के भाषणों का जिक्र किया, जिनमें उन्होंने कथित तौर पर विपक्षी कार्यकर्ताओं को धमकी दी और आक्रामक भाषा का प्रयोग किया जिससे सार्वजनिक अव्यवस्था और राजनीतिक अशांति पैदा होने की संभावना थी। बताया जाता है कि ये टिप्पणियां बनर्जी के आधिकारिक फेसबुक हैंडल, 'अभिषेक बनर्जी ऑफिशियल' और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से की गई थीं। पत्रकारों से बात करते हुए सेन ने कहा कि अंतिम फैसला हमेशा न्याय, सत्य और जनता के हाथ में होता है। इसलिए, हम दृढ़ता से मानते हैं कि इस मामले में भी अंतिम फैसला सत्य, न्याय और आम जनता के पक्ष में ही होगा।

स्पीकर देवनानी ने विधान सभा में किये अनेक नवाचार

## विधान सभा के 75 वर्ष के अवसर पर होगा प्रतीक चिन्ह का विमोचन और विधान सभा के ऐतिहासिक द्वारों का नामकरण

**राजस्थान विधान सभा के यूट्यूब चैनल @Rajasthan Vidhan Sabha पर होगा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण**

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया है कि राजस्थान विधान सभा की स्थापना के 75 वें वर्ष के अवसर पर विधान सभा के प्रतीक चिन्ह का विमोचन और विधान सभा के ऐतिहासिक द्वारों के नामकरण की पट्टिकाओं का अनावरण विधान सभा में सोमवार 18 मई को होगा।

विधायक कक्ष में सोमवार को प्रातः 10:30 बजे आयोजित होने वाले इस समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल सहित विधायक गणों को आमंत्रित किया गया है। समारोह का सजीव प्रसारण विधानसभा के यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा।

**विधान सभा में नवाचारों की श्रंखला**

सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के स्पीकर वासुदेव देवनानी ने गत ढाई वर्षों में राजस्थान विधान सभा में बेहतरीन पहलें कर नवाचारों की श्रंखला बना दी हैं। इससे राजस्थान विधान सभा की देश में अनूठी पहचान बनी है। यह विधान सभा देश की सर्वश्रेष्ठ विधान सभा भी बन गई है। देवनानी ने गुलाबी नगर की पहचान के अनुरूप विधान सभा सदन के स्वरूप में नवाचार कर उसे गुलाबी किया है। विधान सभा की डिजिटल एवं पेपरलेस व्यवस्था, डिजिटल संग्रहालय, संविधान दीर्घा, वंदेमातरम दीर्घा, लोगों को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जोड़ने के लिए जनदर्शन कार्यक्रम. शौर्य वाटिका, नक्षत्र वाटिका, हर्बल वाटिका, ऑनलाइन उपस्थिति, विधान सभा में महिला दिवस जैसे आयोजनों ने विधान सभा को नई पहचान दी है। उत्तरदायित्व की प्रश्नोत्तरी, सेन्ट्रल हॉल की परिकल्पना, विधान सभा सदन में चर्चा का समय बढ़ा, सुरक्षा हुई चाक चौबन्द, सोशल मीडिया इन्फ्लुएसर्स मीट और कॉन्स्टिटयूशन क्लब को बनाया विचार-विमर्श का केन्द्र सहित अनेक नवाचारों से राजस्थान विधान सभा के स्वरूप में अदभुत निखार आ गया है।

## राजस्थान में 3200 मेगावाट बिजली खरीद योजना पर रोक

**विद्युत रेगुलेटरी आयोग ने नहीं दी मंजूरी, कहा- पहले जरूरत का नया अनुमान तैयार करें**


**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में 3200 मेगावाट कोयला आधारित बिजली खरीदने की बड़ी योजना को राजस्थान विद्युत रेगुलेटरी आयोग ने फिलहाल मंजूरी नहीं दी है। आयोग ने कहा है कि राज्य को भविष्य में वास्तव में कितनी अतिरिक्त बिजली की जरूरत होगी, इसका नए सिरे से विस्तृत अनुमान तैयार करना जरूरी है।

आयोग ने कहा कि पहले से प्रस्तावित थर्मल और न्यूक्लियर प्रोजेक्ट, ग्रीन एनर्जी और बैटरी स्टोरेज जैसी व्यवस्थाओं को ध्यान में रखे बिना इतनी बड़ी बिजली खरीद का फैसला नहीं लिया जा सकता। यह मामला राजस्थान ऊर्जा विकास एवं आईटी सर्विसेज लिमिटेड की उस योजना से जुड़ा है, जिसमें राज्य की डिस्कॉम कंपनियों के लिए 25 साल तक 3200 मेगावाट (4×800 मेगावाट) कोयला आधारित राउंड द क्लॉक बिजली खरीदने की अनुमति मांगी गई थी। कंपनी ने दावा किया था कि आने वाले सालों में राजस्थान में बिजली की भारी कमी हो सकती है, इसलिए अभी से लंबी अवधि की तैयारी जरूरी है। हालांकि आयोग ने पहले इस प्रस्ताव को खारिज करते हुए CEA से नई समीक्षा कराने को कहा था। अब रिव्यू पिटीशन पर फैसला देते हुए भी आयोग ने वही रुख बरकरार रखा है। आरईआरसी ने अपने आदेश में कहा कि राजस्थान समेत पूरे देश में तेजी से ग्रीन एनर्जी यानी सौर और अन्य ऊर्जा का उपयोग बढ़ रहा है।

## कूनो का चीता करौली के मासलपुर जंगल में पहुंचा

**करौली।** मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क से निकला एक चीता अब राजस्थान के करौली जिले के मासलपुर क्षेत्र के जंगलों में पहुंच गया है। वन विभाग की टीम लगातार उसकी गतिविधियों पर नजर रख रही है। करीब एक सप्ताह पहले यह चीता चंबल नदी पार कर मंडरायल क्षेत्र में दाखिल हुआ था। इसके बाद कुछ दिनों तक उसका मूवमेंट धौलपुर इलाके में देखा गया। बीती रात चीते की लोकेशन मासलपुर क्षेत्र के खेड़ा नाका के समीप जंगल में ट्रेस की गई।

॥ पुण्यस्मरण ॥



(17 मई, 2021)



(19 मई, 2021)

हमारे पथ प्रदर्शक और मार्गदर्शक आदरणीय
मरहूम हाजी मो. सईद खान साहब
(संस्थापक - अंजुम एक्सट्रैक्शन प्रा. लि., निम्बाहेड़ा)
एवं मरहूमा हज्जन परवीन खान
की पंचम पुण्यतिथि पर हार्दिक श्रद्धासुमन अर्पित करते है।
श्रद्धावनत
समस्त परिवारजन एवं स्टॉफगण
अंजुम एक्सट्रैक्शन प्राइवेट लि., निम्बाहेडा

अमेरिका ने ईरान में पायलटों को बचाने के लिए किया था इस्तेमाल

## भारत में तैयार हुआ पहला ट्रांसपोर्ट विमान, देखने पहुंची वायुसेना




**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की ताकत और मेक इन इंडिया के सपने को एक बड़ी उड़ान मिलने जा रही है। जहां भारत में पहली बार मेड इन इंडिया सी295 मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट तैयार हो चुका है। खबर वडोड्रा से सामने आई है। जहां पर टाटा एडवांस सिस्टम लिमिटेड यानी टीएसएल की फैसिलिटी में भारत का पहला अपना सी295 मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट अब लगभग तैयार हो चुका है। इसकी अहमियत इतनी बड़ी है कि खुद भारतीय वायुसेना के डिप्टी चीफ एयर मार्शल अवधदेश कुमार भारती इसका मुआयना करने वडोदरा पहुंचे हैं। दरअसल टाटा एडवांस सिस्टम लिमिटेड यानी टीएसएल की फैक्ट्री में इस विमान की फाइनल असेंबली को पूरा कर लिया गया है और अब यह विमान अपने पहली उड़ान परीक्षण यानी कि मेड इन फ्लाइट टेस्ट के लिए तैयार है। भारतीय वायुसेना के डिप्टी चीफ एयर मार्शल अवधदेश कुमार भारती जो अपने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रेस ब्रीफिंग के लिए खूब सराहे गए। वह खुद वडोड्रा पहुंचे और उन्होंने सी295 की फाइनल असेंबली लाइन का दौरा किया। 40 विमानों में से पहले विमान का उत्पादन भारत के निजी एयरोस्पेस क्षेत्र में एक ऐतिहासिक क्षण होगा। यह पहली बार है जब किसी भारतीय निजी कंपनी ने पूर्ण पैमाने पर सैन्य विमान उत्पादन लाइन स्थापित और संचालित की है, जिससे इस रणनीतिक क्षेत्र में सरकारी स्वामित्व वाली एचएएल के दशकों पुराने एकाधिकार का अंत हो रहा है। गौरतलब है कि सी295 वही विमान मॉडल है जिसे अमेरिकी वायु सेना ने ईरान से पायलटों को निकालने के लिए अपने लड़ाकू खोज और बचाव अभियान में तैनात किया था।

हाल ही में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के वडोदरा स्थित संयंत्र में एक एयरबस सी295 विमान को हैंगर से बाहर निकालते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। हालांकि, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स, एयरबस या भारत सरकार की ओर से विमान की परिचालन तत्परता या सटीक रोलआउट समय-सीमा के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

CMYK

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जिले भर में हुई जनजागरण और एंटी-लार्वा गतिविधियां, जिला स्तरीय दल पहुंचा शोभासर गांव

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर शनिवार को जिले भर के स्वास्थ्य केंद्रों, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक स्तर पर एंटी-लार्वा और जनजागरण गतिविधियां आयोजित की गईं। इस वर्ष अभियान की थीम 'डेंगू नियंत्रण के लिए जनभागीदारी; जांच करें, साफ करें और ढकें' के तहत आमजन को जागरूक किया गया। इसी क्रम में डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ. लोकेश गुप्ता जिला स्तरीय टीम के साथ शोभासर गांव पहुंचे, जहां विभिन्न क्षेत्रों में सघन अभियान चलाया गया। **शोभासर गांव में सघन अभियान और समझाइश:** जिला स्तरीय दल द्वारा शोभासर गांव के प्रमुख मंदिरों, चौपालों, चौकों और बस स्टैंड आदि सार्वजनिक क्षेत्रों में सघन एंटी-लार्वा गतिविधियां संचालित की गई और ग्रामीणों को समझाइश दी गई। इसके साथ ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शोभासर में एक विशेष कार्यशाला आयोजित कर विद्यार्थियों तथा स्टाफ को डेंगू रोग के कारण और निवारण की विस्तृत जानकारी दी गई। **मच्छर के जीवन चक्र और गंबूशिया मछली का प्रदर्शन:** कार्यशाला में डॉ. लोकेश गुप्ता, डाटा मैनेजर प्रदीप चौहान तथा सहायक मलेरिया अधिकारी अशोक व्यास ने मौके पर गंबूशिया मछली और मच्छरों के लार्वा का प्रदर्शन कर बेहद रोचक तरीके से मच्छर नियंत्रण को समझाया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि डेंगू बुखार चितकबरी धारियों वाले मादा एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है, जिसे 'टाइगर मच्छर' भी कहा जाता है। यह मच्छर केवल साफ पानी में अंडे देता है। उन्होंने अंडे से लेकर वयस्क मच्छर बनने के सात दिवसीय जीवन चक्र को समझाते हुए कहा कि यदि हम हर सात दिन में रुके हुए साफ पानी को हटा दें या सूखा दें, तो इस चक्र को तोड़ा जा सकता है। **हर रविवार मनाएं 'ड्राई डे', पक्षियों के परिंडे और कबाड़ की करें सफाई:** डॉ. गुप्ता ने सभी बच्चों और ग्रामीणों से अपील की कि वे हर रविवार की सुबह को 'ड्राई डे' के रूप में मनाएं और अपने घर व आस-पड़ोस में ठहरे हुए पानी के स्रोतों को साफ कर सुखाएं। प्रदीप कुमार चौहान ने घर और आसपास पानी जमा होने वाले प्रमुख 25 स्थानों को चिन्हित करते हुए विशेष रूप से फ्रिज की ट्रे, एसी के पाइप, छत पर रखे कबाड़, टायर और पक्षियों के परिंडों की नियमित सफाई पर जोर दिया। **चिकित्सक की सलाह से ही लें दवा:** उन्होंने बताया कि मानसून से पहले इस सूखे मौसम में यदि एंटी-लार्वा गतिविधियां कर ली जाएं, तो मानसून के बाद डेंगू के प्रसार की संभावना बेहद कम हो जाती है। डॉ. गुप्ता ने स्वास्थ्य सलाह देते हुए कहा कि डेंगू बुखार में सामान्यतः पैरासिटामोल का उपयोग होता है, इसलिए लक्षण दिखने पर चिकित्सक को दिखाकर जांच कराएं। बिना डॉक्टरी सलाह के स्वयं एंटीबायोटिक या अन्य दवाइयां लेना नुकसानदायक हो सकता है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य आशा खत्री, जीएनएम जावेद, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी किरण, एएनएम मुकेश कुमारी, आशा सहयोगिनी रुकमा सहित विद्यालय स्टाफ और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हार्ट के लिए पांच सुपरफूड्स: अपने हृदय को रखें मजबूत: रितिका समद्दर

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** आज की तेज़-रफ्तार ज़िंदगी में खराब जीवनशैली और प्रोसेस्ड फूड्स पर बढ़ती निर्भरता के कारण उच्च कोलेस्ट्रॉल, हाई ब्लड प्रेशर और अन्य हृदय संबंधी समस्याएँ आम होती जा रही हैं। हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने की शुरुआत सही पोषण से होती है, और बादाम, मछली, फैटी फिश, हरी पत्तेदार सब्जियाँ, दालें तथा फल जैसे पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को आहार में शामिल करना महत्वपूर्ण अंतर ला सकता है। मैक्स हेल्थकेयर में रीजनल हेड - डायटेटिक्स, रितिका समद्दर ने कुछ ऐसे हृदय-हितैषी खाद्य पदार्थों कैलिफोर्निया बादाम, मछली, हरी पत्तेदार सब्जियाँ, दालें और फलियाँ, फल के बारे में बताया है, जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और लंबे समय तक शरीर को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। इन हृदय-हितैषी खाद्य पदार्थों को अपनी रोज़मर्रा की दिनचर्या में शामिल करना बेहतर हृदय स्वास्थ्य की दिशा में एक सरल लेकिन प्रभावी कदम है। प्रोसेस्ड फूड्स की जगह पोषक तत्वों से भरपूर आहार चुनने जैसी छोटी-छोटी आदतें कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर और हृदय की कार्यक्षमता को बेहतर बनाए रखने में बड़ा अंतर ला सकती हैं। आज हृदय स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना भविष्य में एक स्वस्थ और सक्रिय जीवन की नींव रख सकता है।

## शक्ति प्रेस लिमिटेड ने विस्तार योजनाओं के लिए फंड एकत्रित करने हेतु ?49.28 करोड़ के राइट्स इश्यू की घोषणा की

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सेंट्रल इंडिया में प्रिंटिंग और पैकेजिंग उद्योग में उभरती हुई कंपनी शक्ति प्रेस लिमिटेड अपने विस्तार योजनाओं के लिए फंड एकत्रित करने हेतु राइट्स इश्यू के माध्यम से लगभग ?49.28 करोड़ जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी के शेयर 14 मई, 2026 को लगभग 26.85 प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे थे, जबकि राइट्स इश्यू की इश्यू प्राइस ?20 प्रति शेयर है। राइट्स इश्यू में 10 फेस वैल्यू वाले अधिकतम 2,46,41,400 फूल पेइड-अप इक्विटी शेयर शामिल हैं, जिनका कुल मुल्य लगभग ?49.28 करोड़ है। इस इश्यू से प्राप्त राशि का उपयोग कंपनी की विस्तार योजनाओं को समर्थन देने और उसकी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। यह राइट्स इश्यू 7:1 के एंटाइटलमेंट रेशियो में पेश किया जा रहा है (प्रत्येक 1 इक्विटी शेयर पर 7 राइट्स शेयर)। कंपनी इस इश्यू से प्राप्त राशि का उपयोग स्ट्रेटेजीक ग्रोथ और विस्तार पहलों के लिए करने का प्रस्ताव रखती है।

# बीएनआई आईएनसी 2026 का हुआ शानदार आगाज़, देशभर से जुटे हजारों बिज़नेस लीडर्स

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बीएनआई आईएनसी (इंडिया नेशनल कॉन्फ्रेंस) 2026 के पहले दिन का आगाज़ भव्य उद्घाटन और शानदार कार्यक्रमों के साथ हुआ। सुबह 10 बजे एक्सपो एरिया में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया, जिसके बाद देशभर से आए सदस्यों के लिए नेशनल चैप्टर मीट्स आयोजित हुईं।देशभर से आए हजारों उद्यमियों, बिज़नेस प्रोफेशनल्स और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स ने इस मेगा नेटवर्किंग इवेंट में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रेरणादायक उद्घाटन समारोह और विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई।

आयोजन स्थल पर ऊर्जा और उत्साह का माहौल देखने को मिला।बीएनआई आईएनसी 2026 के पहले दिन की सबसे खास बात रही प्रतिभागियों के बीच हाई-एनर्जी नेटवर्किंग और नए सहयोगों की शुरुआत।




बीएनआई आईएनसी 2026 का पहला दिन नेटवर्किंग, सम्मान और प्रेरणा से भरपूर रहा। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने इसे 'सीखने, जुड़ने और आगे बढ़ने का शानदार मंच' बताया। बीएनआई इंडिया दुनिया का सबसे बड़ा बिज़नेस नेटवर्किंग और रेफरल ऑर्गनाइज़ेशन है, जो 76 देशों में काम करता है और दुनिया भर में इसके 11,728 चैप्टर में 355,500 से ज़्यादा मेंबर हैं। अकेले पिछले 12 महीनों में, ख्रहृ मेंबर्स ने दुनिया भर में 17.9 मिलियन रेफरल के ज़रिए स्8 26 बिलियन का बिज़नेस किया।दुनिया भर में बीएनआई के सबसे तेज़ी से बढ़ते बाज़ारों में से एक बना हुआ है।

अप्रैल 2026 तक, बीएनआई इंडिया के 143 शहरों में 1,498 चैप्टर में 72,000 से ज़्यादा सदस्य हैं, जो 'गिवर्स गेन' (देने वालों को मिलता है) के सिद्धांत पर आधारित देश के सबसे मज़बूत पेशेवर बिज़नेस नेटवर्किंग इकोसिस्टम में से एक का निर्माण कर रहे

## कोटगेट पुलिस की बड़ी कार्रवाई, -जिला स्तरीय हार्डकोर अपराधी को किया गिरफ्तार -दर्ज है 22 प्रकरण

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** संगठित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोटगेट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने जिला स्तर पर चयनित हार्डकोर अपराधी रतनसिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर गैंग बनाकर अवैध वसूली, फायरिंग कर डराने-धमकाने सहित कई संगठित अपराधों में शामिल होने के आरोप हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक बीकानेर रेंज ओमप्रकाश के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा द्वारा संगठित अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर चक्रवर्ती सिंह राठौड़ के नेतृत्व तथा सीओ सिटी अनुज डाल के सुपरविजन में कोटगेट थानाधिकारी ने थाना स्तर पर विशेष टीम गठित की। कोटगेट पुलिस थाने में दर्ज प्रकरण में वांछित आरोपी रतनसिंह पुत्र आसूसिंह राजपूत निवासी पलाना को तकनीकी साक्ष्यों और आसूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी पुलिस थाना देशनोक का हिस्ट्रीशीटर तथा जिला स्तर का हार्डकोर अपराधी बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार आरोपी गैंग बनाकर सिंडिकेट के रूप में लगातार अपराध करने का आदी है। उसके खिलाफ बीकानेर सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों में संगीन धाराओं में कई मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से विस्तृत पूछताछ और अनुसंधान कर रही है।

## भूमि विकास बैंक के संचालक मंडल में चार नए सदस्य नियुक्त, एससी, महिला एवं सामान्य वर्ग को प्रतिनिधित्व




**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** भूमि विकास बैंक के संचालक मंडल में रिक्त पड़े पदों को अधिनियम की धारा 27(4) के तहत उसी वर्ग के सदस्यों से भर दिया गया है। यह नियुक्तियां संचालक मंडल की गणपूर्ति एवं मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना 2025-26 के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से की गई हैं।बैंक के अध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि नवनियुक्त सदस्यों में चार प्रतिनिधि शामिल हैं। इनमें अनुसूचित जाति वर्ग से सुमित्रा देवी पत्नी विजयपाल (चिरानियाँ), निवासी भैरूपुरा; महिला वर्ग से पूनम पुजारी पुत्री पवन कुमार पुजारी, निवासी लक्ष्मणगढ़; सामान्य वर्ग से पवन कुमार शर्मा पुत्र रामेश्वर शर्मा, निवासी मलिकपुर तथा महेंद्र सिंह सुंडा पुत्र रिछपाल सिंह, निवासी कूदन को संचालक मंडल का सदस्य मनोनीत किया गया है।इन नियुक्तियों से संचालक मंडल में विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व बढ़ने तथा योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की उम्मीद जताई जा रही है।

## सुमंगलम हॉस्पिटल में योगाभ्यास कराया



**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय सुमंगलम हॉस्पिटल नियमित प्रातः 6 बजे से योग कक्षा का संचालन वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा के निर्देशन में किया जा रहा है। योगाचार्य पवन जोशी के मार्गदर्शन में योग साधक सूक्ष्म क्रियाएं, योगासन ,जॉगिंग व प्राणायाम का नियमित अभ्यास कर रहें है। पवन जोशी ने बताया कि वर्तमान समय में योग की महती आवश्यकता है, इससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहते है। आज शनिवार को योगाभ्यास में सुरेंद्र चूलेट, पंकज गौड़,अरविंद शर्मा, पूनम कम्मा, रजत, अमित स्वामी, प्रभुदयाल सैनी, ममता शर्मा, चंदा सोनी, मीना, चंचल शर्मा सहित दर्जनों पुरुष महिलाओं ने भाग लिया। उपस्थित साधकों को नि:शुल्क गिलोय रस का सेवन करवाया गया।

## 33/11 जीएसएस कठूमर कि विद्युत सप्लाई रविवार को 4 घंटे रहेगी बाधित

**कठूमर अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** 16 मई कठूमर विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता भुवनेश कौशिक के अनुसार 33 / 11 केवी जीएसएस कठूमर से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडर की विद्युत सप्लाई दिनांक 17.5.2026 रविवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक 33 / 11 जीएसएस पर 33 एवं 11 केवी मेन बस आइसोलेटर के जंपरिंग एवं वीसीबी के कार्य के कारण विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। विभाग के कर्मचारी सोनू चौधरी ने जानकारी दी।

## नीट परीक्षा को लेकर हंगामा, छात्र सुसाइड व पेपर लीक के मुद्दे पर कलेक्ट्रेट के बाहर धरना

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** नीट 2026 परीक्षा के बढ़ते विवादों और पेपर लीक के आरोपों के बीच, सीकर में शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट के बाहर एक तीखा प्रदर्शन देखने को मिला। एक युवा प्रदीप माहीच समर्थकों ने 'नीट पर न्याय दो' का नारा लगाते हुए कलेक्टेड के बाहर धरना दिया। इस दौरान आरोप लगाया कि नीट पेपर लीक और अनियमितताओं के कारण कई प्रतिभावान छात्र जीवन के संघर्ष में कुचले जा रहे हैं। हाल ही में हुए नीट छात्र की आत्महत्या के मामले को उठाते हुए कहा कि




यह परीक्षा प्रणाली की नाकामी का सबूत है। धरना स्थल पर कहा कि सरकार को तत्काल नीट पेपर लीक की उच्च स्तरीय जांच करानी चाहिए और दोषियों को सजा देनी चाहिए। धरना स्थल पर मौजूद प्रदर्शनकारियों ने पूरे मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी की।

## एचडीएफसी लाइफ ने 4,596 करोड़ रुपए का बोनस घोषित किया, भागीदारी पॉलिसीधारकों को लगातार वैल्यू देने का रिकॉर्ड कायम रखा



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** देश की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में शामिल एचडीएफसी लाइफ ने 16 अप्रैल 2026 को आयोजित कंपनी की बोर्ड बैठक में 4,596 करोड़ रुपए के बोनस की घोषणा की है। कंपनी का यह अब तक घोषित किया गया सबसे बड़ा बोनस है। इसका फायदा 22.2 लाख भागीदार (पार्टिसिपेटिंग) पॉलिसीधारकों को लाभ मिलेगा। यह कंपनी की अपने पॉलिसीधारकों को सर्वोपरि रखने, निरंतर प्रदर्शन और बेहतर वित्तीय प्रबंधन को दर्शाता है।घोषित कुल बोनस में से अनुमानित 3,761 करोड़ रुपए का भुगतान वित्त वर्ष 2026-27 में मैच्योरिटी या सर्वाइवल भुगतान के रूप में किया जाएगा। शेष बोनस पॉलिसीधारकों के खाते में जोड़ा जाएगा। यह पॉलिसी की शर्तों एवं नियमों के अनुसार भविष्य में देय होगा। यह कंपनी की वित्तीय मजबूती तथा परिचालन स्थिरता का एक प्रमुख संकेतक माना जाता है। वर्षों से एचडीएफसी लाइफ ने बेहत विविधता से भरे निवेश पोर्टफोलियो और ग्राहक सर्वोपरि रखने के नजरिए के समर्थन से बोनस घोषणा का मजबूत रिकॉर्ड बनाए रखा है।

## एडीजे की पदोन्नति पर कस्बे मे खुशी की लहर
## असफलता से प्रेरणा लेकर सफलता प्राप्त करे, उद्देश्य प्राप्ति के लिए पर्याप्त मेहनत आवश्यक : दत्तात्रेय

**भुसावर (हुक्मनामा समाचार)।** भुसावर कस्बे के जैन गली निवासी राजीव दत्तात्रेय,का न्यायिक सेवा में एसीजेएम से भवानी मण्डी भालावाड अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ( एडीजे) पद पर पदोन्नत होने पर पहली वार भुसावर पधारे । परिजनों , अखिल भारतीय शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन सहित अनेक समाज सेवी सामाजिक संस्थाओं ने सम्मान किया। कस्बे के जैन गली स्थित दत्तात्रेय निवास पर आयोजित सादा समारोह में न्यायाधीश दत्तात्रेय ने कहा कि असफलता से मायूस नहीं होना चाहिए, असफलता से हमें सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिये। यही सफलता की सीढ़ी बनती है। उद्देश्य प्राप्ति के लिए पर्याप्त महनत आवश्यक है। राजीव दत्तात्रेय कस्बे के सर्वसमाज के शुभचिंतक रामशरण शर्मा ( बच्चू बाबूजी) के छोटे पुत्र है। इनके भतीजे एवं भतीजिया डाक्टर हैं व एमबीबीएस कर रहे हैं। इस अवसर पर रामशरण शर्मा, भोजेश शर्मा, दिनेश शर्मा, अखिल भारतीय शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान संयोजक यतेन्द्र पाण्डेय् , रमेश चन्द सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## सड़क हादसे में महिला की मौत

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले में नोखा उपखंड के पांचू थाना क्षेत्र के चिताना गांव के समीप आज शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में वृद्ध महिला की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक बाइक ने महिला को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के तुरंत बाद घायल महिला को उपचार के लिए नोखा के बागड़ी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सरपंच प्रतिनिधि श्रवण राम ने बताया कि मटका की पहचान साधुना गांव निवासी मीरा पत्नी सुगनाराम जाट उम्र 60 वर्ष के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कारवाई शुरू कर दी है।

## भूढ़ावाली में बनेगा महिला थाना, नगर परिषद ने 7 हजार वर्गमीटर जमीन दी
### बजट घोषणा के बाद प्रक्रिया पूरी, आवंटन पत्र सौंपा



**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** खैरथल में महिला सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। नगर परिषद ने बूढ़ावाली क्षेत्र में महिला पुलिस थाने के निर्माण के लिए 7000 वर्गमीटर भूमि निशुल्क आवंटित की है। नगर परिषद की और से जारी आदेश के अनुसार यह भूमि राजस्थान भू-आवंटन नीति 2025 के तहत राजकीय कार्य हेतु दी गई है। यह आवंटन नगर परिषद स्वामित्व वाले खसरा नंबर 2073 में से किया गया है। इस संबंध में आवंटन पत्र महिला थाना एएसआई को सौंप दिया गया। नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा ने महिला थाना एएसआई को भूमि आवंटन पत्र सौंपते हुए कहा कि नए भवन के निर्माण से महिलाओं को बेहतर पुलिस सुविधाएं और सुरक्षित वातावरण मिलेगा। गौरतलब है कि वर्तमान में महिला थाना जिला मुख्यालय खैरथल में पेहल रोड स्थित यादव धर्मशाला में संचालित हो रहा है। स्थायी भवन बनने के बाद महिला थाना आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जिससे महिला संबंधित मामलों के निस्तारण में भी तेजी आएगी।

## जिला परिवहन विभाग ने सीज किए 25 ट्रैक्टर

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के सो-मोटो पिटीशन के आधार पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा गठित एसआईटी ने कार्रवाई करते हुए 25 ट्रैक्टरों को सीज किया है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि जिला कलेक्टर निधि बी टी एवं जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में धौलपुर पुलिस के सहयोग से संयुक्त अभियान चलाकर वाणिज्यिक वाहनों पर जीपीआरएस नहीं लगा होने के कारण उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई है। विभाग द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए विशेष जांच दल गठित कर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। परिवहन अधिकारी ने बताया कि जांच दल द्वारा हाउसिंग बोर्ड चौकी, पुलिस थाना दिहौली, राजाखेड़ा, बरेठा एवं पुलिस थाना सदर क्षेत्र में एक साथ सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों की अनदेखी कर संचालित वाहनों की जांच की गई तथा जिन वाहनों पर नंबर अंकित नहीं थे, उन पर मौके पर ही नंबर अंकित कराए गए। अभियान के दौरान कई वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने, वैध दस्तावेज साथ रखने एवं सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने बताया कि बिना जीपीआरएस एवं आवश्यक दस्तावेजों के संचालित वाणिज्यिक वाहनों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर कल म्यूजियम में स्कूली बच्चों का फ्री प्रवेश

**नवलगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** नवलगढ़ कस्बे के मंडी गेट स्थित शेखा म्यूजियम में 18 मई को अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में शेखावाटी क्षेत्र के स्कूली बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर इंटैक गवर्निंग काउंसिल के सदस्य, विवाना होटल के डायरेक्टर एवं शेखा म्यूजियम के निदेशक अतुल खन्ना ने बताया कि शेखावाटी के स्कूलों के बच्चों के लिए म्यूजियम में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। म्यूजियम में बच्चों को शेखावाटी की हवेलियों की विशेषताओं, उनकी वास्तुकला, भित्तिचित्रों तथा क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। म्यूजियम के कर्मचारी राहुल परिहार ने बताया कि बच्चों के लिए संगीत का विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिससे उन्हें शेखावाटी की सांस्कृतिक परंपराओं को निकट से समझने और अनुभव करने का अवसर मिलेगा।

स्कूल के साथ आने वाले अध्यापक अपने विद्यालय का लेटरहेड अवश्य साथ लेकर आएं। इसके अतिरिक्त सभी बच्चों को अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के महत्व एवं उसके इतिहास के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।



## एरिया डॉमिनेशन अभियान के तहत एक को शांति भंग व तीन को गिरफ्तार वारंट में किया गिरफ्तार।

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद मीणा द्वारा चलाए जा रहे एरिया डॉमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जमवारामगढ़ थाना पुलिस ने थाना प्रभारी भगवान सहाय मीणा के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में वांछित चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

# भाजपा बीकानेर शहर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ

## जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत भाजपा बीकानेर शहर जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ 16 मई से हुआ। यह दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग भाजपा शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन को मजबूत बनाने एवं कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य करते हैं। प्रशिक्षण स्थल पर भाजपा की गौरवशाली यात्रा, संगठन विस्तार एवं राष्ट्र निर्माण में पार्टी की भूमिका को दर्शाती प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रेरणादायी चित्रों के माध्यम से पार्टी की वैचारिक एवं संगठनात्मक यात्रा को प्रदर्शित किया गया। उद्घाटन सत्र में कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने 'हमारा वैचारिक अधिष्ठान - एकात्म मानव दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं पंच निष्ठा' विषय पर कार्यकर्ताओं को भाजपा की मूल विचारधारा से अवगत कराया। द्वितीय सत्र में प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल ने 'भाजपा का इतिहास एवं विकास' विषय पर संगठन की संघर्ष यात्रा एवं विस्तार पर प्रकाश डाला। तृतीय सत्र में संगठन जिला प्रभारी ओम सारस्वत ने 'कार्यकर्ता विकास - गुण, आचरण और अपेक्षाएं' विषय पर अनुशासन एवं संगठनात्मक व्यवहार की जानकारी दी। चतुर्थ सत्र में विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने 'कार्य पद्धति' विषय पर संगठनात्मक कार्यों के प्रभावी संचालन को लेकर मार्गदर्शन दिया। पंचम सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने 'कार्य विस्तार' विषय पर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। अंतिम सत्र में प्रदेश प्रवक्ता भवानी पाईवाल ने 'सोशल मीडिया, मीडिया, नई तकनीक (एआई) एवं प्रभावी सूचना तंत्र' विषय पर डिजिटल माध्यमों के सकारात्मक उपयोग की जानकारी दी। मीडिया संयोजक कमल गहलोत ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक सिद्धि कुमारी, जेठानंद व्यास, जिला प्रभारी जालम सिंह भाटी, सत्यप्रकाश आचार्य, देवकिशन मारु, अखिलेश प्रताप सिंह,



सुशीला कंवर राजपुरोहित, नारायण चोपड़ा, मोहन सुराणा, संपत पारीक, अशोक कुमार मीणा, रमजान अब्बासी, वर्ग जिला संयोजक श्याम सिंह हाडला, जिला महामंत्री राजेंद्र पंवार, एडवोकेट डवोकेट कौशल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष दीपक पारीक, मोतीलाल हर्ष, अशोक प्रजापत, भूपेंद्र शर्मा, सरिता नाहटा, सोहन प्रजापत, किशन मोदी, जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, सुनीता हटीला, झमकू देवी, किशन चौधरी, तरुण स्वामी, विनोद करोल, रामचंद्र सोनी, जिला कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सोशल मीडिया संयोजक चंद्रप्रकाश गहलोत, मंजुषा भास्कर, आईटी सेल संयोजक सुशील आचार्य, कार्यालय मंत्री चोरूलाल सुथार, सह कार्यालय मंत्री राम कुमार व्यास, प्रवक्ता जोगेंद्र शर्मा, विनोद धवल, मोर्चा अध्यक्ष चंद्रमोहन जोशी, राजाराम सिंगड, मंडल अध्यक्ष प्रकाश मेघवाल, मुकेश सैनी, देवरूप सिंह, धर्मपाल डूडी, नरेंद्र सिंह आबड़सर, प्रेम गहलोत, विशाल गोलछा, दिनेश चौहान एवं कपिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आयुक्त ईजीएस ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत चल रहे विकास कार्यों का आयुक्त ईजीएस ग पुष्पा सत्यानी ने शनिवार को पंचायत समिति पांचू क्षेत्र में निरीक्षण किया। ग सत्यानी ने ग्राम पंचायत जेगला एवं जयसिंहदेसर मगरा में नर्सरी विकास, पौधारोपण और सरकारी कार्यालय परिसर में पौधारोपण संबंधी कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए पौधों के संरक्षण और नियमित सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कार्यस्थलों पर श्रमिकों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का निरीक्षण भी किया। अधिकारियों को निर्देशित किया कि मनरेगा के सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएं।



साथ ही जनहित के कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने पर विशेष ध्यान रखने को कहा। इस दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी दी तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता धीरसिंह गोदारा, अधिशाषी अभियंता ईजीएस अशोक गहलोत, विकास अधिकारी पांचू जसवंत विश्नोई, सहायक अभियंता सदासुख, कनिष्ठ तकनीकी सहायक सीताराम गोदारा, विनोद लालवानी, शंकरलाल सहित अन्य कार्मिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सिकंदरा चौराहे पर एलिवेटेड रोड की मांग को लेकर सांसद ने कलेक्टर व एनएचएआई चेयरमैन से की चर्चा



**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-21 स्थित सिकंदरा चौराहे पर प्रस्तावित फ्लाईओवर को लेकर स्थानीय व्यापारियों की चिंता अब प्रशासनिक स्तर तक पहुंच गई है। दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ जिला कलेक्टर से मुलाकात कर पारंपरिक फ्लाईओवर के स्थान पर पिलर आधारित एलिवेटेड रोड बनाने की मांग उठाई ।सांसद मीणा ने कहा कि सिकंदरा चौराहा क्षेत्र का पुराना और प्रमुख व्यापारिक केंद्र है। यदि यहां पारंपरिक फ्लाईओवर बनाया गया तो बाजार दो हिस्सों में बंट जाएगा, जिससे स्थानीय व्यापार पर गंभीर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की रोजी-रोटी बचाने के लिए एलिवेटेड रोड ही बेहतर विकल्प है ।मामले की गंभीरता को देखते हुए सांसद ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के चेयरमैन संतोष कुमार यादव से फोन पर बातचीत कर जमीनी स्थिति से अवगत कराया। चेयरमैन ने प्रोजेक्ट की डीपीआर पर पुनर्विचार का आश्वासन दिया है ।इधर, जिला कलेक्टर ने भी एनएचएआई के स्थानीय प्रोजेक्ट डायरेक्टर से चर्चा कर व्यापारियों की समस्या को प्राथमिकता से देखते हुए तकनीकी समाधान निकालने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन का प्रयास है कि विकास कार्य भी प्रभावित न हो और स्थानीय बाजार भी सुरक्षित बना रहे।

## कोडमदेसर तालाब के जीर्णोद्धार एवं सफाई अभियान का आगाज आज से

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर से लगभग 25-30 किलोमीटर दूर आस्था के प्रमुख केन्द्र कोडमदेसर भैरूनाथ बाबा मंदिर के पीछे स्थित सैकड़ों वर्ष पुराना ऐतिहासिक तालाब आज उपेक्षा के चलते सूख चुका है। तालाब के सूखने के साथ ही इसकी दीवारें भी जर्जर अवस्था में पहुंच गई हैं, जिससे भविष्य में मंदिर परिसर पर भी खतरा उत्पन्न होने की आशंका जताई जा रही है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए कम्यूनिटी वेलफेयर सोसायटी द्वारा तालाब के जीर्णोद्धार एवं व्यापक सफाई अभियान का निर्णय लिया गया है। सोसायटी के अध्यक्ष कन्हैयालाल भाटी ने बताया कि यह प्राचीन तालाब वर्षों से असंख्य जीव-जंतुओं एवं जनमानस की प्यास बुझाने का प्रमुख स्रोत रहा है। उन्होंने कहा कि कोडमदेसर धाम की पहचान रहे इस तालाब की वर्तमान स्थिति अत्यंत चिंताजनक है तथा इसकी सुध लेना प्रत्येक श्रद्धालु एवं समाजसेवी का दायित्व है। सोसायटी के संरक्षक राजकुमार किराडू ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार, 17 मई 2026 को प्रात: 10 बजे तालाब जीर्णोद्धार एवं सफाई अभियान का शुभारम्भ किया जाएगा। इस अभियान में धर्मप्रेमी बंधुओं, युवाओं एवं सामाजिक संगठनों से अधिकाधिक संख्या में जुड़कर श्रमदान एवं तन-मन-धन से सहयोग करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक तालाब नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, आस्था और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। सामूहिक जनसहयोग से इस ऐतिहासिक धरोहर को पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया गया है। अधिक जानकारी एवं सहयोग हेतु मोबाइल नंबर 9950105087 पर संपर्क किया जा सकता है।

## श्रीमद भागवत कथा के समापन पर हुआ हवन एवं भंडारे का आयोजन

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** डीग के गाँव उमरा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा का समापन हवन और भंडारे के साथ हुआ ! इस दौरान भक्त व श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुति दी वहीं ग्रामवासियों सहित 13 गाँवों की सरदारी हजारों भक्त व श्रद्धालुओं और साधु संतों ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान कथा व्यास श्याम बिहारी शास्त्री ने श्रीमदभागवत में वर्णित समस्त कथाओं का सारगर्भित वर्णन करते हुए ज्ञान भक्ति और वैराग्य के सुंदर प्रसंगों का वर्णन किया ! वहीं कथा व्यास ने यदुवंशियों का संहार भगवान कृष्ण का बैकुंठधाम को गमन कृष्ण सुदामा चरित्र दत्तात्रेय जी के 24 गुरुओं की कथा 9 योगेश्वरों का राजा जनक को उपदेश आदि कथाओं का वर्णन



किया ! वहीं कथा व्यास ने भगवान श्री कृष्ण व सुदामा चरित्र का वर्णण करते हुए बताया कि आज की मित्रता दिखावा एवं स्वार्थ की रह गई है जहां स्वार्थ सिद्ध होने पर के पश्चात मित्र दूसरे मित्र को बीच राह में छोड़ देते हैं वहीं अ%छी संगति व मित्रता करने की बात कही ! उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को नशे की पड रही है युवा नशे की ओर अग्रसर हो रहे हैं वहीं नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए व्यास ने कहा कि आज नई पीढी के युवा वर्ग कई प्रकार के नशे की ओर अग्रसर हो रहे हैं जिससे वें स्वयं के साथ साथ अपने घर परिवार और समाज को दूषित कर रहे हैं तथा युवाओं के नशे की लत में पडने से परिजनों को आर्थिक नुकसान का भी सामना करना पड रहा है ! कथा व्यास शास्त्री ने समाज को स्वस्थ और स्व%छ होने को प्रेरित करते हुए नशे से हमेशा दूर रहने की अपील की है !

इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों सहित मंदिर महंत साधु संतों सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे !

**सघन नाकाबंदी अभियान**

# शराब पीकर वाहन चलाने,बिना नंबर प्लेट और यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

**पीलीबंगा (हुक्मनामा समाचार)।** क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विशेष सघन नाकाबंदी अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व एसआई वीरचंद ने किया।

इस दौरान पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जांच की और यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान विशेष रूप से शराब पीकर वाहन चलाने वालों, बिना नंबर प्लेट के वाहन संचालित करने वालों तथा यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले चालकों की जांच की गई। पुलिस ने कई वाहनों को रुकवाकर दस्तावेजों की जांच की और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चालान की कार्रवाई भी की। नाकाबंदी अभियान में एएसआई प्रशांत, कांस्टेबल नानक लोहिया सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस टीम ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग की अपील की। साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने और निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने के निर्देश भी दिए गए। एसआई वीरचंद ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक



की जिम्मेदारी है और नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सीताराम भवन में श्री राम कथा अमृतोत्सव आज से

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** सीताराम गेट के अंदर सीताराम भवन में रविवार से 24 मई तक दोपहर साढे बारह बजे से सवा तीन बजे तक व शाम चार बजे से साढ़े छह बजे तक श्री रामकथा अमृतोत्सव होगा। कथा का वाचन विवेचन सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित पुरुषोतमजी व्यास ''मीमांसक'' करेंगे। श्रीराम कथा अमृतोत्सव का आयोजन पुष्पा देवी सोमानी धर्मपत्नी प्रभु भक्त, समाज सेवी स्वर्गीय सीताराम एवं समस्त सोमानी परिवार की ओर से करवाया जा रहा है। आयोजन से जुड़े किशन बाबू सोमानी व गौरी शंकर सोमानी ने बताया कि संगीतमय कथा के प्रारंभ में रविवार को सुबह साढ़े दस बजे गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकलेगी, जो सीताराम भवन के आस पास के क्षेत्रों से होते हुए वापिस आरंभिक स्थल पहुंचेगी। कथा दोपहर साढ़े बारह बजे अभिजीत मुर्हूत में शुरू होगी। संगीतमय कथा स्थल पर नियमित कथा के प्रसंगों के अनुसार सचेतन झांकियां प्रदर्शित की जाएगी व भक्ति गीत गाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उनका परिवार जनहित व पुण्यार्थ अनेकबार भागवत कथा व अन्य सार्वजनिक धर्म चेतना के आयोजन करवा चुका है। पुरुषोत्तम माह में होने वाली कथा की तैयारियों को शनिवार को अंतिम रूप् दिया गया । कथा स्थल पर देवी देवताओं के मूर्तियां स्थापित की गई। श्रोताओं की सुविधा के लिए कूलर, पेयजल व अल्पाहार आदि की व्यवस्था रहेगी। पंडित पुरुषोतमजी व्यास ''मीमांसक'' ने बताया कि पुरुषोतम माह में परमात्मा के प्रति समर्पित होकर अनन्य भाव से प्रभु भक्ति करके, परमात्मा को अपना तथा अपने को परमात्मा का मानकर जप,तप, साधना-आराधना व भक्ति करने से पापों का क्षय होता है तथा पुण्यों की प्राप्ति होकर मोक्ष का मार्ग मिलता है। अनेक हिन्दू धर्मग्रंथों में पुरुषोत्तम माह की महिमा का वर्णन मिलता है।

उन्होंने कहा कि कथा के दौरान अध्यात्म रामायण, रामचरितमानस सहित देश में प्रचलित 108 रामायणों के प्रेरणादायक कुछ प्रसंगों का समावेश किया जाएगा।

## हत्या का इनामी आरोपी गिरफ्तार, 15 हजार का था इनाम

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** जिले की बालाहेड़ी थाना पुलिस ने हत्या के सनसनीखेज मामले में फरार चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी घटना के बाद लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था ।यह कार्रवाई थानाधिकारी सत्यनारायण के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने आरोपी को दबोचने में सफलता पाई ।पुलिस के अनुसार 15 मार्च 2026 को पुरानी रंजिश के चलते मांगू सिंह पर जानलेवा हमला किया गया था। वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था, तभी रोहिताश मीणा, सोनू मीणा और 10-12 अन्य लोग तीन गाड़ियों में सवार होकर पहुंचे और उसे बाहर निकालकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। हमले में गंभीर घायल हुए मांगू सिंह को जयपुर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई ।मामले में पुलिस पहले ही 5 आरोपियों और 3 विधि से संघर्षरत बालकों को पकड़ चुकी है। वहीं मुख्य आरोपी अंकुश मीणा उर्फ अलेक्स घटना के बाद से फरार चल रहा था, जिस पर एसपी द्वारा 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था ।लगातार तलाश के बीच कांस्टेबल भागीरथ सिंह की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अंकुश मीणा उर्फ अलेक्स पुत्र सुरेश मीणा निवासी टीकरी जाफरान, थाना महवा को गिरफ्तार कर लिया ।फिलहाल पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है।

## कन्या महाविद्यालय टपूकड़ा में जल संरक्षण एवं जीव-जंतुओं के बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**खैरथल (हुक्मनामा समाचार) ।** राजकीय कन्या महाविद्यालय टपूकड़ा में भीषण गर्मी एवं बढ़ते जल संकट को देखते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत जल संसाधनों के संरक्षण तथा पक्षियों एवं पशुओं के बचाव को लेकर एक विशेष जागरूकता व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं आमजन में पर्यावरण संरक्षण, जल बचत तथा जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना रहा। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. मनोज चोपड़ा ने व्याख्यान के दौरान कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। लगातार गिरते भूजल स्तर, बढ़ती गर्मी तथा जल की बर्बादी आने वाले समय के लिए गंभीर चुनौती है। यदि समय रहते जल संरक्षण के प्रभावी उपाय नहीं अपनाए गए तो भविष्य में पेयजल संकट और अधिक गहरा सकता है। वक्ता डॉ दीपिका शर्मा और मनीष कुमार ने छात्राओं को वर्षा जल संचयन, पानी का सीमित एवं सही उपयोग, घरों में पानी बचाने के उपाय तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को 'जल है तो कल है' के संदेश को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

**जहांगीरपुर में खाटूश्याम जागरण, भजनों की धुन पर थिरके श्रद्धालू**

## खाटूश्याम की सजी आकर्षक झांकी, श्रद्धालुओं ने की विधिवत पूजा अर्चना



**नदबई (हुक्मनामा समाचार)।** नदबई क्षेत्र के गांव जहांगीरपुर में शुक्रवार देर रात श्री श्याम सखा मंडल समिति के तत्वाधान में चतुर्थ श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें आधा दर्जन से अधिक कलाकारों ने आकर्षक झांकियों के बीच भजनों की प्रस्तुति करते हुए श्रद्धालुओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इससे पहले शेरसिंह सैनी ने विधिवत दीप प्रज्वलित करते हुए संकीर्तन महोत्सव का शुभारम्भ हुआ।

बाद में पकज कटारा, विष्णू बृजवासी, कविता फौजदार, सोहन सिंह बृजवासी सहित अन्य कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति करते हुए श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं, श्रद्धालुओं ने भी जयघोष के बीच पूजा-अर्चना करते हुए खुशहाली की कामना की।

समारोह दौरान श्याम बाबा का दिव्य दरबार लगाया गया। शनिवार सुबह विधिवत पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई।

इस दौरान समिति पूर्व सरपंच सुरेन्द्र सिंह, गंभीर सिंह, अशोक बंजारा, चन्दर सिंह, कल्लू सरपंच, चन्द्रशेखर सीएच आदि मौजूद रहे।